जनादेश: तीन राज्यों में बदलीं सरकारें, असम-पुडुचेरी में सत्ता बरकरार

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 ▸▸ अंक 216 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 05 मई, 2026
▸▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2083
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

5 राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे

पश्चिम बंगाल : भाजपा पहली बार सत्ता में

पार्टी	सीट (अंतर)
भाजपा	206 (+129)
टीएमसी	81 (-135)
अन्य	6 (+6)

बहुमत : 148 — 293/294

तमिलनाडु : अभिनेता विजय का उभार

पार्टी	सीट (अंतर)
टीवीके	107 (+107)
अन्नाद्रमुक+	53 (-22)
द्रमुक+	74 (-85)

बहुमत : 118 — 234/234

असम: एनडीए की लगातार तीसरी जीत

पार्टी	सीट (अंतर)
भाजपा+	102 (+27)
कांग्रेस+	21 (-29)
अन्य	3 (+2)

बहुमत : 64 — 126/126

केरलम : 10 साल बाद यूडीएफ की वापसी

पार्टी	सीट (अंतर)
यूडीएफ	99 (+58)
एलडीएफ	35 (-64)
एनडीए	3 (+3)

बहुमत : 71 — 140/140

पुडुचेरी : भाजपा की पकड़ और मजबूत

पार्टी	सीट (अंतर)
एनडीए	18 (+2)
कांग्रेस+	6 (-2)
अन्य	6 (0)

बहुमत : 16 — 30/30

प. बंगाल में ममता की विदाई तमिलनाडु में विजय की एंट्री

● केरल में यूडीएफ की वापसी ● असम में हिमंता की हैट्रिक ● पुडुचेरी में बदला संतुलन

नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई/गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी, जेएनएन। सोमवार को आए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे कई मामलों में ऐतिहासिक रहे। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस 15 साल बाद सत्ता से बाहर हो गई, तो केरल में यूडीएफ की 10 साल बाद सत्ता में वापसी हुई। इसके साथ ही देश में वामपंथी राजनीति की भी सत्ता से विदाई हो गई। अब देश के किसी राज्य में वामपंथी दलों की सत्ता नहीं है।

खास बात यह भी रही कि जहां-जहां भाजपा की सरकारें थीं, वहां सत्ता विरोधी लहर नहीं रही, लेकिन गैर भाजपा शासित राज्यों में एंटी इंकम्बैंसी ने सरकारें बदल दीं। असम और पुडुचेरी में सरकारें नहीं बदलीं, जबकि तमिलनाडु, केरल और बंगाल में सत्ता परिवर्तन हुआ है। हालत यह हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन अपनी सीट भी नहीं बचा सके और सीएम रहते हुए सीट हारने वाले दुर्लभ नेताओं में शुमार हो गए। तमिलनाडु में अभिनेता विजय की टीवीके की जीत भी चौंकाने वाली रही। सबसे बड़ा उलटफेर पश्चिम बंगाल में देखने को मिला, जहां भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 207 सीटों पर बढ़त या जीत दर्ज की है। यह परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने 215 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत हासिल किया था। इस बार टीएमसी 80 के आसपास सीटों तक सिमटती दिखी।

तमिलनाडु में इस चुनाव ने इतिहास रच दिया। अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने अपने पहले ही बड़े चुनाव में 100 से अधिक सीटों पर बढ़त बनाकर द्रविड़ राजनीति के दशकों पुराने वर्चस्व को चुनौती दी। डीएमके का प्रदर्शन अपेक्षा से कमजोर रहा, जबकि एआईएडीएमके भी निर्णायक भूमिका में नहीं दिखी। ऐसे में विजय का उभार केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि एक नए राजनीतिक विमर्श की शुरुआत माना जा रहा है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) दस साल बाद सत्ता में वापसी करता दिखा। 140 सदस्यीय विधानसभा में यूडीएफ 100 से अधिक सीटों पर बढ़त बनाकर स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ा। दूसरी ओर लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) को बड़ा झटका लगा। कई मंत्री अपनी सीटें हार गए और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) को अपने पारंपरिक गढ़ों में भी नुकसान हुआ। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन हालांकि अपनी सीट बचाने में सफल रहे, लेकिन गठबंधन की हार ने उनकी राजनीतिक रणनीति पर सवाल खड़े किए।असम में हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में एनडीए ने लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी। भाजपा और उसके सहयोगियों एजीपी और बीपीएफ ने मिलकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। सरमा ने अपनी जालुकबाड़ी सीट पर भारी बढ़त बनाई और लगातार जीत का सिलसिला कायम रखा।

अपने परिधानों के लिए चर्चा में रहने वाले प्रधानमंत्री पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद जब भाजपा कार्यालय पहुंचे तो वे बंगाली धोती और कुर्ते में नजर आए। ऐतिहासिक जीत पर मोदी ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी और पांचों राज्यों की जनता का अभिनंदन किया। (विस्तृत ख़बर पेज 8 पर)

दिग्गज जिनकी हार-जीत ने चौंकाया

जीते

प्रादुत बोरदोलोई
असम
49667 से जीते

उदयनिधि
तमिलनाडु
7140 से जीते

अग्निमित्रा पॉल
पश्चिम बंगाल
40839 से जीतीं

पिनाराई विजयन
केरल
19247 से जीते

ए. जोन कुमार
पुडुचेरी
2371 से जीते

निशिष्ठ प्रमाणिक
पश्चिम बंगाल
57090 से जीते

हारे

ममता बनर्जी
पश्चिम बंगाल
15105 से हारीं

एम.के. स्टालिन
तमिलनाडु
8795 से हारे

अधीर रंजन
पश्चिम बंगाल
17548 से हारे

वीणा जार्ज
केरल
18985 से हारीं

एल. मुरुगन
तमिलनाडु
14627 से हारे

गौरव गोगोई
असम
23182 से हारे

"बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा का माहौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं।

– **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

"भाजपा ने 100 से ज्यादा सीटों की लूट की है। भाजपा ने धोखाधड़ी की है। चुनाव आयोग अब भाजपा आयोग बन गया है। हमने समय-समय पर इसकी शिकायत की है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। भाजपा की जीत अनैतिक है। उन्होंने जोर-जबरदस्ती से एसआईआर किया। काउंटिंग एजेंटों को गिरफ़्तार किया। हम वापसी करेंगे।

– **ममता बनर्जी,** तृणमूल प्रमुख

"पश्चिम बंगाल और असम में ऐतिहासिक विजय जन-जन के विश्वास और राष्ट्रवादी सोच की जीत है। अंग, बंग और कलिंग हर दिशा में भाजपा का परचम लहराया है। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और फिर टीएमसी शासन में बंगाल देश में पिछड़ा। पश्चिम बंगाल में जो दुरवस्था थी, यह उसका प्रतिकार है। ममता दीदी को उनकी निर्ममता की कीमत चुकानी पड़ी।

– **डॉ मोहन यादव,** मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

पश्चिम बंगाल

2021 में भी भाजपा ने पश्चिम बंगाल में जो आधार तैयार किया था, उसे इस बार और मजबूत किया और जीत हासिल की।

- **सत्ता विरोधी लहर:** 15 साल के शासन के बाद ममता सरकार के खिलाफ व्यापक असंतोष दिखा, खासकर स्थानीय नेताओं के व्यवहार को लेकर।
- **विपक्षी वोटों का एकजुट होना:** कांग्रेस और वाम दल कमजोर रहे, जिससे टीएमसी विरोधी वोट सीधे भाजपा को मिले।
- **मजबूत संगठन और माइक्रो मैनेजमेंट:** बूथ स्तर तक फैले अभियान, घर-घर संपर्क और आक्रामक प्रचार ने भाजपा को बढ़त दिलाई।
- **सामाजिक ध्रुवीकरण और नैरेटिव:** कुछ क्षेत्रों में धार्मिक व सामाजिक ध्रुवीकरण और 'बदलाव' का नैरेटिव भाजपा के पक्ष में गया।

तमिलनाडु

द्रविड़ राजनीति के बीच बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के विजय ने तमिलनाडु समेत देश को चौंकाया है।

- **एंटी-द्रविड़ राजनीति का उभार:** द्रमुक और अन्नाद्रमुक से अलग विकल्प की तलाश में मतदाता द्रविड़ राजनीति से जुदा नए विकल्प की ओर गए।
- **विजय की लोकप्रियता:** फिल्मी स्टारडम और युवा कनेक्शन ने उन्हें तेजी से तमिलनाडु के हर हिस्से में जनसमर्थन दिलाया।
- **नए और साफ-सुथरे चेहरे:** टीवीके ने स्थानीय और गैर-राजनीतिक चेहरों को टिकट देकर भरोसा जीता।
- **आक्रामक और नया कैम्पेन स्टाइल:** टीवीके ने डिजिटल, ग्राउंड और इमोशनल अपील का मिश्रण किया और इसके जरिये मतदाताओं को खुद से जोड़ने में पार्टी सफल रही।

पुडुचेरी

केंद्र शासित प्रदेश में केंद्र और स्थानीय सत्ता के समीकरण ने अपनी पकड़ और मजबूत की है। यहां विपक्ष बिखरा रहा।

- **सत्तारूढ़ गठबंधन की पकड़:** स्थानीय स्तर पर सरकार की पकड़ मजबूत बनी रही, जिससे मतदाताओं ने विकल्प की तलाश नहीं की।
- **विपक्ष का बिखराव:** विपक्षी दल एकजुट नहीं हो पाए, जिससे वोट बंट गए और इसका सीधा फायदा भाजपा नीत एनडीए सरकार को मिला।
- **छोटे राज्य का समीकरण:** कम सीटों वाले राज्य में छोटे अंतर भी बड़ा फर्क डालते हैं। इसलिए यहां कई सीटों पर जीत का मार्जिन कम रहा है।
- **केंद्र का प्रभाव:** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चूंकि ज्यादातर योजनाएं केंद्र से जुड़ी हैं, इसलिए सत्तारूढ़ भाजपा का असर स्थानीय राजनीति पर दिखा।

असम

हिमंता सरमा नार्थ ईस्ट में भाजपा के नए पोस्टर बॉय हैं और जीत की हैट्रिक ने उनकी राष्ट्रीय पहचान को मजबूत किया।

- **मजबूत नेतृत्व और स्थिरता:** हिमंता बिस्व सरमा की व्यक्तिगत छवि और निर्णायक नेतृत्व बड़ा फैक्टर रहा।
- **विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर:** सड़क, कनेक्टिविटी और निवेश जैसे मुद्दों पर सरकार को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।
- **गठबंधन की मजबूती:** असम गण परिषद (एजीपी) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) जैसे सहयोगियों के साथ भाजपा का मजबूत सामाजिक समीकरण बना।
- **कमजोर विपक्ष:** असम में कांग्रेस आंतरिक गुटबाजी और कमजोर संगठन के कारण प्रभावी चुनौती नहीं दे सकी। खुद गौरव गोगोई भी चुनाव हार गए।

केरलम

पांच साल में सत्ता परिवर्तन का जो सिलसिला पिछली बार टूटा था, वह इस बार फिर सामने आया है।

- **एंटी-इनकंबेंसी फैक्टर:** दो कार्यकाल के बाद वाम मोर्चे की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार के खिलाफ नाराजगी साफ दिखी।
- **कांग्रेस का मजबूत कैम्पेन:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठित और आक्रामक प्रचार किया, जिसने सत्ता के खिलाफ लोगों को एकजुट किया।
- **सामाजिक गठबंधन की मजबूती:** यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को मुस्लिम लीग और अन्य सहयोगियों का मजबूत समर्थन मिला।
- **सत्ता परिवर्तन की परंपरा:** केरल में हर पांच साल बाद चुनाव में सत्ता बदलने का ट्रेंड रहा है, पिछली बार यह टूटा था, अब फिर लौट आया है।

अघोषित बिजली कटौती बनी लोगों के लिए सिर दर्द

जागरण, रीवा। शहर सहित समीपस्थ अंचलों में इन दिनों की जा रही अघोषित बिजली कटौती सिर दर्द बनती जा रही है। बिजली वितरण कंपनी द्वारा कभी भी बिजली बंद कर दी जाती है, खासकर दोपहर में की गई कटौती से लोग मारे गर्मी के परेशान हो कंपनी की सेवाओं को कोसते रहते हैं, दिन में बिजली काटने के साथ ही रात्रि में भी बिजली काट दी जाती है। शहर के बाहरी क्षेत्रों के साथ ही सबसे अधिक परेशान समीपस्थ अंचलों के रहवासी हैं, जहां घंटों बिजली कटौती की जा रही है। ग्राम बनकुइयां, दुआरी, इटौरा आदि के लोगों ने बताया कि बिजली कब आएगी और कब बंद कर दी जाएगी कोई भी नहीं बता सकता, पिछले सप्ताह जब बारिश हुई थी उस समय कई गांव पूरी रात अंधेरे में रहे, मौसम साफ रहता है तब भी बिजली कटौती कर दी जाती है, रात्रि के समय लोग अपनी खेतीबाड़ी आदि का कार्य करके चैन से सोने के प्रयास में रहते हैं, किन्तु अचानक बिजली बंद कर दिए जाने से लोगों की नींद उचट जाती है, जिससे लोग रात्रि में तो परेशान होते हैं साथ ही नींद पूरी न होने से अगला दिन भी खराब होता है। कटौती का समय यदि घोषित कर दिया जाए तो लोग उस हिसाब से अपनी दिनचर्या बना लें, किन्तु अघोषित कटौती से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

सुबह से शाम तक होती रही तेज बूंदाबांदी

जागरण, रीवा। जिले में बीते सोमवार की अल सुबह से बादलों की पहरेदारी बढ़ी और अचानक बारिश होने लगी, हालांकि कुछ घंटों बाद मौसम फिर बदल गया, धूप निकली और एक बार फिर गर्मी का एहसास होने लगा। कई जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई और कहीं रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी होती रही। सोमवार की शाम अचानक तेज हवाएं चलने लगीं। शहर के कई हिस्सों में हवाओं के साथ कभी हल्की तो कभी कुछ तेज बूंदाबांदी हुई। इसी तरह आंचलिक क्षेत्रों में भी सोमवार को दिनभर बादल छाये रहे और कहीं हल्की वर्षा तो कहीं बूंदाबांदी हुई, इतना ही नहीं कई जगहों पर ओले गिरने की सूचना भी सामने आई है। इस प्रकार सोमवार को पूरे दिन आसमान में बादल गहराते रहे। दोपहर को कुछ घंटों के लिए धूप निकली लेकिन वह फिर बादलों में ओझल हो गई। आसमान में बादलों के होने से अभी वर्षा की आशंका बनी हुई है। माना जा रहा है कि अगले दो-तीन दिन जिले में बादलों की आवाजाही हो सकती है। साथ में, हल्की वर्षा की सम्भावना भी बनी हुई है।

तापमान में हुआ उलटफेर : शहर से लेकर गांव तक हवाओं के साथ वर्षा होने से फिजाओं में थोड़ी ठण्डक बढ़ गई। विशेषकर गांवों में रात के वक्त ठण्ड का अहसास होने लगा। लिहाजा तापमान में भी बदलाव हुआ। बताया गया कि सोमवार को दिन का तापमान अधिक 38 डि.से. दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 25.2 डि.से. पर कायम हुआ। आसमान साफ होने पर जिले के तापमान में फिर तेजी से बदलाव होगा।

नहीं हटाया खुले में पड़ा गेहूं, रात में हुई बारिश से भीगा : शहर सहित समीपस्थ खरीदी केन्द्रों में से अधिकांश खरीदी केन्द्रों में खरीदा गया गेहूं खुले आसमां के तले ही पड़ा है, जो बारिश में भीग रहा है। गत गुरुवार को हुई बारिश के दौरान भी टनों गेहूं खुले में ही पड़ा था, जो बारिश में भीग गया, किन्तु इसके बाद भी जिम्मेदारों ने खरीदा गया गेहूं वहां से परिवहन करवाने की जहमत नहीं उठाई, सोमवार तड़के अचानक हुई बारिश में बाहर रखी गेहूं की बोरियां भीग गईं, सोमवार शाम फिर से हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, किन्तु इसके बाद भी गेहूं नहीं हटाया जा रहा, जानबूझकर गेहूं गीला कर रहे जिम्मेदार कहीं शराब कंपनियों को उपकृत करने की फिराक में तो नहीं? अधिकतर शराब कंपनियां शराब, बीयर आदि अनाज को सड़ाकर बनाती हैं, खरीदी केन्द्रों में प्रतिवर्ष समय पर परिवहन न कर जानबूझकर उन्हें खुले में रखा जाता है, गत वर्ष भी टनों गेहूं गीला हो गया था, इस वर्ष भी यही हालात देखने को मिल रहे हैं। जानकारों की मानें तो खरीदी करने वाले किसानों से गेहूं की खरीदी तो कर लेते हैं, किन्तु उसकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं। अनाज गीला होने के बाद जब सड़ जाता है तो उसे ओने-पौने दाम में शराब कंपनियों को बेच दिया जाता है, जिन्हें तैयार माल मिल जाता है और वे इसका उपयोग शराब, बीयर निर्माण में कर लेते हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण : 10 तक आ सकती है टीम, पब्लिक फीडबैक से बढ़ेगी रैंकिंग

काउंटडाउन शुरु, कई जिलों में टीम ने डाला डेरा, अब रीवा की बारी

जागरण,रीवा

देश के सबसे बड़े स्वच्छता संग्राम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। प्रदेश के कई बड़े व छोटे शहरों में सर्वे की टीमें डेरा डाल चुकी हैं और अब सबकी निगाहें रीवा पर टिकी हैं। बताया जा रहा है कि 10 मई तक सर्वेक्षक बिना किसी सूचना के शहर की गलियों में नजर आ सकते हैं। यह टीम 12500 अंकों के लिए शहरभर में विभिन्न पैरामीटर पर फोटो-वीडियो के जरिए साक्ष्य आधारित सर्वे करेगी। नगर निगम के अफसर भले ही टॉप-1 में आने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हों लेकिन सडकों पर उड़ती धूल, सूखे-गीले कचरे का घालमेल, जल स्त्रोतों की गंदगी और आधी अधूरी तैयारी और पब्लिक फीडबैक सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। लेकिन खास बात यह है कि निगम की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता संवाद में शहरवासियों द्वारा मिल रहा सकारात्मक फीडबैक स्वच्छता में निगम को बेहतर रैंकिंग दिला सकता है। बता दें कि केंद्र सरकार ने इस बार स्वच्छता को लेकर जीरो टॉलरेंस का रुख अपना लिया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत 31 मई तक होने वाला जमीनी मूल्यांकन शहरों की असली तस्वीर पेश करेगा। सर्वे के दौरान सभी सार्वजनिक सुविधाएं और स्कूल सप्ताहभर खुले रखें जाएंगे। केंद्र सरकार के मंत्रालय के उप सचिव मनीष जून ने रीवा सहित सभी नगर निगमों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा है। वहीं सर्वे के लिए इस बार इप्सोस कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है।

12500 अंकों का गणित, कहां-कहां होगी नंबरों की बारिश

1. प्रत्यक्ष मूल्यांकन (जिसमें नागरिकों की प्रतिक्रिया भी शामिल)	:10500 अंक
2. दर्शनीय स्वच्छता	: 1500 अंक
3. अपशिष्ट का पृथक्करण, संग्रहण एवं परिवहन	:1000 अंक
4. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन	: 1500 अंक
5. स्वच्छता तक पहुंच	: 1000 अंक
6. उपयोगिता जल प्रबंधन	: 1000 अंक
7. डीसिल्टिंग सेवाओं का मशीनीकरण	: 500 अंक
8. स्वच्छता के लिए एडवोकेसी	:1500 अंक
9. पारिस्थितिकीय तंत्र सुदृढ़ीकरण और संस्थागत संकेतक	:1000 अंक
10. सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण	: 500 अंक
11. नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायत निवारण	: 1000 अंक
12. सर्टिफिकेट	: 2000 अंक

दावे बनाम हकीकतः यहीं पर करना होगा सुधार

1. मानस भवन लैंडफिल साइटः यहां कचरे का ठीक से उठाव नहीं होता, बाउंड्रीवॉल टूटी होने के कारण कचरा नाले में बहता है, हालात यह है कि नाले में गंदगी का अंबार है। अगर टीम यहां पहुंची, तो रैंकिंग का कचरा होना तय है।

2. धूल और गड्ढेः निगम व पीडब्ल्यूडी की सडकों पर उड़ती धूल ने शहर की आबोहवा बिगाड़ दी है। वार्डों में सीवरेज व पेयजल की खुदाई के बाद ठीक से रेस्टोरेशन नहीं होने से जनता परेशान है। चारों तरफ धूल का अंबार है।

3.शौचालय और डस्टबिनः कमर्शियल क्षेत्रों में आज भी डस्टबिन गायब हैं और सार्वजनिक शौचालयों की हालत किसी से छिपी नहीं। साफ सफाई के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है।

4. सिंगल यूज प्लास्टिकः प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से उपयोग जारी है, प्रचार-प्रसार केवल कागजों तक सीमित है।

5.सेग्रीगेशनः गीला-सूखा कचरा आज भी अलग-अलग नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए जागरूक करने वाले एनजीओ पर ही नगर निगम दो करोड़ से अधिक खर्च कर चुका है, हर बार इस राशि में बंदरबांट कर दिया जाता है। जिसे भी ठेका मिलता है वह औपचारिक काम करके अपना बिल बनाकर चली जाती है।

6.फीडबैकः स्वच्छता सर्वेक्षण की ब्रांडिंग करना और सकारात्मक फीडबैक के लिए पब्लिक को अधिक से अधिक जागरुक करना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अंतिम दौर में अब निगम को फीडबैक की याद आई है। बता दें कि इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए कोई जनप्रतिनिधि भी आगे नहीं आए हैं।

टॉप-3 में आने की है तैयारी

इस बार 12500 अंक की होने जा रही है परीक्षा में इस बार की थीम स्वच्छता की नई पहल 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। अफसर पिछले साल की रैंकिंग में सुधाकर कर टॉप-3 में आने की तैयारी कर रहे हैं। पिछले साल 3 लाख की आबादी से ज्यादा की सूची में 5 वें नंबर पर रीवा आया था। साथ ही रीवा को फाइव स्टार रैंकिंग भी मिली थी। आयुक्त ने सर्वे को ध्यान में रखकर समय से पहले सभी व्यवस्थाओं को चाकचौबंद करने के लिए कहा है।

स्वच्छता के सभी पैरामीटर पर कार्य किया जा रहा है। जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर किया जा रहा है। टीम कभी भी निरीक्षण करने आ सकती है। हम बेहतर रैंकिंग हासिल करेंगे।

अक्षत जैन, आयुक्त नगर निगम रीवा।

रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्शः
पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज।
किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।
मिलने का समय 16 मई 2026 प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को समयः दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक
डॉ. विकास सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.
यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

नगर निगम में 9 मई को नेशनल लोक अदालत

जागरण, रीवा। नगर निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 मई शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2025-26 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट प्रदान की जाएगी। इस संबंध में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लोक अदालत नगर निगम कार्यालय टाउन हॉल सहित सभी चारों जोन कार्यालयों में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित होगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी बड़े बकायादारों को नोटिस का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा घर-घर संपर्क अभियान चलाकर करदाताओं को लोक अदालत में उपस्थित होकर बकाया जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संपत्तिकर एवं जलकर की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो करदाता लोक अदालत के माध्यम से भुगतान नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध तालाबंदी एवं कुर्की की प्रारंभ की जाएगी। उपायुक्त द्विवेदी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया करों का निपटान करें और अधिभार के साथ वैधानिक कार्रवाई से बचें। बैठक में उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, जलकर प्रभारी अभिमन्यू सिंह, राजस्व निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक राजस्व टीम के साथ मौजूद रहे।

पंचायत का मनरेगा फर्जीवाड़ा पहुंचा ईओडब्ल्यू

जागरण, रीवा। मनरेगा योजना में ग्रामीण विकास के नाम पर भारी फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। जिले के जवा जनपद अंतर्गत अतरैला ग्राम पंचायत में हुए घोटाले की जांच अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू रीवा तक पहुंच गई है। आरोप है कि सरपंच पुत्र और संविदा कर्मचारी ने नाम बदलकर मजदूरी का लाभ लिया। सत्रों के अनुसार जवा जनपद के अतरैला पंचायत में मनरेगा के तहत लाखों के फर्जी बिल-वाउचर बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। शिकायत में आरोप है कि ग्राम प्रधान, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत से नेमत होती रही। फर्जी नामों से मस्टररोल भरकर मजदूरी निकाली गई। ग्राम पंचायत में रामभुवन पाण्डेय के पुत्र पंकज पाण्डेय जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सेवा दे रहा है, उस पर आरोप है कि संविदा कर्मचारी होने के बावजूद मनरेगा में फर्जी नाम से मजदूरी ली गई। इसी तरह सरपंच पुत्र पर भी नाम बदलकर भुगतान लेने का आरोप है। शिकायत में बताया गया कि पंचायत में सड़क, पुलिया, गुलाब, डिपोर, सिंचाई, बावड़ी, राशन, मेडिकल, स्कूल आदि के नाम पर फर्जी बिल लगाकर 1.90 लाख रुपये का आहरण किया गया। जिन वेंडरों के नाम पर भुगतान दिखाया गया, उनका अस्तित्व ही नहीं है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एम्ब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एम्ब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA
गृह मंत्रालय भारत सरकार
हमारी जनगणना हमारा विकास
जनगणना 2027 का पहला चरण मध्यप्रदेश राज्य में
मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना
1 मई से 30 मई, 2026
इस चरण में प्रगणक, घर-घर जाकर, मकान संबंधी आवश्यक जानकारी दर्ज करेंगे
आपसे पूछे जाने वाले कुछ प्रश्न
मकान से संबंधित जानकारी
फर्श, दीवार और छत की मुख्य सामग्री
मकान का उपयोग (आवासीय/ गैर-आवासीय)
मकान की स्थिति
परिवार की मूल जानकारी
परिवार के सदस्यों की संख्या
परिवार के मुखिया का नाम
मकान का स्वामित्व
कमरों की संख्या
मूलभूत सुविधाएं
पेयजल का स्रोत
प्रकाश का मुख्य स्रोत
शौचालय की सुलभता और प्रकार
स्नानघर की सुविधा
रसोई एवं गैस कनेक्शन
खाना पकाने का ईंधन
धारित परिसंपत्तियां
रेडियो/टेलीविजन
इंटरनेट/कंप्यूटर
मोबाईल फोन
दोपहिया/चारपहिया वाहन
1. 1 मई से 30 मई, 2026 के दौरान प्रगणक आप के घर आने पर
यदि आपने स्व-गणना की है, तो प्रगणक के साथ SE ID साझा करें।
यदि आपने स्व-गणना नहीं की है, तो प्रगणक द्वारा पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों का सही उत्तर देवें।
2. आपकी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी
नाम-पता किसी को नहीं दिया जाता
टैक्स, पुलिस या जांच में उपयोग नहीं
गर्व से कहें - मेरी गणना देश की ताकत
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1855
जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusMP2027
म.प्र. माध्यम/125602/2026

▶▶ वर्ष 73 ▶▶ अंक 216 ▶▶ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 05 मई, 2026
▶▶ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2083
▶▶ नगर ▶▶ मूल्य 5 रुपए

दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सोच का ही फर्क होता है,
वरना समस्याएं आपको
कमजोर नहीं बल्कि मजबूत
बनाने के लिए आती हैं।
- अज्ञात

ऑफ बीट

मां के रिटायरमेंट पर की नोटों की बारिश

जुलाना, जेएनएन। जींद के जुलाना में इन दिनों एक रिटायरमेंट पार्टी के चर्चे हर नुक्कड़ पर हो रहे हैं। जैजैवंती स्वास्थ्य केंद्र में तैनात नर्सिंग ऑफिसर शान देवी ने अपनी जिंदगी के करीब 40 साल मरीजों की सेवा में लगा दिए। जब उनके विदाई का वक्त आया, तो उनके लाडले बेटे ने कुछ ऐसा जुगाड़ भिड़ाया कि देखने वालों की आंखें फटी की फटी रह गईं। आमतौर पर लोग नई गाड़ी को फूलों और रिबन से सजाते हैं। बेटे ने अपनी मां को जो नई कार तोहफे में दी, उसे 10-10 रुपये के नोटों से ऐसे ढका गया था जैसे गाड़ी को रुपयों की चादर ओढ़ा दी गई हो जैसे ही शान देवी केंद्र से बाहर आईं, उनका स्वागत किसी रानी की तरह हुआ। ड्राइवर के शीशे को छोड़कर कार के हर कोने पर नोट चिपकाए गए थे और बीच में मां की प्यारी सी तस्वीर लगी थी। यह सिर्फ एक महंगा तोहफा नहीं था, बल्कि एक बेटे का अपनी मां के संघर्षों के प्रति रॉयल सलाम था। शान देवी ने बताया कि उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि रिटायरमेंट का दिन इतना यादगार होगा। उनके मुताबिक, बेटे-बहू ने जो सरप्राइज दिया, उसने तो कलेजा खुश कर दिया।

आईपीएल में आज

दिल्ली बनाम चैन्नई
समय : रात 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
परिणामः मुंबई ने लखनऊ को 6 विकेट से हराया।

ईरान का अमेरिकी जहाज पर मिसाइल अटैक

अमेरिका बोला- ये झूठ ट्रंप ने कहा था जहाजों को सुरक्षित निकालेंगे

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक अमेरिकी नेवी शिप पर दो मिसाइलें दागीं। हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे पीछे हटना पड़ा। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तब किया गया जब अमेरिकी जहाज ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए होर्मुज से गुजरने की कोशिश की। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड सेंटकॉम ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया

प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिकी सेना इस इलाके में फंसे जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करेगी और किसी भी रुकावट का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

अमेरिका ने जहाजों पर हमले का दावा नकारा

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज किया है। कमांड ने एक्स पर कहा कि अमेरिकी सेना प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है और ईरानी बंदरगाहों पर लागू नौसैनिक नाकेबंदी को मजबूत कर रही है। ईरानी प्रेस ने दावा किया था कि सेना ने होर्मुज में एक अमेरिकी जहाज पर मिसाइल हमला किया है।

लेबनान में जमीनी लड़ाई शुरू

लेबनान में हिजबुल्लाह और इजराइली सेना के बीच जमीनी लड़ाई शुरू हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी लेबनान के वादी राज इलाके में दोनों पक्षों के बीच झड़पें हो रही हैं। नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस जमीनी लड़ाई में मशीनगनों और सीधे दागे जाने वाले गोले का इस्तेमाल किया है।

यूएई के एमिरेट्स एयरलाइन की 96 प्रतिशत उड़ानें फिर शुरू

यूएई की एमिरेट्स एयरलाइन ने कहा है कि उसकी लगभग सभी उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं। अब वह अपने 96 प्रतिशत रूट पर फ्लाइट चला रही है। पहले अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध की वजह से कई उड़ानें बंद या प्रभावित हो गई थीं।

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीता!

ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर सभी राज्यों, केंद्र को नोटिस

छह सप्ताह में मांगा जवाब, संवैधानिक वैधता को दी गई है चुनौती

नई दिल्ली, जेएनएन। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से सेल्फ आइडेंटिफिकेशन (अपनी पहचान खुद तय करने) का अधिकार छीनता है। यह 2014 के ऐतिहासिक एनएएलएसए जजमेंट के खिलाफ है,

सीजेआई का सवालः क्या लोग फायदा नहीं उठाएंगे

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सेल्फ आइडेंटिफिकेशन के अधिकार को लेकर कुछ चिंताएं जताईं। उन्होंने पूछा, क्या इससे कोई खतरा पैदा नहीं होता? क्या ऐसे लोग नहीं हो सकते जो ट्रांसजेंडर होने का दिखावा करें ताकि उन्हें इस समुदाय के लिए तय आरक्षण या विशेषाधिकारों का लाभ मिल सके? इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि उनकी जानकारी के अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अभी कोई आरक्षण लागू नहीं है इसलिए गलत इस्तेमाल की संभावना नहीं है।

जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने खुद की लैंगिक पहचान चुनने को मौलिक अधिकार घोषित किया था। जस्टिस बागची ने इस दौरान टिप्पणी की कि विधायिका किसी फैसले के आधार को बदल सकती है। नए संशोधन के बाद अब ट्रांसजेंडर पहचान के लिए व्यक्ति की अपनी इच्छा के बजाय मेडिकल इवैल्यूएशन यानी डॉक्टरी जांच को आधार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अब मेडिकल बोर्ड की सिफारिश के बाद ही पहचान पत्र जारी करेंगे, जो निजता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। एक पक्ष हर्ष असद ने बेंच को बताया कि यह एक्ट अभी लागू नहीं हुआ है, क्योंकि केंद्र ने इसे नोटिफाई नहीं किया है। उन्होंने दलील दी कि याचिकाएं समय से पहले दाखिल की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समुदाय के कुछ लोग सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि इस संशोधन को लागू न किया जाए।

सीएम बोले- प्रदेश में गांवों के विकास में डेयरी सेक्टर बनेगा मजबूत आधार

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गांवों के विकास में डेयरी सेक्टर मजबूत आधार है। हमारी सरकार पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों को नवाचारों के जरिए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दूध का कोई विकल्प नहीं है। इस दिशा में हमारा देश और प्रदेश तेजी से चहुमुंखी विकास की ओर आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दुग्ध उत्पादन एवं इसके जरिए स्वावलंबन को ग्रामीण विकास का प्रमुख स्तंभ बनाकर प्रदेश को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रही है। किसानों के घर में खुशहाली लाने में हम कोई कमी नहीं रखेंगे। पशुपालकों के आर्थिक स्वावलंबन के लिए सरकार नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ाने की ओर बढ़ रही है। दूध के दाम बढ़ते ही जा रहे

सीएम ने की राज्य स्तरीय पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में हिस्सेदारी।

हैं। इसका सीधा लाभ पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। सीएम ने कहा कि बीमार पशुओं के मौके पर ही समुचित इलाज के लिए प्रदेश में गौ-एंबुलेंस का संचालन भी किया जा रहा है। एक फोन करने पर गौ-एम्बुलेंस सीधे पशुपालक के घर पहुंच जाती है। यह गौवंश के प्रति हमारे सम्मान, आस्था और संवेदनशीलता का भी परिचायक है।

पशुओं का केयर एंड वेलनेस सेंटर खोलने की घोषणा

डॉ. यादव ने कहा कि सरकार डेयरी क्षेत्र में नवाचार करते हुए निवेश भी बढ़ाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। निवेश आयेगा, तो इस सेक्टर में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हम हमारे युवाओं को गांवों में ही रोजगार मुहैया कराने के लिए सभी बेहतर संभावनाओं पर फोकस कर रहे हैं। हम प्रदेश को देश का मिल्क केपिटल बनाकर रहेंगे। डॉ. यादव ने ग्वालियर में पशुओं का केयर एंड वेलनेस सेंटर खोलने, ग्वालियर के पशु स्वास्थ्य एवं उपचार केन्द्र का उन्नयन करने तथा डबरा में नया पशु चिकित्सालय खोलने की घोषणा की। पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में पहली बार पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों का इतना वृहद समागम हुआ है। यह समागम डेयरी सेक्टर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार प्रदेश में पशुपालन उद्यमिता को लाभकारी, टिकाऊ और रोजगार सृजन मॉडल के रूप में स्थापित कर रही है।

आत्मनिर्भर भारत
IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives
सहकार से समृद्धि

माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
"दुनिया के लिए सहकारिता एक बिजनेस मॉडल है, लेकिन भारत के लिए यह हमारी संस्कृति का आधार और जीवन जीने का तरीका है।"

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं
माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के
मार्गदर्शन में नैनो उर्वरकों से हो रही है भारतीय कृषि सशक्त

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
श्री अमित शाह जी

नैनो उर्वरकों का कमाल, हर खेत-किसान बने खुशहाल
नैनो यूरिया प्लस • नैनो डीएपी • नैनो एनपीके • नैनो ज़िंक • नैनो कॉपर
धरामृत • सागरिका • जैव उर्वरक
उत्तम खेती के लिए स्मार्ट समाधान

मिट्टी की उर्वरता बढ़े
कम लागत में अधिक उत्पादन
पर्यावरण के लिए सुरक्षित
फसल की गुणवत्ता में सुधार
कम मात्रा में अधिक प्रभाव
भंडारण एवं प्रयोग करने में आसान

इफको का है यह अभियान
स्वस्थ हो धरती, खुशहाल बने किसान

इफको के नैनो उर्वरक सम्पूर्ण स्वदेशी हैं | इफको द्वारा विकसित नैनो उर्वरक, आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर कृषि की पहचान हैं

IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड
इफको सदन, सी-1, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत प्लेस, नई दिल्ली - 110017
दूरभाष: 91-11-26510001, 91-11-42592626 | वेबसाइट: www.iffco.in
ग्राहक सेवा हेल्पलाइन नंबर (टोल फ्री): 1800 103 1967

इफको के उत्पाद और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें और हमसे जुड़ें

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

चुनाव के बाद झटका तेजी से बढ़ी महंगाई

पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई। लिहाजा इसका असर खान पान के व्यवसाय पर पड़ना तय है। हो सकता है कि अब एक समोसा 30 रुपए में मिलेगा। रेहड़ी-पटरी पर बिकने वाली चाय का एक कप 20-25 रुपए में मिलेगा। छोले-भटूरे की एक प्लेट के दाम 250 रुपए तक होंगे। मसाला-डोसा 210 रुपए में मिलेगा। एक औसत रेस्तरां और ढाबे पर पीली दाल की आधी प्लेट 110-120 रुपए में मिलेगी। यदि किसी बेहतर रेस्तरां, होटल में गए, तो भोजन की एक थाली 400 रुपए में मिलेगी।

यह कोई नई बात नहीं है। चुनाव सम्पन्न होने के बाद सरकार और तेल कंपनियां गैस, पेट्रोल, डीजल आदि के दाम बढ़ाती ही हैं। देश के पांच राज्यों में चुनाव अभी सम्पन्न ही हुए हैं, तो व्यावसायिक गैस, 5 किलो के गैस सिलेंडर, सीएनजी, पीएनजी आदि के दाम इतने बढ़ा दिए गए हैं कि कारोबारी और आम आदमी की अर्थव्यवस्था ही बिखर जाएगी। हमने कुछ उत्पाद गिनाए हैं, अलबत्ता महंगाई तो चौतरफा होगी। बहुत जल्दी पेट्रोल, डीजल और रसोई की एलपीजी गैस के दाम भी बढ़ा दिए जाएंगे। फिलहाल चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रुपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है। कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े। फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर स्टूडेंट्स , प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। सवाल है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से उपजे संकट के बावजूद सरकार ने करीब दो महीने तक तेल और गैस की कीमतों को कमोबेश थाम कर रखा था और इनकी उपलब्धता के वैकल्पिक रास्ते निकाल रही थी, तो अचानक ही उसे महंगाई को इस तरह खुला छोड़ देने की जरूरत क्यों पड़ी! क्या कुछ दिनों की राहत का कारण पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव थे?

प्रसंगवश

चिकित्सीय सलाह से लिया जाए गर्भपात का निर्णय

स्वतंत्रता के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है; किसी भी स्वतंत्रता के परिणामस्वरूप लिए गए निर्णयों को उसके संभावित परिणामों के बारे में जागरूकता से सूचित किया जाना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि महिला को प्रजनन स्वायत्तता प्रदान करके, सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति की नैदानिक समीक्षा की आवश्यक भूमिका को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से नाबालिग बलात्कार पीड़ितों के मामले में अवांछित गर्भधारण की चिकित्सकीय समाप्ति पर समय सीमा को हटाने के लिए गर्भपात कानून में संशोधन करने को कहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने बलात्कार की शिकार 15 वर्षीय पीड़िता को 30वें सप्ताह के दौरान गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने वाले अदालत के पहले के फैसले के खिलाफ एक याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी नाबालिग लड़की को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने केंद्र सरकार से बलात्कार पीड़िताओं को 20 सप्ताह से अधिक अवधि के बाद भी अनचाहे गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने के लिए कानून में संशोधन करने को कहा। मामले पर मूल फैसले में, जो कि उपचारात्मक अपील पर था, न्यायाधीशों ने टिप्पणी की कि एक महिला के प्रजनन स्वायत्तता के अधिकार की रक्षा के लिए, नाजायज गर्भावस्था को जारी रखने के नाबालिग के अधिकार पर विचार किया जाना चाहिए। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने कहा था कि नाबालिग ने गर्भावस्था जारी रखने के लिए स्पष्ट और लगातार अनिच्छा दिखाई है। उन्होंने कहा कि अदालत किसी भी महिला को, चाहे वह नाबालिग ही क्यों न हो, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए बाध्य नहीं कर सकती, यदि उसका अन्यथा ऐसा करने का इरादा नहीं है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि कानूनी रास्ते बंद कर दिए गए, तो महिलाएं जान जोखिम में डालकर नीम-हकीमों के पास जाने का खतरनाक रास्ता अपना सकती हैं। हालाँकि, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के वकील ने समाप्ति और उपचारात्मक याचिका का यह कह कर कड़ा विरोध किया कि - 30 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करना किशोर माँ के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा। वर्तमान में, भारतीय कानून गर्भधारण के 24 सप्ताह तक गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देता है।

इस मामले मे न्यायालय ने भावुक टिप्पणी की कि यह बच्ची से दुष्कर्म का मामला है और यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी जाती है, तो पीड़िता को जीवन भर के लिए मानसिक आघात और पीड़ा झेलनी पड़ेगी। पीठ ने कहा, 'यह एक उपचारात्मक याचिका है। किसी पर अनचाहा गर्भ नहीं थोपा जा सकता। सोचिए कि वह एक बच्ची है, जिसे इस समय पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनाना चाहते हैं। उसने जो पीड़ा और अपमान सहा है, उसकी कल्पना कीजिए।' पीठ ने कहा, 'देश में गोद लेने के लिए बहुत से बच्चे हैं। ...हमें इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि यह 15 साल की लड़की का अनचाहा गर्भ है।'

इस संवेदनशील मुद्दे पर संपूर्ण तर्क गर्भकालीन आयु पर निर्भर करता है, जो कि यह तय करने के लिए महत्वपूर्ण है कि गर्भपात सुरक्षित होगा या नहीं। अधिकांश देश, जिन्होंने गर्भपात को वैध कर दिया है, सुरक्षित गर्भपात की अवधि को गर्भधारण के 24 सप्ताह तक सीमित कर देते हैं, इसका मुख्य कारण उसके बाद माँ के जीवन और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव हैं। लेकिन, कानूनी गर्भपात का केंद्र जोखिमों का चिकित्सीय मूल्यांकन है। क्या कोई बच्चा या उसके माता-पिता अकेले, सामान्य ज्ञान के साथ, ऐसे जोखिम का उचित मूल्यांकन करने में सक्षम होंगे? जब कोई नाबालिग जबरन हुए गर्भधारण से छुटकारा पाने की इच्छा व्यक्त करती है, यह उसके माता-पिता और सिस्टम की भूमिका है कि वह उसे अनुमेय अवधि के भीतर सुरक्षित विकल्प प्रदान करे। इस स्तर पर बिना सोचे-समझे निर्णय लेना प्रतिकूल हो सकता है, अगर यह उसके स्वास्थ्य या जीवन से समझौता करता है, जबकि शारीरिक स्वायत्तता के अधिकार की अनुमति देता है।

चुनाव नतीजे

तृणमूल कांग्रेस से कहां और क्या कमी रह गई या क्यों व कैसे चूक गई

बंग फतह की जंग में कैसे आगे निकली भाजपा

सत्येंद्र प्रताप सिंह

भाजपा चुनावी जंग में क्यों और कैसे जीत गई बंग? आखिर, तृणमूल कांग्रेस से कहां और क्या कमी रह गई या क्यों व कैसे चूक गई जंग में बंग! यह जानने के पहले चुनावी जंग में बंग विजय के लिए खासकर भाजपा की गई तैयारियों पर पहले एक नजर डालते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह दोनों ही चुनावी प्रचार में अंग-बंग-कलिंग का जिक्र करते हुए बंग जीतने की बात करते थे। आखिर यह अंग-बंग-कलिंग है क्या? पहले इसे समझते हैं।

अंग-बंग-कलिंग : यह प्राचीन भारत के पूर्वी हिस्से के तीन ऐतिहासिक और समृद्ध साम्राज्य थे। जिसमें अंग (बिहार), बंग (बंगाल) और कलिंग (ओडिशा) शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री शाह ने इसे भारत की ऐतिहासिक समृद्धि के तीन मजबूत स्तंभ बताते हुए चुनावी प्रचार किया। वर्तमान चुनावी परिदृश्य में, यह अंग-बंग-कलिंग शब्द पूर्वी भारत के विकास और भाजपा के लिए प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरे हैं।

भाजपा चुनावी जंग में क्यों और कैसे जीत गई बंग? : आखिर, तृणमूल कांग्रेस से कहां और क्या कमी रह गई या क्यों व कैसे चूक गई जंग में बंग! यह जानने के पहले चुनावी जंग में बंग विजय के लिए खासकर भाजपा की गई तैयारियों पर पहले एक नजर डालते हैं। यूपी और असम को झोली में डाल चुके सुनील बंसल को भाजपा, बंगाल का दायित्व दी। साथ में भूपेंद्र यादव और विप्लव देव जैसे सहयोगी उनकी मदद के लिए। यूपी-बिहार के पूर्व मंत्रियों सुरेश राणा और मंगल पांडेय सरीखे नेताओं को भी इस चुनावी जंग में उतार दी। अमित मालवीय तो शुरू से ही दायित्व में थे। तृणमूल कांग्रेस की भाषा में जिन्हें बहिरागत कहा जाता है।

भाजपा के इन नेताओं में कुछ तो वर्षों से तो कुछ महीनों से बंगाल में डेरा डाले रहे। कुछ ने तो किराए पर फ्लैट भी ले लिया और कुछ आते जाते थे और होटलों में ठहरते थे। कुछ फ्लैट किराए पर लेकर आलीशान गेस्ट हाउस भी बनाए गए, बाहर से आने वाले नेताओं को ठहरने के लिए। पूरे प्रदेश के कोने-कोने में यह नेता चुनावी तैयारी के तहत राजनीतिक जमीन तैयार किए। लगातार अंदुरुनी बैठक की गई ताकि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत किया जा सके जो कि तृणमूल कांग्रेस से तृणमूल स्तर पर मुकाबला कर सकें।

प्रधानमंत्री मोदी 14 मार्च 2026 को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए सौगातों की झड़ी लगा दिए। अगले ही दिन 15 मार्च 2026 को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनावों की घोषणा कर दी। भाजपा की तैयारियों पर सरसरी निगाह के बाद चुनाव आयोग की तैयारियों पर नजर डालते हैं। 27 अक्टूबर 2025 को दूसरे चरण के अंतर्गत पश्चिम बंगाल सहित 12 राज्यों में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की घोषणा हुई थी। बंगाल में एसआईआर 4 नवंबर 2025 को शुरू हुआ था। बंगाल में पिछली बार एसआईआर 2002 में हुआ था। चुनाव आयोग ने बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए लगभग पांच सौ वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किये। इसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस कमिश्नर शामिल हैं। दो सौ के करीब पुलिस इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर, 294 में से 73 आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) भी बदले गए। कइयों के तो कई बार तबादले हुए तो कुछ को तमिलनाडु भेजा गया।

एसआईआर के मामले में : हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुकी तृणमूल कांग्रेस, तबादले के खिलाफ भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाई। चुनाव आयोग की कार्रवाई को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। पहले चरण में 16 जिलों के 152 सीटों पर 93.19 फीसदी मतदान हुआ। दूसरे चरण में 8 जिलों के 142 सीटों पर 92.63 फीसदी मतदान हुआ। पूरे बंगाल में 294 सीटों पर 92.91 फीसदी मतदान हुआ। लगभग 93 फीसदी मतदान आजादी के बाद से अब तक का सबसे अधिक मतदान का रिकॉर्ड है। बंगाल विधानसभा चुनाव 2016 में 3 सीट जीतने वाली भाजपा 2021 के चुनाव में 77 सीट जीती थी। लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पिछले चुनाव में कांग्रेस और सीपीएम सहित वाममोर्चा का खाता तक नहीं खुला था। भाजपा 2021 में कांग्रेस व वाममोर्चा का वोट प्रतिशत और सीटें छिनने में पूरी तरह कामयाब रही थी। पिछले विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को भाजपा से तनिक भी नुकसान नहीं पहुंचा था। जबकि, भाजपा इस विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के मत प्रतिशत और सीटों में सेंध लगाने में पूरी तरह कामयाब रही है। उत्तर बंगाल में मजबूत भाजपा दक्षिण बंगाल में भी पैर जमाने में सफल रही है। बहरहाल, मतदाता सूची में बदलाव साल 2026 के चुनाव का सबसे बड़ा विवादित पहलू रहा। मतदाता सूची में यह बदलाव ही विभिन्न कारणों से रिकॉर्ड मतदान का कारण रहा। यह चौंकाने वाला चुनाव परिणाम का महत्वपूर्ण कारण भी एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद तैयार किया मतदाता सूची रहा।

टीएमसी की कमजोरी: क्यों ढहा ममता का दुर्ग? : तृणमूल कांग्रेस की संभावित हार का विश्लेषण करते समय हमें सत्ता के अहंकार और जमीनी जुड़ाव के टूटने को समझना होगा। 15 साल के शासन के बाद 'एंटी-इंकंबेंसी' या सत्ता विरोधी लहर का होना स्वाभाविक है, लेकिन टीएमसी के मामले में यह लहर 'सिंडिकेट राज' और भ्रष्टाचार के गहरे आरोपों से निर्मित हुई थी। शिक्षक भर्ती घोटाला, राशन वितरण में अनियमितताएं और संदेशखाली जैसी घटनाओं ने ममता बनर्जी की 'मां-माटी-मानुष' की छवि को गहरा आघात पहुँचाया।

टीएमसी की सबसे बड़ी कमजोरी उसका ''कैटल-क्लास'' संगठन बना, जहाँ स्थानीय नेताओं पर वसूली और हिंसा के आरोप लगे। जिस महिला वोट बैंक के भरोसे ममता बनर्जी राजनीति करती रही थीं, उस वर्ग में असुरक्षा की भावना ने सेंध लगा दी।

इसके अतिरिक्त, मुस्लिम मतों के प्रति कथित ''तुष्टिकरण'' की नीति ने बहुसंख्यक आबादी के एक बड़े वर्ग को भाजपा की ओर धकेल दिया, जिससे वोटों का ध्रुवीकरण टीएमसी के नियंत्रण से बाहर चला गया।

खुला मंच

पत्नी से बदला लेने का सुनहरा मौका

भुवन पंत

पति के जीवन में ऐसे बहुत कम सौभाग्यशाली दिन आते हैं जब उसके सामने पत्नी की नजर नीची रहती है। पिछले कुछ दिनों से मैं घर में नजर उठाकर चल रहा हूं। ईश्वर, उस दिन के लिए तेरा लाख-लाख धन्यवाद। उस दिन मैं किचन में पानी पी रहा था और पत्नी आत्मीयता से फोन पर बात कर रही थीं। जाहिर है मायके वालों का ही फोन रहा होगा। पत्नी दूध उबालने जा रही थी। फोन पर बात करते हुए एक पैकेट का सिरा काटा और भगोने में डाला। मैं परम आनंद की अवस्था में अपने सुखमय भविष्य को देख रहा था... इन चार पैकेटों में एक पैकेट मट्ठे (बटरमिल्क) का था, जो मुझे दिख गया था। तीन पैकेट दूध के बाद जब मोबाइल में बतियाती पत्नी ने मट्ठे का पैकेट भगोने में डाला, तो मुझे इतनी खुशी हुई जितनी शायद धनुष-भंग होने के बाद देवी सीता को भी नहीं हुई होगी।

एक बार के लिए तो मेरे मन में आया था कि मैं यह बात पत्नी को बता दूं। लेकिन फिर फ्लैशबैक में चला गया। सैकड़ों बार अगर मैं सताया न गया होता, तो टोक देता कि वह दूध में मट्ठा मिलाने जा रही हैं।

मुझे याद आया बेटे के बारहवीं क्लास मे अच्छे अंक आए थे। दीदी का फोन आया, मैंने बताया 98% मार्क्स हैं। दीदी ने जस्ट-पास वाला रिएक्शन दिया, पत्नी आग-बबूला हो गईं। उन्होंने तुरंत बोलीं, 'दीदी, बेटे के 98.25% हैं। जिस पिता को अपने बच्चों के मार्क्स तक न पता हों, उससे आप और अधिक क्या ही उम्मीद कर सकती हैं?' फिर एक और त्रासदी याद आई । हम एक परिचित के घर जा रहे थे। रास्ते में पत्नी ने एक 'ओरल पावर-पॉइंट प्रेजेंटेशन' दिया कि मुझे इन परिचित के घर में क्या बोलना है, क्या नहीं बोलना है। मैं एक जगह इंस्ट्रक्शन थोड़ा सा मिस कर गया। फिर याद आया कि खरीददारी करते वक्त जब मैं पत्नी के साथ होता हूं, तो मुझे अपनी निरर्थकता तथा लघुता का कितना एहसास होता है।

मुझे इतना याद आ गया तो किचन में क्यों रुकता? मैं दबे पांव स्टडी रूम में चला गया। थोड़ी देर के बाद जब पत्नी ने आकर बताया, तो मैं अपनी बेतहाशा खुशी को बमुश्किल छिपाते हुए चेहरे पर सामान्य सा भाव दिखाया। 'अरे, कोई बात नहीं, गलती इंसान से ही तो होती है,' मैंने पत्नी से कहा। यही बात अगर आज तक पत्नी ने मुझसे एक बार भी बोली होती, तो इस समय हमारे किचन में चाय बन रही होती, न कि कंप्रोमाइज्ड पनीर। अब मैं सुबह-सुबह उठकर भोलेनाथ से नियमित प्रार्थना करता हूं कि, हे भोलेनाथ! बीच-बीच में पत्नी से छोटी-मोटी सौ-दो सौ रुपए तक की गलतियां अवश्य करवा दें।

फुटवियर उत्पादन

विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फुटवियर उत्पादक होने के बावजूद वैश्विक फुटवियर निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बहुत कम

टेक्निकल टेक्सटाइल बना रहा है स्मार्ट, बेजोड़ फुटवियर उद्योग

गिरिराज सिंह
केंद्रीय वस्त्र मंत्री,
भारत सरकार

आत्मनिर्भर भारत का मतलब सिर्फ उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही नहीं, बल्कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में नेतृत्व भी हासिल करना है। कुछेक क्षेत्रों ने ही इस अवसर का फुटवियर की तरह स्पष्ट रूप से उपयोग किया है। फुटवियर रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली सबसे आम वस्तुओं में से एक है। इसका इस्तेमाल स्कूली बच्चों, लंबी पाली में काम करने वाले कामगारों और लगातार भागमभाग कर सामान की डिलीवरी करने वालों से लेकर एथलीट तक करते हैं। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फुटवियर उत्पादक है। इसके बावजूद वैश्विक फुटवियर निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बहुत कम है।

यह अंतर क्षमता की कमी के कारण नहीं, बल्कि मटेरियल (सामग्री), डिजाइन और कार्य प्रदर्शन के प्रति दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता के कारण है। इस बदलाव के केंद्र में एक ऐसी श्रेणी भी है जिस पर अक्सर लोगों का ध्यान नहीं जाता, वह है-तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल)। मैंने इसे हाल ही में अपनी आगरा यात्रा के दौरान और अधिक स्पष्टता से समझा। आगरा अपने जूतों और चप्पल के लिए जाना जाता है। वहां के उत्पादन समूहों में घूमते हुए और निर्माताओं से बातचीत करते हुए यह स्पष्ट हो गया कि वहां इनके उत्पादन में नवाचार पहले से ही किया जा रहा है। कई इकाइयाँ ऐसी सामग्रियों का उपयोग कर रही थीं जो बहुत आरामदायक, टिकाऊ और नरम जूते बना रही हैं। लेकिन इनमें से कइयों ने इन्हें टेक्निकल टेक्सटाइल के रूप में नहीं बताया।

दिल्ली में फुटवियर संघ के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह समझ और गहरी हुई। उद्योग जगत के हितधारकों ने उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं के बारे में बताया, जैसे उपभोक्ता अब हलके, बेहतर कुशनिंग वाले, हवादार और टिकाऊ जूते पसंद करते हैं। ये अब केवल महंगे उत्पादों की विशेषताएं नहीं रह गई, बल्कि मानक ज़रूरतें बनती जा रही थीं। इसी चर्चा के दौरान मेरे विभाग ने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डाला: फुटवियर उद्योग पहले से ही टेक्निकल टेक्सटाइल का व्यापक रूप से उपयोग कर रहा है, भले ही इसे औपचारिक रूप से मान्यता न दी गई हो।

उस अहसास ने पूरी चर्चा का स्वरूप ही बदल दिया। वैश्विक स्तर पर, फुटवियर उद्योग सालाना लगभग 23.9 बिलियन जोड़ी जूतों का उत्पादन करता है, जिसका बाजार आकार करीब 500 बिलियन अमरीकी डॉलर है। भारत वैश्विक उत्पादन में लगभग 12.5 प्रतिशत का योगदान देता है, फिर भी निर्यात में इसकी हिस्सेदारी केवल 2 प्रतिशत है। यह आंकड़ा हमारी क्षमता और वैश्विक स्थिति के बीच के स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। साथ ही, दुनिया भर के लगभग 86 प्रतिशत फुटवियर 'नॉन-लेदर' (गैर-चमड़ा) हैं, जबकि भारत का उद्योग परंपरागत रूप से चमड़े पर केंद्रित रहा है।

देश में भी स्थिति तेजी से बदल रही है। साल 2025 में भारतीय फुटवियर बाजार का आकार 20.67 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच गया, जो बढ़ती आय और उपभोक्ता की बदलती प्रवृत्तियों को दर्शाता है। हालाँकि, एक औसत भारतीय अभी भी साल भर में लगभग 2 जोड़ी जूते ही खरीदता है, जबकि वैश्विक औसत 7 से 8 जोड़ी का है। जैसे-जैसे खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, उपभोक्ताओं की पसंद 'आराम' और 'बेहतर प्रदर्शन' होगी। इसे देखते हुए घरेलू बाजार का विस्तार और भी व्यापक होने की उम्मीद है।

यही वह बिंदु है जहाँ तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल) विकास के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण बन जाते हैं। वस्त्र मंत्रालय में, इस परिवर्तन को 'स्मार्ट, टिकाऊ और निर्बाध' फ्रेमवर्क के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। 'स्मार्ट' फुटवियर' तकनीक और डिजाइन के बढ़ते एकीकरण को दर्शाते हैं। डिजिटल टूल्स, एआई आधारित मॉडलिंग और फुट स्कैनिंग के माध्यम से अब बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समाधान संभव हो पा रहे हैं।यह रुझान व्यापक रूप से उपभोक्ताओं की जरूरतों और फैशन के अनुरूप है। उपभोक्ता स्पष्ट रूप से ऐसे फुटवियर खरीद रहे हैं जो 'आरामदायक' हों और 'देखने में भी सुन्दर' हों और यहीं पर 'तकनीकी वस्त्र' एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

संवहनीयता भी एक निर्णायक कारक बनता जा रहा है। 'पुनर्चक्रित पीईटी प्लास्टिक और 'बायोडिग्रेडेबल' फाइबर जैसे पदार्थ धीरे-धीरे उत्पादन की मुख्यधारा में प्रवेश कर रहे हैं। 3डी बुनाई और उन्नत निर्माण जैसी तकनीकें कचरे को कम कर रही हैं, दक्षता में सुधार कर रही हैं और उत्पादन चक्र को तेज कर रही हैं। इससे निर्माता निरंतरता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए उपभोक्ता की बदलती मांगों के प्रति अधिक प्रभावी ढंग से उत्पादन करने में सक्षम हो रहे हैं।

फुटवियर उद्योग में पहले से ही 20 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार मिला हुआ है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत महिलाएँ हैं; इस वजह से यह समावेशी रोज़गार का एक बड़ा ज़रिया बन गया है। लगभग 2.9 अरब जोड़ी जूतों के सालाना उत्पादन के साथ, भारत में प्रति श्रमिक उत्पादकता लगभग 4 से 5 जोड़ी प्रतिदिन है। इसकी तुलना में, वैश्विक उत्पादन में कहीं ज़्यादा दक्षता देखने को मिलती है, जहाँ मज़दूर प्रतिदिन लगभग 17 से 20 जोड़ी जूते बनाते हैं।आगरा, कानपुर, चेन्नई, रानीपेट, अंबूर और कोलकाता में स्थापित क्लस्टर्स न केवल उत्पादन के केंद्र हैं, बल्कि वे आधार भी हैं जिन पर भारत फुटवियर क्षेत्र में अपनी दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता और वैश्विक नेतृत्व को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है।

टेक्निकल टेक्सटाइल की ओर यह बदलाव किसी नए उद्योग को खड़ा करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक मौजूदा उद्योग की पूरी क्षमता को उजागर करने के बारे में है।

फुटवियर क्षेत्र को टेक्निकल टेक्सटाइल्स इकोसिस्टम के दायरे में और ज़्यादा स्पष्ट रूप से लाने से नवाचार को बढ़ावा मिल सकता है, निर्यात बढ़ सकता है और उच्च गुणवत्ता वाले रोज़गार के अवसर पैदा हो सकते हैं। इससे भारत की मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को वैश्विक मांग के रुझानों के साथ, खासकर नॉन-लेदर और परफॉर्मेंस-आधारित श्रेणियों में, तालमेल बिठाने में भी मदद मिल सकती है।

वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी बनने की भारत की यात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पारंपरिक उद्योगों, उन्नत सामग्रियों और आधुनिक डिजाइन के संगम का कितनी प्रभावी ढंग से लाभ उठाता है। फुटवियर ऐसा ही एक संगम है। 'टेक्निकल टेक्सटाइल' वह सूत है जो इस अवसर को एक वैश्विक सफलता की कहानी में पिरोने में मदद कर सकता है।

जीवन दर्शन

आलोचना और असफलता के डर से पाएं मुक्ति

जो व्यक्ति डरता है, वह पूरी तरह प्रेम नहीं कर सकता, क्योंकि प्रेम में खुलापन और समर्पण चाहिए। इसी तरह एक कलाकार तभी कुछ नया और मौलिक रच सकता है, जब वह आलोचना और असफलता के डर से मुक्त हो।

जहां डर समाप्त होता है, वहीं जीवन का वास्तविक आरंभ होता है। यह मनुष्य की चेतना के गहरे सत्य की ओर संकेत है। डर मनुष्य के अस्तित्व पर छाई धुंध के समान है, जो उसे उसकी वास्तविक संभावनाओं से दूर रखता है। जब तक यह धुंध बनी रहती है, तब तक व्यक्ति जीवन को पूरी तरह नहीं जी पाता, वह केवल जीने का नाटक करता रहता है। मनुष्य जन्म से निर्भय होता है।

एक छोटा बच्चा जब दुनिया में आता है, तो उसमें कोई डर नहीं होता। वह खुल कर हंसता है, रोता है, जिज्ञासा से हर चीज को छूता है, हर चीज को उत्सुकता के साथ देखता है, गिरता है और फिर उठ जाता है। लेकिन धीरे-धीरे समाज, परिवार और संस्कार उसके भीतर डर भरने लगते हैं। असफलता का डर, अस्वीकृति का डर, मृत्यु का डर। ये सारे डर उसके स्वाभाविक जीवन को सीमित करने लगते हैं। जब व्यक्ति अपने भीतर की चेतना को पहचानना शुरू कर देता है, तब यह डर अपने आप समाप्त होता चला जाता है। इस अनुभव के बाद जीवन में एक अद्भुत स्वतंत्रता-सी आ जाती है। डर हमें वर्तमान क्षण से दूर ले जाता है। डर के साये में हम या तो अतीत की गलतियों से डरते रहते हैं या भविष्य की अनिश्चितताओं को लेकर चिंतित रहते हैं। इस कारण हम 'अभी' यानी वर्तमान क्षण को खो देते हैं, जबकि जीवन केवल मौजूदा क्षण में ही है। इसलिए जो व्यक्ति वर्तमान में जीना सीख लेता है, वह अपने आप ही निर्भय हो जाता है, उसके भीतर से डर का भाव खत्म हो जाता है, क्योंकि वर्तमान में कोई डर नहीं होता, डर तो हमेशा कल्पना में होता है। जब डर खत्म होता है, तब व्यक्ति जोखिम लेने के लिए तैयार हो जाता है। वह अपनी सच्ची इच्छाओं का अनुसरण करने लगता है, न कि समाज की थोपी गई अपेक्षाओं का। यही वास्तविक जीवन है, जहां व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुरूप पूरी जागरूकता के साथ जीवन जीता है। जो व्यक्ति डरता है, वह पूरी तरह प्रेम नहीं कर सकता, क्योंकि प्रेम में खुलापन और समर्पण चाहिए। इसी तरह सृजनात्मकता भी तभी संभव है जब डर न हो। एक कलाकार, एक लेखक, एक संगीतकार तभी कुछ नया और मौलिक रच सकता है, जब वह आलोचना और असफलता के डर से मुक्त हो। जब आप अपने डर को पूरी जागरूकता के साथ देखते हैं, तो पाते हैं कि वह धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। जीवन कोई बाहरी घटना नहीं, बल्कि एक आंतरिक अनुभव है। यह तब प्रकट होता है, जब हम अपनी सीमाओं, अपने भय और अपनी झूठी पहचानों से मुक्त हो जाते हैं। तब जीवन एक उत्सव बन जाता है, एक ऐसा उत्सव जिसमें हर क्षण नया है, ताजा है और संभावनाओं से भरा हुआ है। इस अवस्था में व्यक्ति न तो भविष्य की चिंता करता है, न अतीत का बोझ ढोता है। वह बस जीता है, पूरी तरह, गहराई से और आनंद के साथ। सच्चा जीवन वही है, जो डर की जंजीरों से मुक्त होकर अपनी संपूर्णता में खिलता है।

ओशो

गीता ज्ञान

श्लोक

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः!
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः !!

भावार्थ

दुनिया में कोई भी काम सिर्फ सोचने से पूरा नहीं होता बल्कि कठिन परिश्रम से पूरा होता है. कभी भी सोते हुए शेर के मुँह में हिरण खुद नहीं आता।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा बोनस अंक

40 अंक तक किए गए हैं निर्धारित, उच्च शिक्षा विभाग के आदेश

जागरण, रीवा

फाइल फोटो

उच्च शिक्षा विभाग ने नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन मोड में शुरू कर दी है। स्नातक (यूजी) कक्षाओं के लिए पहला चरण शुक्रवार से प्रारंभ हो चुका है, जो 26 मई तक जारी रहेगा। वहीं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया शनिवार से लागू हो गई है। यूजी प्रवेश के तहत विद्यार्थियों को 1 से 15 मई के बीच ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन करना होगा। इसके बाद 2 से 16 मई तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। विभाग 20 मई को सीट आवंटन सूची जारी करेगा। जिन विद्यार्थियों को कॉलेज आवंटित होगा, उन्हें 20 से 26 मई के बीच निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश की पुष्टि करनी होगी। समय सीमा के भीतर शुल्क जमा नहीं करने पर आवंटन स्वतः निरस्त माना जाएगा। इस बार प्रवेश प्रक्रिया में खेल प्रतिभाओं को अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को अधिकतम 40 बोनस अंक तक मिलेंगे, जबकि केवल सहभागिता पर भी अंक दिए जाएंगे। राष्ट्रीय और अंतर-विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी अलग-अलग श्रेणियों में बोनस अंक तय किए गए हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना हैए ताकि वे अपनी शैक्षणिक और खेल दोनों उपलब्धियों का लाभले सकें।

सीबीएसई का रिजल्ट ही नहीं आया

सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट अब तक जारी नहीं होने से छात्रों में असमंजस का माहौल बना हुआ है। आमतौर पर मई के पहले या दूसरे सप्ताह में परिणाम जारी हो जाते हैं, ऐसे में इस सप्ताह के भीतर रिजल्ट आने की उम्मीद जताई जा रही है। देरी के कारण कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्र चिंतित हैं, क्योंकि कई विश्वविद्यालयों में आवेदन की समय-सीमा शुरू हो चुकी है। छात्र और अभिभावक लगातार आधिकारिक अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। वहीं शिक्षाविदों का कहना है कि रिजल्ट में देरी से एडमिशन शेड्यूल पर असर पड़ सकता है।

दूसरे चरण की शुरुआत 28 मई से

दूसरे चरण की शुरुआत 28 मई से होगी, जो 13 जून तक चलेगा। इसके बाद कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) का पहला चरण 15 से 30 जून के बीच आयोजित किया जाएगाए जिसमें रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश का अवसर मिलेगा। पीजी पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन 2 से 15 मई तक होगा, जबकि दस्तावेज सत्यापन 4 से 16 मई तक निर्धारित है। पीजी की पहली मेरिट सूची 21 मई को जारी होगी और उसी दिन से 26 मई तक आवंटित संस्थान में फीस जमा कर एडमिशन लेना होगा।

आईटीई के तहत दूसरा चरण हुआ शुरू

पहले चरण में 3569 को आवंटित हुईं थीं सीटें, 3321 को मिला प्रवेश

5062 आवेदन हुए थे, 4280 सत्यापन में सही मिले



जागरण, रीवा। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का इंतजार कर रहे हजारों अभिभावकों के लिए अहम अपडेट सामने आया है। पहले चरण में चुके विद्यार्थियों को दूसरा मौका दिया गया है। पहले चरण में जिले में कुल 5062 ने आवेदन किया था, जिसमें से सत्यापन में कुल 4280 आवेदन सही मिले और इनमें से 3569 सीटों पर आवंटन किया गया है। जिसमें से 3321 छात्रों ने प्रवेश लिया है, शेष छात्र प्रवेश से वंचित रह गए और अब उन्हें दूसरे चरण में मौका मिलेगा। दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया है। द्वितीय चरण की समय-सारिणी के अनुसार 4 से 9 मई तक सत्यापन, 11 से 16 मई तक स्कूलों की चॉइस अपडेट, 20 मई को ऑनलाइन लॉटरी, 20 मई से 10 जून तक चयनित विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बताया गया कि प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र पर दो सत्यापन अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही जनशिक्षकों की भी सहायता ली जाएगी ताकि निर्धारित समय सीमा में सभी आवेदनों का सत्यापन पूरा हो सके।

प्रथम चरणः रीवा व मऊगंज में इस प्रकार हुआ प्रवेश

ब्लॉक	कुल आवेदन	सत्यापित	आवंटन	प्रवेश
गंगेव	544	458	371	347
जवा	301	267	244	232
रायपुर कर्चु.	777	652	427	399
रीवा शहरी	1444	1123	881	766
सिरमौर	648	560	484	459
त्योंथर	256	215	206	195
हनुमना	399	386	378	368
मऊगंज	377	338	320	305
नईगढ़ी	316	281	258	250
कुल	5062	4280	3569	3321

यह है नियम

राज्य सरकार द्वारा आरटीई अधिनियम के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को निजीए गैर-अनुदान प्राप्त विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। प्रथम चरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिन बच्चों को स्कूल आवंटित नहीं हो सके या जिन्होंने किसी कारणवश प्रवेश नहीं लिया, उन्हें अब दोबारा मौका दिया जा रहा है। कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जीडीसी में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

रीवा। विश्व रेडक्रॉस दिवस सप्ताह 2 से 8 मई तक मनाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को निरोगी काया अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं युवतियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय में डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी चेयरमैन रेडक्रॉस के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए रेडक्रॉस कार्यकारिणी की सदस्य सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि किशोरियों को स्वच्छता और अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सतत स्वास्थ्य परीक्षण हीमोग्लोबिन की जांच करते रहना चाहिए एवं डॉक्टर से उचित सलाह लेना चाहिए। डॉ अजीत सिंह ने उपस्थित सभी छात्राओं को रेडक्रॉस के कार्य एवं युवा अवस्था में होने वाली बीमारियों के रोकथाम के संबंध में जानकारी दी एवं आयरन फ्लोरिक की टेबलेट वितरित की। कार्यक्रम में रेडक्रॉस की ओर से डॉ अजीत सिंह, सीमा श्रीवास्तव, नीलीमा सिंह, संजय शुक्ला उपस्थित रहे। कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम अत्यंत ही सराहनीय है, इससे कॉलेज की छात्राओं में अपने स्वस्थ के प्रति जागरूकता का भाव उत्पन्न होगा। इस अवसर पर नीलम दुबे, डॉ करुणा शंकर, शालिनी सूद एवं महाविद्यालय की छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

पक्षियों को लुभाने बनाए एक से बढ़कर एक सकोरे

अग्रवाल महिला महासभा ने पक्षियों को बचाने शुरू की मुहिम

जागरण, रीवा। मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा रीवा इकाई द्वारा प्रकृति के संतुलन को स्थिर रखने के उद्देश्य से पक्षियों को बचाने मुहिम शुरू की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का प्रयास किया जाएगा। यह तब ही सम्भव है जब प्रत्येक नगरवासी उनके लिए दाना पानी का इंतजाम करें। कार्यक्रम का प्रारम्भ कुलदेवी माता महालक्ष्मी और भगवान अग्रसेन जी के पूजन से हुआ। मुहिम की शुरुआत मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला की प्रदेश अध्यक्ष मीना बंसल ने की। इस अवसर पर पक्षियों के पात्र सकोरों की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं ने एक से बढ़कर एक सकोरों को डिजाइन कर पक्षियों को लुभाने एवं पात्र तक आने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मीना बंसल ने सभी महिलाओं एवं नगरवासियों से पक्षियों के लिए अपनी छत, बालकनी या आंगन में दाना-पानी की व्यवस्था करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महासभा की महिलाओं ने कई प्रकार के मनोरंजनात्मक गेम भी खेले जिसे सुनीता चमड़िया और आशा मालानी ने होस्ट किया। हौजी कार्यक्रम का संचालन चंचल चमड़िया ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप संभागीय अध्यक्ष गीता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष नम्रता अग्रवाल, महामंत्री राखी अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, उषा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, रेशू अग्रवाल, गीता अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, श्रृति अग्रवाल, लता संथालिया, खुशबू संथालिया, स्वाती अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रक्षा अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, शैलजा अग्रवाल, रानू अग्रवाल, निशा अग्रवाल, चंचल चमड़िया, संध्या अग्रवाल आदि महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने दी।

गर्मी और उमस के माहौल में बच्चों के खानपान पर रखें विशेष सावधानी

स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी

जागरण, रीवा। गर्मी और उमस के इस मालौल में डॉक्टर खानपान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दे रहे है। खासकर बच्चों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें आमजन से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी स्वास्थ्य संस्था प्रभारियों को उपचार एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। विभाग के अनुसार, तेज गर्म हवाएं प्रतिकूल प्रभाव डालती है, जिससे सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना, कमजोरी, बेहोशी, शरीर में ऐंठन और असामान्य नब्ज जैसे लक्षण दिख सकते हैं। लू लगने पर व्यक्ति को तुरंत छायादार जगह पर लिटाएं, कपड़े ढीले करें, कच्चे आम का पना या अन्य पेय पदार्थ पिलाएं। तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां रखें और तत्काल स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें। वहीं उमस भी बेहाल कर देती है। बचाव के लिए पर्याप्त पानी पिएं, प्यास न लगने पर भी समय-समय पर पानी पीते रहें। यात्रा करते समय पानी साथ रखें। छाछ, ओआरएस घोल, लस्सी, नींबू पानी और आम का पना जैसे घर में बने पेय पदार्थ सेवन करें। सूती, ढीले और आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर को टोपी, कपड़े या छतरी से ढंककर रखें। तरबूज, खरबूजा जैसे उच्च जल सामग्री वाले मौसमी फल खाएं। भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें। मिर्च-मसाले युक्त, बासी भोजन से परहेज करें। कूलर या एयर कंडीशनर से सीधे धूप में न निकलें। नंगे पैर बाहर न जाएं और भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें। शिशुओं, बच्चों, 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, मरीजों का विशेष ध्यान रखें।

घरों में बिजली का व्यवसायिक उपयोग बढ़ा, कम लोड से परेशान हो रहे उपभोक्ता

घर में चार्ज हो रहीं स्कूटर, ऑटो व कार, नहीं खुल पाए चार्जिंग स्टेशन

सड़कों पर बढ़े ई-वाहन, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने प्रयास नहीं, ई-बसें भी नहीं आ रही

जागरण, रीवा। सरकार के ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने से इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से सड़कों पर बढ़ गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में ई-चार्जिंग स्टेशन अब तक खुल पाए हैं। इससे दोपहिया से लेकर इलेक्ट्रिक ऑटो और कारें घरों में चार्ज हो रही हैं तो इलेक्ट्रिक बसें भी रीवा नहीं पहुंच पा रही हैं। वहीं, घरेलू बिजली को व्यावसायिक उपयोग में खर्च करना पड़ रहा है। इस समय रीवा और मऊगंज जिले में मिलाकर करीब 15 हजार से अधिक ई-स्कूटर, ऑटो और कार सड़कों पर संचालित हो रहे हैं। ये सभी घरेलू बिजली पर आश्रित हैं। नागपुर, भोपाल और इंदौर व जबलपुर समेत अन्य शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो गया है। वहां से बसें यात्रियों को लेकर आए तो उन्हें पुन ई-चार्जिंग के लिए स्टेशन नहीं मिल पाएगा। इससे ये बसें यहां नहीं आ पा रही हैं।

ननि ने नहीं दिया ध्यान : नगर निगम या फिर कोई निजी एजेंसी अगर ई-चार्जिंग स्टेशन की स्थापना कर दें तो वाहन उद्योग में नई क्रांति आ सकती है। धीरे-धीरे बस मालिक भी ई-बसों की खरीदी में आगे बढ़ेंगे। उनकी हर किमी यात्रा की लागत भी घटेगी। साथ ही यात्रियों को किराया भी सस्ता देना पड़ेगा। मेंटेनेंस की लागत भी कम होगी।

ईवी पालिसी में भी जगह नहीं

प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक ईवी पॉलिसी लागू की है। इसके तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन जैसे शहरों में हर 20 किलोमीटर पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की बात कही गई है। स्टेशन खोलने के लिए सरकार सब्सिडी देगी और जमीन भी उपलब्ध कराएगी। फिलहाल इस पॉलिसी में बड़े शहर लिए गए हैं। आगे भविष्य में रीवा को भी इसमें शामिल कर सकते हैं।

4 हजार युवाओं को मिलेगा सैन्य व सुरक्षा बल प्रशिक्षण

रीवा। मध्य प्रदेश सरकार की शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत पिछड़ा वर्ग के 4000 युवाओं को सैन्य बल और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना का क्रियान्वयन मप्र शासन पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कर रहा है। प्रशिक्षण प्रदेश के रीवा, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, शहडोल, नर्मदापुरम, मुरैना, रायसेन, खण्डवा, मंदसौर, टीकमगढ़, छिन्दवाड़ा, गुना, अनूपपुर, सतना, बैतूल एवं भिण्ड समेत 20 जिला मुख्यालयों पर 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों पर होगा। प्रत्येक जिले में दो केंद्र बनाए गए हैं, जहां पुरुष और महिला प्रतिभागी प्रशिक्षण ले सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई शाम 6 बजे तक है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने संबंधित जिले में सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण में भोजन, आवास, शिक्षण सामग्री और शिष्यवृत्ति भी दी जाएगी। चयन 12 वीं के अंकों और आयु के आधार पर होगा।

अंतर एकेडमी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच

44 रन से जीत कर आरडीसीए एकेडमी रीवा बना चैंपियन

हर्षित मिश्रा, दिव्यांशु शुक्ला एवं सौरव मिश्रा का सराहनीय प्रदर्शन

जागरण, रीवा। डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में खेली जा रही अंतर एकेडमी क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-18) के अंतर्गत एमपीसीए क्रिकेट मैदान में आरडीसीए एकेडमी रीवा एवं डीसीए मऊगंज की टीमों के बीच खेले जा रहे 3 दिवसीय फाइनल मैच के तीसरे और अंतिम दिन के खेल में रोमांचक मुकाबले में आरडीसीए एकेडमी ने 44 रनों से जीत दर्ज करते हुये विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। इस तीन दिवसीय फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते आरडीसीए एकेडमी रीवा की टीम ने पहली पारी में 138 रनों के स्कोर बनाया था, जिसके जवाब में डीसीए मऊगंज ने अपनी पहली पारी में 155 रन बनाकर 17 रनों की लीड हासिल की। इसके पश्चात आरडीसीए ने दूसरी पारी आरंभ की तथा आज अंतिम दिन के खेल में आरडीसीए एकेडमी ने अपनी दूसरी पारी को 8 विकेट पर 186 रन बनाकर डिक्लेयर कर दिया। दूसरी पारी में के स्कोर समाप्त हुयी। पूरी प्रतियोगिता में लगातार शानदार बैटिंग करने वाले आरडीसीए के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज हर्षित मिश्रा दूसरी पारी में भी बेहतरीन बैटिंग की तथा सर्वाधिक 51 रन बनाये। उनके अतिरिक्त शांतनु सिंह ने 39 रन एवं विनय प्रताप सिंह ने 32 रन एवं अंश गौतम ने नाबाद 31 रनों की पारियां खेली। इस प्रकार दिन के शेष बचे 72 ओवरों के खेल में डीसीए मऊगंज को जीत के लिये 170 रन बनाने थे जो बड़ी चुनौती नहीं थी। लेकिन मऊगंज के खिलाड़ियों ने बेहद सुरक्षात्मक बैटिंग की तथा जीत की कोशिश न कर मैच को अनिर्णीत समाप्त करने की कोशिश की और उनकी यही नीति अंत मे उनकी पराजय का कारण बनी तथा मऊगंज की दूसरी पारी 65 ओवरों में 125 रनों पर समाप्त हो गयी। स्पष्ट है कि यदि उन्होंने 7 ओवर और बल्लेबाजी कर ली होती तो मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त होता और पहली पारी की लीड के कारण मऊगंज विजेता बन जाता पर ऐसा नहीं हुआ और आरडीसीए एकेडमी रीवा की टीम अपने कोच व पूर्व रणजी खिलाड़ी जगदीप बावेजा के कुशल मार्गदर्शन में 44 रनों से विजयी हुयी व चैंपियन बनी। इस पूरी प्रतियोगिता में आरडीसीए एकेडमी की ओर से बल्लेबाजी में हर्षित मिश्रा तथा गेंदबाजी में दिव्यांशु शुक्ला एवं सौरव मिश्रा ने सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया, जहां हर्षित मिश्रा ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 216 रन बनाये वहीं गेंदबाजी में 16-16 विकेट लेकर दिव्यांशु शुक्ला एवं सौरव मिश्रा अव्वल रहे। फाइनल मैच के अंपायर जीतेन्द्र गुप्ता एवं सुहैल खान रहे जबकि स्कोरर का दायित्व रोहित सिंह के द्वारा उठाया गया। मैच के समाप्त होने के पश्चात रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सह सचिव देवेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में विजेता टीम आरडीसीए एकेडमी रीवा को विजेता ट्राफी एवं डीसीए मऊगंज को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन अवसर पर जिला क्रिकेट संघ मऊगंज के सचिव संजय तिवारी ,वरिष्ठ खिलाड़ी महेन्द्र सिंह, रणजी खिलाड़ी जगदीप बावेजा एवं मऊगंज टीम के कोच अंशुमान सिंह उपस्थित रहे।

JAIPRAKASH
POWER VENTURES LIMITED

Regd. Office : Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
Corporate Office: 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
Website: www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/YEAR ENDED 31st MARCH, 2026

(Rs. in Lakhs Except Earning Per Share)

Sr. No.	Particulars	Standalone					Consolidated				
		Quarter Ended			Year Ended		Quarter Ended			Year Ended	
		31.03.2026	31.12.2025	31.03.2025	31.03.2026	31.03.2025	31.03.2026	31.12.2025	31.03.2025	31.03.2026	31.03.2025
		Audited	Unaudited	Audited	Audited	Audited	Audited	Unaudited	Audited	Audited	Audited
1	Total Income from Operations (net)	147,071	121,140	136,634	579,085	570,630	147,079	121,145	136,667	579,161	570,755
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items)	(806)	1,983	20,069	73,809	121,456	198	1,862	20,092	74,742	121,561
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items)	(806)	1,983	20,069	73,809	121,456	198	1,862	20,092	74,742	121,561
4	Net Profit / (Loss) for the period (after tax and exceptional items)	(2,335)	489	15,549	44,152	81,073	(1,337)	377	15,567	45,063	81,355
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(2,269)	464	15,540	44,194	81,075	(1,271)	352	15,558	45,105	81,357
6	Equity Share Capital	685,346	685,346	685,346	685,346	685,346	685,346	685,346	685,346	685,346	685,346
7	Other Equity				206,172	161,978				207,327	162,221
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.)										
	Basic :	(0.0262)	0.0048	0.16	0.48	0.89	(0.0153)	0.0036	0.15	0.49	0.89
	Diluted :	(0.0262)	0.0048	0.16	0.48	0.89	(0.0153)	0.0036	0.15	0.49	0.89

Note : The above is an extract of the detailed statement of Quarter/Year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter/Year ended Financial Results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** & **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com.**

Place : New Delhi
Dated : 04th May, 2026

JAYPEE GROUP

For and on behalf of the Board
Sunil Kumar Sharma
Vice Chairman
DIN 00008125

टीन शेड के अंदर चल रहा निर्माण

बाहर लिखा है 'यह जमीन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए सुरक्षित'

मंजूरी को लेकर नहीं हो रही जांच, शिकायत को रद्दी टोकरी में डाला

जागरण,रीवा

शहर में अवैध निर्माणों का भंडार है, बिना निगम की अनुमति अवैध निर्माण कर निगम को राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही है। बीच में नगर निगम में इन अवैध निर्माणों की शिकायत भी हुई लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही सामने नहीं आई। नवागत निगमायुक्त अक्षत जैन ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कही है। इन दिनों पीटीएस से न्यू बस स्टैंड रोड में फ्लाई ओवर के शुरू होते ही नाले के बगल में चल रहा निर्माण चर्चा का विषय बना हुआ है, कहा जा रहा है कि यहां बड़े-बड़े नीले टीन शेड लगाकर निर्माण कराया जा रहा है जिसकी अनुज्ञा तक नहीं है। इतना ही नहीं, आमजन को गुमराह करने के लिए इस अवैध निर्माण के मुख्य द्वार पर एक बोर्ड लगा दिया गया है जिसमें लिखा हुआ है कि यह जमीन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए सुरक्षित है। बताया गया कि यह कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण हल्का समान खसरा क्रमांक 430/2 व 429/2 सहित अन्य में किया जा रहा है, जिसकी शिकायत भी नगर निगम में की जा चुकी है लेकिन अभी

तक अधिकारी इसकी खोज खबर लेने नहीं पहुंचे और अवैध रूप से लगातार निर्माण कार्य जारी है।

दूसरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नहीं

सुपर स्पेशलिटी अधीक्षक डॉ.अक्षय श्रीवास्तव से जब पूछा गया कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का कोई निर्माण कार्य इस जगह पर चल रहा है या फिर जमीन आरक्षित है तो उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कोई भूमि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नाम पर आरक्षित नहीं है और न ही कोई निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा रीवा में फिलहाल कोई दूसरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नहीं है। जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि इस भूमि व निर्माण कार्य के बाहर लगाया गया यह गेट पूरी तरह से गुमराह करने के लिए लगाया गया है। बता दें कि चर्चा यह भी है कि इस निर्माण कार्य के लिए शासकीय नाले का स्वरूप भी बदल दिया गया है, जिसमें निगम अधिकारियों की पूरी सहभागिता है।

चिरहुला रोड में बन रही कार्मशियल बिल्डिंग

बता दें कि इसी प्रकार रीवा-सीधी हाइवे में चिरहुला मंदिर के पहले पुराने कंमांडेंट बंगले के बगल में कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, इसकी भी किसी प्रकार की कोई अनुमति नगर निगम से नहीं लिए जाने की चर्चा है। चर्चा के अनुसार नीले टीन शेड के अंदर चिरहुला हल्का खसरा क्रमांक 723/1 रकबा 0.4950 हे. के अंश रकबा 0.4640 हे. में निर्माण किया जा रहा है। जिसकी अनुमति टाउन कंट्री प्लानिंग से वर्ष 2022 में शापिंग मॉल के लिए भूमि स्वामी आदित्य प्रताप सिंह व अगर सिंह द्वारा ली गई है, लेकिन नगर निगम से किसी प्रकार की कोई अनुमति नहीं है। हालांकि इस निर्माण कार्य को जिस प्रकार से बिना किसी डर और भय के पूरा किया जा रहा है, इससे यह कहना गलत नहीं होगा कि जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पूरा सहयोग कर रहे हैं।

कम्पांउडिंग का चल रहा खेल

बता दें कि इस प्रकार के अवैध निर्माण अधिकारी-कर्मचारियों के संरक्षण से पूरा हो जाने के बाद उनमें कम्पांउडिंग का खेल कर दिया जाता है, जिससे इन्हें वैध कर दिया जाता है। नगर निगम के कुछ कंसल्टेंट इस काम के लिए काफी चर्चा में हैं, जिनके द्वारा इन्हीं माध्यमों से मोटी कमाई की जा रही है और निगम को फूटी कौड़ी नहीं मिल रही है। ऐसे निर्माणों को यदि रोक दिया जाए तो निगम को करोड़ों के राजस्व की आय होगी। कुछ ऐसे कंसल्टेंट भी हैं जो यह काम करते-करते इन अवैध निर्माणों में पाटनरशिप कर पांच से 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी करने लगे हैं।

रीवा एयरपोर्ट पर लापरवाही, युवती ने लगाए गंभीर आरोप

टिकट होने के बावजूद नहीं मिली एंट्री, 72 की जगह 48 सीटों वाली फ्लाइट भेजने से यात्रियों में नाराजगी

जागरण, रीवा। चोहटा एयरपोर्ट पर बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। एक युवती ने एयरलाइन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। टिकट होने और समय पर पहुंचने के बावजूद युवती को फ्लाइट में एंट्री नहीं दी गई, जिससे एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा हुआ। यात्रियों का आरोप है कि बुकिंग के समय 72 सीटों वाली फ्लाइट दिखाई गई थी, लेकिन मौके पर 48 सीटों वाला छोटा विमान भेज दिया गया। सीट कम होने के कारण कई यात्रियों को यात्रा से वंचित कर दिया गया। इससे यात्रियों में भारी नाराजगी है। पीड़ित युवती ने पूरे मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो में एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी और यात्रियों की परेशानी साफ दिख रही है। रीवा एयरपोर्ट की अव्यवस्था खुलकर सामने आ गई है। युवती का कहना है कि वह निर्धारित समय पर एयरपोर्ट पहुंची थी और उसके पास कन्फर्म टिकट भी था। इसके बावजूद एयरलाइन स्टाफ ने उसे बोर्डिंग नहीं करने दी। स्टाफ ने ओवरबुकिंग और विमान बदलने का हवाला दिया। घटना के बाद यात्रियों ने एयरलाइन प्रबंधन पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाया है। यात्रियों ने कहा कि बिना सूचना विमान बदलना और कन्फर्म टिकट वालों को ऑफलोड करना नियमों के खिलाफ है। पीड़ितों ने नागर विमानन मंत्रालय और जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

लोक अभियोजक शशि तिवारी ने बांटी मिठाइयां

रीवा। भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल में प्रचंड ऐतिहासिक जीत पर लोक अभियोजक शशि तिवारी के निज निवास उर्रहट में मिठाई बाँटकर जश्न मनाया गया। खुशी व्यक्त करने वालों में लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी, पूर्व डी.एस.पी. सत्यव्रत पाण्डेय, पूर्व डीएसपी गिरीश मिश्रा, डॉ. रणदेव सिंह, एड. सुरेन्द्र तिवारी, डॉ. रमाकान्त पाण्डेय, अनिल तिवारी, प्रो. रमाकान्त पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य रामकुमार मिश्रा, पूर्व प्राचार्य रामकृष्ण तिवारी, डॉ. कृपाशंकर मिश्रा, कृष्णमुरारी तिवारी, ब्रजभूषण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

आतिशबाजी कर मिठाइयां और झालमुड़ी खिलाकर मनाया उत्सव

भाजपा कार्यालय अटल कुंज में मनाया गया भगवा लहर का जश्न

जागरण, रीवा। भाजपा कार्यालय अटल कुंज में पश्चिम बंगाल, असम व पुडूचेरी में हुए विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व मातृशक्तियों ने विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के संघर्ष एवं संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा किया। उन्होंने विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) की चर्चा करते हुए पश्चिम बंगाल की महिलाओं को विशेष रूप से बधाई एवं शुभकामनायें दीं और कहा कि ममता बनर्जी ने एक महिला होकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध किया, उन्हीं महिलाओं ने ममता सरकार को जड़ से उखाड़कर फेंक दिया।

उन्होंने कहा कि उन्ही महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर विश्वास कर भारी समर्थन दिया। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की अवधारणा पर कार्य करते हुए माफिया राज को समाप्त कर प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा को प्राथमिकता देगी। असम की जनता ने तीसरी बार भाजपा सरकार पर विश्वास कर राष्ट्रवाद को चुना है, वहीं बंगाल की जनता ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोकतंत्र में अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के नेतृत्व में सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद की यह विजय यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। यह ऐतिहासिक जनादेश भारतीय जनता पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और देश की जागरूक जनता के अपार स्नेह का परिणाम है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोला, विन्ध्य विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा के वरिष्ठ नेता राम सिंह, महाबली गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, विमलेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, मनीषा पाठक, शरद साहू, राजेश प्रताप सिंह, अशोक सिंह गहरवार, मनीषचन्द्र शुक्ला जिला महामंत्री विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, जिला मंत्री बिजेन्द्र गौतम, गीता माझी, जिला कोषाध्यक्ष वासुदेव ठारवानी, पूर्व सांसद देवराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, कल्पना श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि नगर निगम रमाशंकर गुप्ता, रमेश गर्ग, पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी, डॉ. अनिल पटेल, राजगोपाल मिश्रा चारी, नरेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, गौरव पाण्डेय, हेमलता सिंह, महेन्द्र त्रिपाठी, रिपुदमन सिंह, राकेश सिंह रिमारी, जगन्नाथ साहू, संजीव गुप्ता, मोहित गुप्ता, सुनीता भार्गव, जयंत खन्ना, देवाशु मिश्रा, मनोज सिंह, रामायण कुशवाहा प्रकाश श्रीवास्तव, रामायण गौतम, नरेन्द्र सिंह बघेल, सी एल रावत, बालानन्द द्विवेदी, प्रमोद मिश्रा, जयप्रताप सिह, पुष्पेन्द्र मिश्रा, किशन मिश्रा, ज्योति सिंह, प्रदीप सिंह, कमल सोनी, मो. इमरान गुलाब, अमित तिवारी, बुद्धसेन नापित सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने सभी को मिठाई खिलाकर जताई खुशी

रीवा। पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह बंगाल में भारी बहुमत से एक चमत्कारी जीत की खुशी होटल राजविलास में सभी को मिठाई खिलाकर मनाई। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व एवं अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में भाजपा ने बंगाल में भारी बहुमत प्राप्त कर कर बहुत बड़ी जीत हासिल की है। होटल रीवा राजविलास में राकेश सिंह रिमारी बृजेंद्र सिंह प्रद्युम्न सिंह महेंद्र अवधिया गुलाम अहमद सुरेश महेंद्र शुक्ला विक्रम द्विवेदी मुकेश तिवारी शिवाली सिंह ज्ञानेंद्र एवं भारी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के सभी बड़े नेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री की जनहितकारी नीतियों और जनता के विश्वास से मिली ऐतिहासिक जीतः उप मुख्यमंत्री

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में मिली ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं गरीब कल्याण, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता और वित्तीय समावेशन ने समाज के हर वर्ग तक सीधे लाभ पहुंचाया है। इन योजनाओं ने न केवल लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है, बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे को भी मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुखी शासन स्थापित हुआ है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र ने हर क्षेत्र में समावेशी विकास को गति दी है, जिसका परिणाम आज चुनावी जीत के रूप में सामने आया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व के संगठनात्मक मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के कुशल प्रबंधन, सूक्ष्म चुनावी रणनीति और कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद की शैली ने जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत किया है। उनके संतुलित और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण ने चुनावी प्रक्रिया को सुदृढ़ आधार प्रदान किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह जनादेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता विकास, स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.1 रीवा (म.प्र.)-486001

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA No-1
REWA (M.P.) - 486001
(शिक्षामंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India)
Email: rewal@kvsrojabalpur.in website: https://nolrewa.kvs.ac.in Ph. No-: 07662-297023

पीएम श्री के.वि.आर 1/2026-27/ दिनांक: 04/05/2026

कक्षा 11वीं बायोलाजी (PCB) सत्र 2026-27

प्रवेश हेतु सूचना

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 रीवा में कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के बायोलॉजी वर्ग में कुछ रिक्तियां संभावित है। इस हेतु मेरिट लिस्ट बनाई जानी है। इच्छुक अभ्यार्थी (गैर केन्द्रीय विद्यालय) दिनांक 05.05.2026 से 07.05.2025 (प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे) तक कार्यालयीन दिवसों में अपना पंजीयन विद्यालय में करा सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु विद्यालय के वेवसाइट https://nolrewa.kvs.ac.in अवलोकन करें। प्रवेश केविस के प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 के नियमावली के अनुसार एवं रिक्तियां होने पर ही दिया जायेगा। आवेदन विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड सकते हैं।

प्राचार्य

कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट

जिला सतना (म.प्र.)

ईमल -:cmchitrakoot@mpurban.gov.in संपर्क -:07670-265329
क्रं./E-Tender/तक./ 1445 /2026 चित्रकूट, दिनांक 30/04/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद चित्रकूट द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि
1	2026_UAD_504627_1	वार्ड क्रं. 10 कबीर मार्ग में पुलिया से उपध्याय जी के घर तक सी.सी. रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	839084.00/-	8391.00/-	2000.00/-	03 माह
2	2026_UAD_504627_2	वार्ड क्रं. 01 पम्प हाउस से बिहारी चौक तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	781302.00/-	7813.00/-	2000.00/-	03 माह
3	2026_UAD_504627_3	वार्ड क्रं. 11 वैदेही वाटिका का रिपेयरिंग कार्य	1079911.00/-	8100.00/-	2000.00/-	03 माह
4	2026_UAD_504627_4	वार्ड क्रं. 13 पथरा में श्री चन्द्र पाण्डेय के घर से शासकीय तालाब तक नाली निर्माण कार्य	1632927.00/-	12247.00/-	2000.00/-	03 माह
5	2026_UAD_504627_5	वार्ड क्रं. 07 छेदी कुम्हार के घर से रामदास स्वीपर के घर तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	272940.00/-	2730.00/-	2000.00/-	02 माह
6	2026_UAD_504627_6	वार्ड क्रं. 04 सोधन टिकुरा स्कूल में रिटेनिंग वाल एवं तार फैंसिंग कार्य।	851454.00/-	8515.00/-	2000.00	03 माह
7	2026_UAD_504627_7	वार्ड क्रं. 15 चौबेपुर स्वीपर बस्ती में फूलचन्द्र के घर से सुन्दर साहू के घर तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य।	1488943.00/-	11167.00/-	2000.00/-	03 माह
8	2026_UAD_504627_8	वार्ड क्रं. 14 चौबेपुर में बड़ी देवी के मन्दिर से ओमप्रकाश पाण्डेय जी एवं रामेश्वर अनुरागी के घर तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य।	1453214.00/-	10899.00/-	2000.00/-	03 माह
9	2026_UAD_504627_9	वार्ड क्रं. 07 लालमन के घर से सी.सी. रोड अन्तिम तक RCC नाली निर्माण कार्य।	755795.00/-	7558.00/-	2000.00/-	03 माह
10	2026_UAD_504627_10	वार्ड क्रं. 14 गढईतीर में बरमबाबा पेड़ मेन रोड से रामेश्वर पटेल के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य।	732430.00/-	7324.00/-	2000.00/-	03 माह
11	2026_UAD_504627_11	वार्ड क्रं. 02 कामता में सोनू गुप्ता और विकास सेन के घर तक रोड मरम्मतीकरण कार्य।	147028.00/-	2941.00/-	1000.00	02 माह
12	2026_UAD_504627_12	वार्ड क्रं. 14 चौबेपुर में चुनकाई कहार से कृष्ण मोहन शर्मा जी के चक्की तक रोड मरम्मत एवं नाली निर्माण कार्य।	984724.00/-	9847.00/-	2000.00/-	03 माह
13	2026_UAD_504627_13	वार्ड क्रं. 08 सालिकराम मवासी के घर से अरविन्द प्रजापति के घर तक रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य।	1644467.00/-	12334.00/-	2000.00/-	03 माह
14	2026_UAD_504627_14	वार्ड क्रं. 10 शास्त्री नगर में कामता प्रसाद मिश्रा के घर से सीतारामदारा जी की बगिया तक सी.सी. रोड एवं RCC नाली निर्माण कार्य।	1254048.00/-	9405.00/-	2000.00/-	03 माह
15	2026_UAD_504627_15	वार्ड क्रं. 05 छीरपुरवा में श्याम सुन्दर यादव के घर से शिवमनेश और घंकू यादव के घर तक रोड एवं RCC नाली निर्माण कार्य।	2070767.00/-	20076.00/-	5000.00/-	04 माह
16	2026_UAD_504627_16	वार्ड क्रं. 11 जानकीकुण्ड में मेन रोड से ओझा आश्रम तक रोड एवं RCC नाली निर्माण कार्य।	1512240.00/-	11342.00	2000.00/-	03 माह
17	2026_UAD_504627_17	वार्ड क्रं. 12 में झल्लू कोरी के घर से मूलचन्द्र कोरी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	415725.00/-	4157.00/-	2000.00	02 माह
18	2026_UAD_504627_18	वार्ड क्रं. 13 पथरा में शासकीय विद्यालय से शंकर पटेल के घर तक RCC नाली निर्माण कार्य।	3171653.00/-	23787.00/-	5000.00/-	05 माह
19	2026_UAD_504627_19	वार्ड क्रं. 01 में चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय के घर से राजेन्द्र त्रिपाठी के घर तक सीसी रोड रिपेयरिंग कार्य।	708885.00/-	7089.00/-	2000.00/-	03 माह
20	2026_UAD_504627_20	वार्ड क्रं. 01 चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय जी के घर से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य।	489288.00/-	4893.00/-	2000.00/-	02 माह
21	2026_UAD_504627_21	वार्ड क्रं. 05 छीर पुरवा में मुख्य मार्ग से बुद्धराज के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	768128.00/-	7681.00/-	2000.00/-	03 माह

शर्तें:-
1. निविदा से संबन्धित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http://mptenders.gov.in की वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 04.05.2026 को 10:30 बजे से 17:30 में 03.06.2026 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते हैं।
3. निविदा की समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होंगी।
4. सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी. छोड़कर प्रस्तुत की जावें।
5. जिन संविदाकारों को निकाय द्वारा ब्लैक लिस्टेड या प्रतिबंधित किया गया है एवं जिन संविदाकारों द्वारा अनुबंध नहीं किया गया है, वह निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं, और ना ही उनकी निविदायें खोली जायेंगी।
6. ठेकेदार द्वारा किये गये निर्माण कार्य का भुगतावन निकाय में बजट उपलब्ध होने पर ही किया जावेगा जो ठेकेदार को मान्य एवं स्वीकार होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद चित्रकूट

एसडीएम खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

रीवा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में गेहूं उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। बारदाने के अभाव में खरीदी प्रभावित हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। खरीदी केन्द्र में उपार्जित गेहूं के सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था करें। खरीदे गए गेहूं का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। गेहूं परिवहन में लापरवाही बरतने वाले परिवहनकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर गेहूं खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें। खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। गेहूं उपार्जन में लापरवाही बरतने वाले समिति प्रबंधकों तथा खरीदी केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करें।

सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - **8962086944**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग हुजूर, जिला रीवा (म.प्र)

क्रमांक/0380/एसडीओ/एच/रीडर-1/2026
रीवा, दिनांक: 23.04.2026

अपीलार्थी मो. मकसूद वल्द मरहूम मो. मुस्ताक निवासी घोघर तहसील हुजूर जिला रीवा हाल मुकाम ए-504 समदरिया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा द्वारा इस न्यायालय में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 ई. की धारा 44 (1) के तहत नायब तहसीलदार वृत्त बनकुईयां तहसील हुजूर, जिला रीवा के न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1582/अ-6/2019-20 में पारित आदेश दिनांक 17-09-2019 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है, जो प्रकरण क्रमांक 0380/अपील/2024-25 मोहम्मद मकसूद बनाम माहिरा परवीन मौजा किटवरिया विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 28.05.2026 नियत है। अपीलार्थी द्वारा निवेदन किया गया है कि उत्तरवादी को जारी रजिस्टर्ड नोटिस संबंधित पते में तामीली नहीं हो पा रही है, समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर उत्तरवादी की उपस्थिति कराई जाय।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला-रीवा (म.प्र.)

RN- 85266

शीघ्र आवश्यकता है

Nagod शहर में शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक (Cook) की आवश्यकता है एवं घरेलू कार्य हेतु एक काम करने वाले की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध है। मिलने का समय-दोपहर 12:00 से शाम 5:00 बजे तक। संपर्क करें:- 6263358055 RN-85265 (7/5)

विधिक सूचना

प्रति, शुभम पटेल तनय विशेन्द्र पटेल उम्र - 26 वर्ष निवासी तिवारी आटा चक्की के पास गायत्री नगर थाना विश्वविद्यालय तह. हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)।

आपके द्वारा मेरे पक्षकार हिमान्सू दुबे तनय शिवेन्द्र दुबे निवासी आनन्द नगर रीवा को ऋण अदायगी हेतु चेक क्रमांक-000010 HDFC बैंक तादाती 300000/- (तीन लाख रूपये) दिया गया है। जो कि दिनांक 15.04.2026 Payment Stoped by Drawer की टीप के साथ अनादृत हो गया है। विधिक सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेसित की गई है जो वापस आ चुकी है। अतएव समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि चेक में वर्णित राशि अदा कर चेक वापस प्राप्त कर लें। अथवा म्याद अवधि पूर्ण होने पर आपके विरूद्ध न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी।

दिनांक: 05.05.2026

भवदीय
राजीव लोचन चतुर्वेदी, एड.
जिला एवं सत्र न्यायालय,
रीवा (म.प्र.)
मो.: 96300298567

RN-85264

नाम सुधार सूचना

मैं मुन्नी उर्फ दयावती शर्मा पति सतानन्द शर्मा उम्र 76 वर्ष निवासी ग्राम जोरौट पोस्ट जोरौट थाना व तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.) की पुस्तैनी निवासी हूं। तथा शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में मेरा नाम दयावती शर्मा पति सतानन्द शर्मा दर्ज है जो त्रुटि पूर्ण है जबकि राजस्व रिकार्ड अ.न. 577/2 एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम मुन्नी उर्फ दयावती शर्मा पति सतानन्द शर्मा अंकित है जो सही व सत्य है। अतः मेरे समस्त दस्तावेज आधारकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, समग्र आइडी एवं सभी रिकार्डों में मेरा नाम मुन्नी उर्फ दयावती शर्मा पति सतानन्द शर्मा दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए। मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

RN- 85054 मुन्नी उर्फ दयावती शर्मा

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

वेबसाइट www.trscollege.com
फोन नं0- 0772 252670 ई मेल-hegtrscrew@mp.gov.in

क्र. 878 /स्टोर/2026 रीवा, दिनांक 02.05.2026

निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2026-27

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विवरण एम. पी. ई-टेंडर वेब साइट पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर आई डी	कार्य का नाम	ई पब्लिसिंग दिनांक	क्लोजिंग दिनांक
1.	2026_HED_502039_1	टेंट आइटम	22.04.26	13.05.26
2.	2026_HED_501949_1	एसी एण्ड इनवरटर आइटम	22.04.26	13.05.26
3.	2026_HED_501939_1	सीसीटीवी कैमरा रिपेरिंग	22.04.26	13.05.26
4.	2026_HED_501970_1	इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम	22.04.26	13.05.26
5.	2026_HED_501886_1	क्लीनिंग आइटम	22.04.26	13.05.26
6.	2026_HED_501955_1	वाटर कूलर एण्ड अदर आइटम	22.04.26	13.05.26
7.	2026_HED_501961_1	स्टेशनरी आइटम	22.04.26	13.05.26
8.	2026_HED_501977_1	कम्प्यूटर एण्ड अदर आइटम	22.04.26	13.05.26
9.	2026_HED_502037_1	फ्लैक्स एण्ड बैनर प्रिंटिंग	22.04.26	13.05.26
10.	2026_HED_501967_1	प्लम्बर आइटम	22.04.26	13.05.26
11.	2026_HED_503383_1	डयुल डेस्क	28.04.26	20.05.26

उपरोक्त निविदा को बेबसाइट एम.पी. ई-टेंडर में आन लाइन के माध्यम से निविदाकार निविदा भर सकते है।

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)

आवेदन आमंत्रित

रीवा। प्रदेश स्तर पर लागू की गई 'मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति-2026' अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में मत्स्योद्योग विभाग, जिला पंचायत एवं निकाय के चयनित जलाशयों तथा मत्स्य महासंघ के समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्यमी मॉडल अंतर्गत निवेशकों/उद्यमियों द्वारा केजों व अन्य गतिविधियों के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

कार्यालय नगर परिषद गुढ़ जिला- रीवा (म.प्र.)

Office of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)
Address:- Ward No.-12 Gurh Dist.- Rewa (M.P.) Pin No. 486553 Email: cmogudh@mpurban.gov.in

क्र. 617/(E.T.)/न.परि./2026 गुढ़ दिनांक 04.05.2026

//ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_504767_1 दिनांक- 04.05.2026	SUPPLY AND DELIVERY OF WATER SUPPLY MATERIAL

संक्षिप्त खबरें

डॉ. आकाश बने फाइमा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

नगर संवाददाता, भोपाल। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन

(फाइमा) ने डॉ. आकाश सोनी को संगठन का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह निर्णय देशभर के डॉक्टरों के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के उद्देश्य से लिया गया है। डॉ. सोनी लंबे समय से चिकित्सा क्षेत्र में सक्रिय हैं और डॉक्टरों के अधिकार, सुरक्षा और कार्य परिस्थितियों में सुधार के लिए काम करते रहे हैं। उनकी नियुक्ति से संगठन को सरकार और समाज के सामने अपनी बात मजबूती से रखने में मदद मिलेगी। फाइमा एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, जो डॉक्टरों और मेडिकल स्टूडेंट्स का प्रतिनिधित्व करता है और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य करता है। अपनी नियुक्ति पर डॉ. आकाश सोनी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा से डॉक्टरों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बनाना है।

चना-मसूर का उपार्जन अब 28 मई तक किया जाएगा

विसं भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी गई है, इससे वंचित किसान भी पंजीयन कर अपनी उपज बेच सकेंगे। इसी तरह चने और मसूर का उपार्जन 28 मई तक किया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्राइस सपोर्ट स्कीम वर्ष-2026 के तहत लगभग 600 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। चने के लिए 6.49 लाख मीट्रिक टन एवं मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का लक्ष्य है। तुअर के लिए 1.31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपार्जित उपज का भुगतान समय पर किसानों के खातों में सुनिश्चित किया जा रहा है।

अब रात 10 बजे तक बन सकेगी तौल पर्ची

विसं भोपाल। गेहूं उपार्जन कराने वाले किसानों की तौल पर्ची अब रात्रि 10 बजे तक भी बनेगी,जबकि किसानों को रात 12 बजे तक भुगतान कराया जाएगा। यह जानकारी खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि अभी तक 7 लाख 48 हजार किसानों से 39 लाख 2 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। अभी तक 14 लाख 75 हजार किसानों द्वारा गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कराए गए हैं। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 तक की गई। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल कांटों की संख्या में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एनआईसी सर्वर की क्षमता एवं संख्या में वृद्धि कराई गई। खाद्य विभाग द्वारा प्रति घंटा स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन की मॉनिटरिंग की जा रही है।

एमपी ट्रांसको ने नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया

विसं भोपाल। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करने के लिए 220 केवी सब स्टेशन मांगलिया, इंदौर में 200 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। उन्होंने बताया कि चुनौतियों के बावजूद इंदौर जैसे शहर मे यह कार्य मेट्रो परियोजना की आवश्यकताओं के साथ ही शहर की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। घनी आबादी वाला शहरी क्षेत्र होने के कारण खजराना में अतिरिक्त विद्युत पारेषण अवसंरचना विकसित करना तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण था।

2160 शिक्षक होंगे आनंद सभा के प्रशिक्षक

भोपाल । राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रदेश में शिक्षा को मानवीय एवं मूल्य-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत प्रदेश के शासकीय स्कूली शिक्षकों के लिये 6 दिवसीय आवासीय कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसका शुभारंभ वाल्मी, ईटीसी सेंटर नीलबड़ और राज्य आनंद संस्थान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कुमार ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 18 कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 2160 शिक्षक सहभागिता करेंगे।मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि आनंद सभा के अंतर्गत हमारा लक्ष्य है कि विद्यालयों में आनंद सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन के गहरे मूल्यों से जोड़ा जाए। यह पहल शिक्षा व्यवस्था में एक सांस्कृतिक परिवर्तन का प्रयास है।

झालमुड़ी खाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया चुनावों में जीत का जश्न

पटाखे, मिठाई लेकर पार्टी मुख्यालय पहुंचे कार्यकर्ता, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचकर मनाया जश्न

विशेष संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश भाजपा मुख्यालय में सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी खाकर तीन राज्यों में पार्टी की जीत का जश्न मनाया। नेताओं ने दावा किया कि राज्यों में पार्टी को मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और विकास का जनादेश है। पांच राज्यों में मतगणना का रुझान सामने आते ही प्रदेश भाजपा दफ्तर सहित राज्य के जिला मुख्यालयों में कार्यकर्ता पटाखे, मिठाई लेकर पहुंचे और ढोल नगाड़ों के बीच उन्होंने जीत का जश्न मनाया। दोपहर बाद वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं को उत्साह बढ़ाया। कुछ नेताओं को झालमुड़ी बनाते भी देखा गया, तो कार्यकर्ता भी झालमुड़ी खाते देखे गए। इधर शाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भाजपा दफ्तर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और सांसद विष्णुदत्त शर्मा के साथ कार्यकर्ताओं के जश्न राज्यों के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत का जश्न मनाया।

जहां गए सीएम,वहां मिली जीत

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने से लेकर चुनावी प्रचार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहभागिता रही है। जानकारों की माने तो डॉ. यादव ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण में आने वाली विधानसभाओं के अलावा हिन्दी भाषी और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में प्रचार किया। इन सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है।

नेताओं ने ये कहा

- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत केवल बंगाल की नहीं, बल्कि भारत माता और देश की विजय है। क्योंकि टीएमसी ने वहां की डेमोग्राफी ही बदल दी थी। सुरक्षित बंगाल विकसित बंगाल की यह जीत है और यह केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से ही संभव हो सकता है, क्योंकि मोदी है, तो सब संभव है। उन्होंने कहा कि इस जीत से एक संकल्प, एक सपना पूरा हुआ है।
- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उन्हें कितनी खुशी हो रही है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। विशेषकर पश्चिम बंगाल में उनके खिलाफ कई प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिनमें गंभीर आरोप भी शामिल थे। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने संघर्ष जारी रखा और आज परिणाम सबके सामने हैं। उन्होंने फिर दोहराया कि यदि केंद्रीय मंत्री अमित शाह नहीं होते, तो उनकी फोटो पर माला टंगी होती। बंगाल की जीत देश के लिए एक बड़ा तोहफा है। विजयवर्गीय अपनी प्रतिक्रिया देते वक्त भावुक नजर आए।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस देश के नक्शे से गायब हो गई है। झालमुड़ी मेरे लिए नई नहीं है, क्योंकि कोलकाता में मेरी ससुराल है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में राष्ट्रीविरोधी ताकते पीछे हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी को सफलता मिली है। एक ऐसी पार्टी एक ऐसा नेता जिन्होंने हमेशा आम लोगों के हित में काम किया,भारत का मान बढ़ाया हैं।
- खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह आनंदित होने का क्षण है कि गुंडे, अपराधियों और घुसपैठियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा हैं। न केवल पश्चिम बंगाल व असम बल्कि पुडुंचेरी और केरल में भी भाजपा ने इतिहास रचने का काम किया है। यह देश की जनता का प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विश्वास का प्रतीक है।

अब नगर निगम-पालिकाओं से जुड़े छोटे विवाद भी ट्रिब्यूनल सुलझाएगा

दो साल में निपटेंगे विवाद, कोर्ट का भार होगा कम, नहीं रुकेंगे विकास कार्य

मुख्य संवाददाता, भोपाल। नगरीय और ग्राम निकायों से जुड़े छोटे-छोटे विवाद अब न अदालत पहुंचेंगे और न इन विवादों का साया विकास कार्यों पर पड़ेगा। सरकारी विभाग, निगम-मंडलों व आयोग की तरह नगर निगम, पालिकाओं से लेकर ग्राम पंचायतों से जुड़े विवादों का निपटारा भी अब स्पेशल ट्रिब्यूनल में किया जाएगा। निकायों द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यों के अलावा सड़क, बांध, पुल के साथ ही विद्युत लाइन, सीवरेज सिस्टम और सामग्री सप्लाई जैसे ठेकों के उल्लंघन के मामलों का निराकरण भी अदालतों की बजाए इस ट्रिब्यूनल में ही किया जा सकेगा। विवादों के निराकरण को लेकर इस बदलाव की वजह है मध्य प्रदेश माध्यस्थम् अधिकरण अधिनियम 2025 में किया गया संशोधन। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद 17 अप्रैल से इसे लागू भी कर दिया गया है। संशोधन के बाद अधिनियम की परिभाषा बदल गई है तो इसका दायरा भी कई गुना बढ़ा दिया गया है। विवादों के निराकरण की समय सीमा भी तय कर दी गई है। अब इसमें सिर्फ बड़ी सरकारी कंपनियां ही नहीं, बल्कि नगर पालिका व नगर निगम, यहां तक कि ग्राम पंचायतें भी शामिल होंगी। इसका मतलब है कि इन निकायों के निर्माण कार्यों के विवाद भी अब इसी स्पेशल ट्रिब्यूनल में भेजे जाएंगे।

पारदर्शिता के लिए कार्यकाल घटाया

ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए अब एक सर्च-कम-सिलेक्शन कमेटी बनाई जाएगी। इस कमेटी की अध्यक्षता हाई कोर्ट के जज करेंग और प्रदेश के मुख्य सचिव इस कमेटी के सदस्य होंगे। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कमेटी चेयरमेन और सदस्यों के पद के लिए दो-दो नामों के पैनल की सिफारिश करेगी, जिस पर अंतिम फैसला सरकार लगी। अब ट्रिब्यूनल के चेयरमेन और सदस्यों का कार्यकाल 5 साल से घटाकर 3 साल कर दिया गया है। यदि कोई सदस्य काम करने में अक्षम पाया जाता है या अपने पद का गलत इस्तेमाल करता है, तो उसे हटाने के नियम भी अब काफी सख्त कर दिए गए हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी सुनवाई: डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए अब ट्रिब्यूनल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी सुनवाई हो सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव डेडलाइन में किया गया है। अब ट्रिब्यूनल को नोटिस मिलने के 2 साल के भीतर अपना फैसला सुनाना होगा। अगर बहुत जरूरी हुआ तो स्पेशल केस में ही सिर्फ 6 माह का अतिरिक्त समय मिल सकेगा।

इस कारण कानून में बदलाव

ट्रिब्यूनल में अब तक केवल निर्माण विभागों जैसे पीडब्ल्यूडी, पीएचई, जल संसाधन और निगम-मंडलों जैसे सड़क विकास प्राधिकरण, आवास संघ एवं हाउसिंग बोर्ड से जुड़े विवादों की ही सुनवाई होती थी। ऐसे में नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों में छोटे ठेकेदारों और शासन के बीच होने वाले विवाद सीधे कोर्ट जाते थे। कई बार ठेकेदार अदालत से स्टे ले आते थे और विकास कार्य सालों तक अटक जाते थे। अब दो साल की डेडलाइन में न केवल मामला सुलझेगा, बल्कि निर्माण कार्यों पर भी रोक न लगे, इसके लिए इंटरिम ऑर्डर जारी होंगे और किसी अन्य ठेकेदार से काम करवा लिया जाएगा। सरकार को ऐसी भी शिकायतें मिली थीं कि ट्रिब्यूनल में सुनवाई के बाद फैसला आने में पांच साल तक का समय लग जाता है। यही वजह रही कि निपटारे की डेडलाइन भी घटाकर दो साल तय कर दी गई। ट्रिब्यूनल के सदस्यों और चेयरमैन का पांच साल लंबा कार्यकाल भी बाधा बन रहा था, क्योंकि वे एक ही पद और स्थान पर पदस्थ रहते थे। अब उनकी सेवा अवधि को भी घटाया गया है।

कोर्ट से ट्रांसफर होंगे केस

इस बदलाव के बाद सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जन सुविधा के विकास कार्य अब निकायों और ठेकेदारों के बीच विवाद की स्थिति में भी बंद नहीं होंगे। ट्रिब्यूनल में सुनवाई के दौरान भी विकास कार्य जारी रहेंगे। इससे ठेकेदारों और सरकार के बीच लंबित पड़े करोड़ों रुपयों के विवादों का निपटारा जल्द हो सकेगा। अगर सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष आपस में समझौता कर लेते हैं, तो ट्रिब्यूनल उस समझौते के आधार पर केस को वहीं बंद कर सकता है। नए कानून में अंतरिम राहत का भी प्रावधान है। सुनवाई के दौरान किसी सामान को खराब होने से बचाने, बैंक गारंटी को कैश कराने या किसी प्रॉपर्टी के निरीक्षण के लिए कोर्ट से तुरंत आदेश लिये जा सकेंगे। यह कानून उन सभी मामलों पर भी लागू होगा जो अभी कोर्ट में लंबित हैं।

नवाचार कर शैक्षणिक गुणवत्ता पर किया फोकस : मुख्यमंत्री

ग्वालियर में ऋषि गालव विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम को किया संबोधित

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में हमने उच्च शिक्षा में नवाचारों के जरिए शैक्षणिक गुणावत्ता पर विशेष ध्यान दिया है। विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण का भी स्थल होता है। ऋषि गालव विश्वविद्यालय भी इसी दिशा में काम करेगा। मुख्यमंत्री का यह संबोधन मध्य भारत शिक्षा समिति द्वारा संचालित किए जा रहे ग्वालियर में ऋषि गालव विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की सुदामा से मित्रता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करती है, यह इस बात का संकेत है कि गरीब-अमीर के बीच कोई परदा नहीं होना चाहिए। नालंदा, तक्षशिला विश्वविद्यालयों के माध्यम से मानवता के मूल्यों के प्रसार का उदाहरण भी भारतीय ज्ञान परम्परा में विद्यमान है। इसी भाव का अनुसरण करते हुए प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों में योग्यता, दक्षता और चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि ऋषि गालव विश्वविद्यालय सरकार और समाज के साझा प्रयासों का एक सजीव उदाहरण बनेगा। राष्ट्रवादी विचारों को समर्पित इस विश्वविद्यालय की पूर्ण गौरव और गरिमा के साथ स्थापना में राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, इसे आधार मानकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए हैं। इस क्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति को कुलगुरु का सम्मानजनक और श्रद्धापूर्ण संबोधन प्रदान किया गया है। संपूर्ण प्रदेश में गुरु पूर्णिमा का आयोजन भी इसी क्रम का नवाचार है।

परिवेश का विकास ही वास्तविक विकास है:सोनी

मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि सड़क, भवन व अन्य अधोसंरचनाओं का निर्माण एवं आविष्कार केवल परिवेश का विकास है। वास्तविक विकास वह होता है जिसमें मनुष्य के साथ परिवेश का भी विकास हो। मनुष्य अधिक संवेदनशील, विचारवान व व्यापक दृष्टिकोण वाले हों। इसी पुनीत उद्देश्य को लेकर मध्यभारत शिक्षा समिति द्वारा ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा रोजगारपरक शिक्षा के साथ-साथ मनुष्य के चरित्र निर्माण पर भी जोर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति भी इसी भावना के साथ बनाई गई है कि ज्ञान, चरित्र व संस्कार के साथ युवा अपने पैरों पर खड़े हों। साथ ही दूसरों को भी रोजगार व नौकरी देने वाले बनें। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पाण्डे ने कहा कोई भी देश केवल सैन्य शक्ति की बदौलत महान नहीं बन सकता। महान बनने के लिए शिक्षा व संस्कारों की जरूरत होती है। ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना इसी भाव के साथ की जा रही है।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 22 दिनों में ट्रैक पर सभी पांच भारी पोर्टल बीम किये लॉन्च

अहमदाबाद। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मणिनगर में अहमदाबाद-वडोदरा रेलवे लाइन के ऊपर, सभी पाँच (05) प्रीकास्ट-प्रीस्ट्रेस्ड भारी पोर्टल बीम (गर्डर) को मात्र 22 दिनों के भीतर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। लॉन्चिंग प्रक्रिया 8, 13, 19, 24 और 29 अप्रैल 2026 को पूर्व-नियोजित और चरणबद्ध क्रम में सफलतापूर्वक पूरी की गई। यह कार्य भारतीय रेलवे की सक्रिय पटरियों के ऊपर अत्यंत उच्च स्तर के समन्वय, तीव्र कार्यगति तथा सटीक एवं सुरक्षित निष्पादन के साथ पूरा किया। सबसे भारी बीम, जिसका वजन लगभग 1360 एमटी था, 8 अप्रैल 2026 को लॉन्च किया गया, जो परिचालन रेलवे लाइनों पर किए गए सबसे भारी लिफ्टों में से एक को चिह्नित करता है। पांचों बीमों में से प्रत्येक का वजन 1170 एमटी से 1360 एमटी के बीच था, जिससे यह रेलवे अवसंरचना पर किए गए सबसे जटिल संरचनात्मक संचालन में से एक बन गया। मणिनगर में, बुलेट ट्रेन का एलाइनमेंट मौजूदा रेलवे ट्रैकों से ऊँचाई वाले स्तर पर चौंकाने और सीमित ज्यामिति के साथ क्रॉस करती है, जिसके लिए सावधानीपूर्वक संरचनात्मक योजना की आवश्यकता होती है। दो पियर्स के बीच का अंतराल भी अपेक्षाकृत बड़ा है (लगभग 30 मी से 34 मी), जो सुरक्षित रूप से भार स्थानांतरित करने के लिए पोर्टल बीम जैसी मजबूत और कठोर सहायक प्रणाली की आवश्यकता को और बढ़ाता है। इस स्थान पर पोर्टल बीम को भारी संरचनाओं के रूप में डिज़ाइन किया गया है, ताकि वे भारतीय रेलवे की कई सक्रिय पटरियों—जिनमें अहमदाबाद-वडोदरा की अप डाउन और तीसरी लाइनें शामिल हैं—के ऊपर से गुजर सकें।

कैबिनेट की बैठक आज, कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित कई अहम फैसले होंगे

विशेष संवाददाता भोपाल। मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की 5 मई मंगलवार को बैठक आहुत की गई है, जिसमें कई अहम फैसले लिए जाएंगे। बैठक में कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़े प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। जानकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में पूर्वान्ह 11 बजे प्रारम्भ होगी। जिसमें कर्मचारियों से जुड़े कुछ अहम प्रस्तावों पर चर्चा होने के बाद सहमति बन सकती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ गेहूं उपार्जन सहित किसानों से जुड़े दूसरे विषयों पर भी संवाद कर सकते है।

दो संतान की बाध्यता होगी खत्म : इधर राज्य सरकार द्वारा दिग्विजय सिंह सरकार द्वारा राज्य के अधिकारी कर्मचारियों के लिए दो संतान वाला कानून की बाध्यता को खत्म कर सकती है। इस कानून में प्रावधान है कि यदि अधिकारी कर्मचारियों की दो से अधिक संतान होती है,तो उनकी सेवाएं समाप्त हो जाएगी। इस पर जमकर विरोध हुआ था। इस कानून को निरस्त करने को लेकर कर्मचारी संगठनों द्वारा पिछले एक साल से अपनी मांग तेज की गई है।

कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना

इसी तरह कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना की मांग की जा रही है। पूर्व सीएम कमलनाथ के समय इसे लेकर कर्मचारी संगठन सक्रिय हुए थे। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान सरकार के समय भी इस विषय को लेकर कई बैठकें हुई,लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका था। कर्मचारियों ने पिछले वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी अपनी दोनों मांगों को लेकर मुलाकात की थी,तब सीएम डॉ. यादव ने कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा भी कर दी थी। जिसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग और कर्मचारी संगठनों की कई बार बैठकें भी हुई,तो दूसरे राज्यों की इस योजना का अध्ययन भी किया गया। ऐसी उम्मीद है कि सरकार इन दोनों विषयों पर मुख्यमंत्री की सहमति के बाद कैबिनेट में लाकर उस पर निर्णय ले सकती है।

पदभार — मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा यादव ने संभाला कामकाज

शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं रहेगा आयोग: यादव

विशेष संवाददाता भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा यादव ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर उन्होंने अपनी प्राथमिकताए गिनाते हुए कहा कि आयोग केवल महिलाओं की शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं रहेगा,अलबत्ता महिलाओं के वैचारिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी काम करेगा। पदभार ग्रहण करने के उपरांत पत्रकारों से संवाद करते हुए रेखा यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि मध्यप्रदेश की हर नारी आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस करे। मेरा प्राथमिक दायित्व उनके इसी विजन को साकार करना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि आयोग महिला अपराधों को लेकर संवेदनशील है और उन्हें रोकने के लिए कड़ा रुख अख्तियार करेगा। अध्यक्ष ने कहा कि कानून अपनी जगह है, लेकिन समाज की मानसिकता में बदलाव लाए बिना स्थायी सुधार संभव नहीं है। कानूनों के निर्माण से अपराधों पर पूर्णतः अंकुश नहीं लगाया जा सकता, इसके लिए मानव की सोच और सामाजिक दृष्टिकोण को बदलना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब तक पुरुष प्रधान सोच और महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया नहीं बदलेगा, तब तक

अपराध की प्रवृत्ति में स्थायी सुधार संभव नहीं है। आयोग अध्यक्ष यादव ने महिलाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं भी जागरूक बनें और अपने अधिकारों को पहचानें, क्योंकि एक जागरूक नारी ही अपने खिलाफ होने वाले अन्याय के विरुद्ध मजबूती से खड़ी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अधिकारों की जानकारी ही बचाव की पहली सीढ़ी है। अक्सर जानकारी के अभाव में महिलाएं शोषण सहती रहती हैं। राज्य महिला आयोग अब एक मित्र और मार्गदर्शककी भूमिका निभाएगा। हम हर जिले में महिलाओं तक पहुंचेंगे ताकि वे बिना किसी डर के अपनी बात रख सकें।

शर्मा ने भी संभाला दायित्व

सोमवार को महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थाने के नवनियुक्त अध्यक्ष कौशल शर्मा ने भी पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले उन्होंने भाजपा दफ्तर पहुंचकर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भेंट की। इसके उपरांत वे अपने कार्यालय पहुंचे और विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि वे संस्थान की कार्यप्रणाली को समझकर मध्यप्रदेश की उन्नति के लिए काम करेंगे। संस्थान केवल शैक्षणिक संस्था नहीं,बल्कि भारतीय संस्कृति,परंपरा और संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्वपूर्ण केन्द्र है। सरकार के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग,राव उदय प्रताप सिंह,प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल सहित दूसरे नेता मौजूद रहे।

स्थापक ने भी किया पदभार ग्रहण

महिला आयोग की सदस्य बनाई गई साधना स्थापक ने भी अपना दायित्व संभाल लिया। अध्यक्ष और सदस्य ने बाद में सदस्य सचिव सुरेश तोमर सहित वरिष्ठ अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

10 लेन सड़क परियोजना की मंत्री ने की समीक्षा

विसं भोपाल। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने सोमवार को अयोध्या बायपास पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 10-लेन सड़क परियोजना एवं जल निकासी व्यवस्था को लेकर नगर निगम और एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण कार्यों के कारण स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। राज्यमंत्री गौर ने कहा कि अधिकारी संयुक्त रूप से प्रभावित इलाकों का सघन दौरा करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए बारिश के मौसम से पहले जल निकासी और नाली निर्माण की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर ली जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इन्हें समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।बैठक में बताया गया कि एनएचएआई द्वारा 52 मीटर चौड़ाई में सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

विधानसभा उपचुनाव: 5 राज्यों की 7 सीटों में से भाजपा ने 4 और कांग्रेस ने 2 जीतीं

बारामती में सुनेत्रा की 2.18 लाख वोटों से ऐतिहासिक जीत

नई दिल्ली, जेएनएन। देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जीत का यह अंतर भारत में किसी विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा है। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। महाराष्ट्र की राहुरी सीट से भाजपा के अक्षय कार्डिले जीत गए हैं। भाजपा ने गुजरात, नगालैंड और त्रिपुरा की 1-1 सीट भी जीत ली है। कर्नाटक की बागलकोट और दावणगेरे साउथ सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की।

- **दावणगेरे साउथ में कांग्रेस के समर्थ 5708 वोटों से जीते:** कर्नाटक के दावणगेरे साउथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार समर्थ मल्लिकार्जुन ने 5708 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें 69,578 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के श्रीनिवास को 63,870 वोट मिले हैं।
- **बारामती से सुनेत्रा पवार ने जीत के साथ बनाया नया रिकॉर्ड:** बारामती में एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए देश में सबसे बड़ी जीत का नया रिकॉर्ड बना दिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद सीट से विधायक सुनील कुमार शर्मा के नाम था, जिन्होंने 2022 में 2,14,835 वोटों से जीत दर्ज की थी।
- **राहुरी में भाजपा उम्मीदवार अक्षय की जीत:** महाराष्ट्र के राहुरी में भाजपा उम्मीदवार अक्षय कार्डिले ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने एनसीपी (शरद गुट) के गोविंद मोकाटे को 1,07,485 वोटों के अंतर से हराया है। गोविंद मोकाटे को 27,386 वोट मिले।
- **कहां से कौन जीता:** कर्नाटक के बागलकोट सीट से कांग्रेस उम्मीदवार उमेश हुल्लप्पा मेटी ने जीत दर्ज की। गुजरात के उमरेठ से भाजपा प्रत्याशी हर्षदभाई परमार, त्रिपुरा के धर्मनगर सीट से भाजपा प्रत्याशी जहर चक्रवर्ती और नगालैंड के कोरिडांग दाओचियर सीट से भाजपा प्रत्याशी आई. इमचेन ने जीत दर्ज की।

सुनेत्रा की जीत पर एनसीपी (एसपी) ने कहा- जीत उम्मीद के मुताबिक रही

सुनेत्रा पवार की जीत पर एनसीपी (एसपी) के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने कहा कि यह नतीजा उम्मीद के मुताबिक था। उन्होंने कहा कि सुप्रिया सुले कैंपेन के दौरान वहां थीं, रोहित पवार वहां थे। यह पक्का था कि सुनेत्रा पवार यह चुनाव जीतेंगी। बता दें कि उपचुनाव वालीं सभी 7 सीटें पूर्व विधायकों की मौत के कारण खाली हुई थीं। कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। गुजरात की लिमखेड़ा और महाराष्ट्र के बारामती और राहुरी सीट पर 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। कर्नाटक उपचुनाव में जीत को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के राजनीतिक भविष्य और कांग्रेस की आंतरिक एकजुटता के बड़े टेस्ट के रूप में देखा जा रहा है।

खूब हुई 'झालमुड़ी' की चर्चा

झाल मुड़ी की लोकप्रियता में आए इस भारी उछाल के पीछे एक दिलचस्प वाकया है। चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिम बंगाल के झारग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क किनारे एक छोटी सी दुकान पर रुककर झाल मुड़ी का स्वाद लिया था। प्रधानमंत्री की झाल मुड़ी खाते हुए पोस्ट को मात्र 24 घंटे में 100 मिलियन व्यूज प्राप्त हुए, जिससे यह साधारण सा नाश्ता रातों-रात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया।

शाह की भविष्यवाणी वायरल

विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सोशल मीडिया पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक पुराना चुनावी भाषण तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में अमित शाह एक चुनावी रैली के दौरान कहते हैं कि 4 मई को सुबह काउंटिंग शुरू होगी, 8 बजे बैलेट बॉक्स खुलेंगे, 9 बजे पहला राउंड पूरा होगा, 10 बजे दूसरा राउंड खत्म होगा और 1 बजे तक दीदी सत्ता से बाहर हो जाएंगी 'टाटा, बाय-बाय'।

बंगाल में सीएम की दौड़ में शुभेंदु समेत पांच और नाम

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की है और सूबे में पहली बार कमल खिला है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये है कि जीत के बाद भाजपा बंगाल की कमान किसके हाथों में देगी और अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। मुख्यमंत्री की रेस में अग्निमित्रा पॉल और रूपा गांगुली का नाम सामने आ रहा है। शुभेंदु अधिकारी भी प्रमुख दावेदार हैं। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष, बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष समीक भट्टाचार्य, फैशन डिजाइनर अग्निमित्रा पॉल, सोनारपुर दक्षिण से विधायक रूपा गांगुली का नाम सबसे आगे है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार कहा था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो कोई 'बंगाली' ही मुख्यमंत्री बनेगा। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने भी दावा किया था कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री 'मांसाहारी' होगा। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को सबसे आगे रखा था। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि पार्टी किसी महिला को मुख्यमंत्री बना सकती है। मुख्यमंत्री की रेस में अग्निमित्रा पॉल और रूपा गांगुली का नाम सामने आ रहा है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार कहा था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो कोई 'बंगाली' ही मुख्यमंत्री बनेगा। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने भी दावा किया था कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री 'मांसाहारी' होगा। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को सबसे आगे रखा था। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि पार्टी किसी महिला को मुख्यमंत्री बना सकती है। मुख्यमंत्री की रेस में वहीं अदाकारा हैं, जिन्होंने बी. आर. चोपड़ा की 'महाभारत' में द्रौपदी का किरदार निभाकर घर-घर छा गई थीं। शुभेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री पद के टॉप दावेदारों में से एक हैं। एक समय में ममता बनर्जी के करीबी रहे शुभेंदु अधिकारी के पास जमीनी पकड़ और मजबूत सांगठनिक नेटवर्क है। हालांकि, नारदा स्टिंग मामले में उनका नाम शामिल रहा, जो मुख्यमंत्री बनने की राह में उनके लिए रुकावट बन सकता है।

अब गंगा से गंगोत्री तक 'कमल' ही 'कमल'

जीत पर बोले पीएम

नई दिल्ली, जेएनएन। चुनाव नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचें हैं। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। पीएम मोदी ने कहा कि देश ने बता दिया है कि उसे विवाद नहीं विकास चाहिए, विभाजन नहीं विश्वास चाहिए। आजादी के बाद कांग्रेस ने देश के करीब करीब हर राज्य में सरकारें बनाई हैं। ये आजादी के आंदोलन का इमोशन था उसका उन्हें लाभ मिला, लेकिन जैसे जैसे आजादी के आंदोलन का इमोशन खत्म हुआ वैसे वैसे कांग्रेस जनता का भरोसा खोती चली गई। बीते दशकों में देश ने युवाओं की अनेक पीढ़ियां जुड़ी हैं लेकिन गड़ती ही चली गई है।

कांग्रेस देश की संस्कृति को नहीं समझ पाई, देश की संवेदनाओं को नहीं समझ पाई। हमारे लिए भारत सबकुछ है। इसलिए भाजपा अपने विचार विजन और विकास के विश्वास पर खरा उतरकर देश की पसंद बन रही है। भाजपा परिवार की नहीं जमीन से जुड़ी राजनीति करती है। आज हम भारत की राजनीति में एक और बड़ा बदलाव देख रहे हैं ,आज पूरे देश में एक भी राज्य ऐसा नहीं है जहां लेफ्ट पार्टी की सरकार हो। एक भी नहीं है। ये सिर्फ सियासत का बदलाव नहीं है ये सोच का बदलाव है।

मुखर्जी की धरती पर पहली बार खिला 'कमल'



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की सियासत ने एक नया इतिहास लिखा है। हुगली की लहरों से लेकर दार्जिलिंग की पहाड़ियों तक, 'जय श्री राम' के नारे गूंज रहे हैं, जो बता रहे हैं कि बंगाल की सियासी मिजाज में बदलाव आ चुका है। भाजपा के लिए बंगाल विधानसभा चुनाव की जीत केवल एक जीत नहीं है, यह उस 'पितृऋण' की भी अदायगी है, जो भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति इस विचार के हर कार्यकर्ता पर बकाया था। भाजपा के 'पितामह कहे जाने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पर पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ 'कमल' खिला है। भाजपा संस्थापक दीन दयाल उपाध्याय के 'कर्तव्य पथ' उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में पहले ही सरकार बनाकर बनी ली थी, लेकिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि बंगाल में 75 साल के बाद जाकर सपना साकार हुआ है।

केरलम में खुला भाजपा का खाता, 3 सीट जीतीं

तिरुवनंतपुरम। केरलम में भले ही कांग्रेस की सरकार बन रही हो, लेकिन भाजपा ने अपना खाता खोल लिया है। उसने लेफ्ट के गढ़ माने जाने वाली चथन्नूर सीट पर जीत दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार बीबी गोपकुमार ने लेफ्ट उम्मीदवार को 4 हजार वोटों से हराया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में लेफ्ट ने इस सीट को 17 हजार से ज्यादा वोटों से जीता था। बीबी गोपकुमार को 50 हजार से ज्यादा वोट मिले। उन्होंने सीपीआई के आर राजेंद्रन को पराजित किया। तीसरे नंबर पर कांग्रेस उम्मीदवार सूरज रवि रहे। वहीं, आम आदमी पार्टी कैंडिडेट अरुण को महज 613 वोट मिले और चौथे नंबर पर रहे। चुनाव आयोग के आंकड़े के अनुसार, दोपहर तीन बजे तक भाजपा को दो सीटों पर बढ़त थी। इसमें से गोपकुमार ने जीत दर्ज की, जबकि नेमम सीट से लड़ रहे राजीव चंद्रशेखर भी आगे चल रहे थे।

ममता और स्टालिन चुनाव हारे

शिबू सोरेन से जयललिता तक और भी कई नाम हैं इस लिस्ट में

पांच राज्यों के चुनाव दो मौजूदा मुख्यमंत्री चुनाव हार गए। प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से और तमिलनाडु की कोलाथुर सीट से मौजूदा सीएम और डीएमके उम्मीदवार एम. के स्टालिन चुनाव हार गए। इस हार से पहले ममता बनर्जी 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से चुनाव हार गई थीं।

पद में रहते चुनाव हारने वाले मुख्यमंत्रियों की बात करें तो 2022 में पुष्कर सिंह धामी विधानसभा चुनाव में खटीमा सीट पर भूवन चंद्र कापड़ी से चुनाव हार गए थे। इसी तरह झारखंड के मुख्यमंत्री रहते 2009 में शिबू सोरेन तमाड़ विधानसभा उपचुनाव में चुनाव हार गए थे। वर्ष 1970 में यूपी के मुख्यमंत्री त्रिभुवन नारायण सिंह (टीएन सिंह) गोरखपुर की मानीराम विधानसभा सीट से उपचुनाव हार गए थे। पहली बार हुआ कि जब कोई मुख्यमंत्री चुनाव हार गया था। तमिलनाडु में जे. जयललिता मुख्यमंत्री रहते 1996 के विधानसभा चुनाव में बरगुर सीट से चुनाव हार गईं थीं। राजस्थान के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास 1952 के प्रथम विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दो सीटों (जोधपुर शहर और जालौर) से चुनाव हार गए थे। इसके बावजूद वह मुख्यमंत्री बने रहे और बाद में उपचुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। इसी तरह तमिलनाडु (तत्कालीन मद्रास राज्य) के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम. भक्तवत्सलम 1967 के विधानसभा चुनाव में श्रीपेरंबदूर सीट हार गए थे।

बिहार: विक्रमशिला पुल का स्लैब गिरा, 16 जिलों का आवागमन बंद

प्रशासन की सर्तकता से बड़ा हादसा टला, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर निलंबित

भागलपुर, जेएनएन। बिहार के भागलपुर में 4.7 किमी लंबे विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा रविवार देर रात गंगा में गिर गया। राहत की बात रही कि प्रशासन ने पहले ही ट्रैफिक रोक दिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना से सीमांचल समेत करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है और रोजाना करीब 1 लाख लोगों के आवागमन पर असर पड़ा है। पिछले 10 साल में इस पुल की तीन बार मरम्मत हो चुकी है, और हाल ही में मार्च 2026 में भी रिपेयर वर्क हुआ था। पुल यूपी ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बनाया था। लापरवाही को लेकर पथ निर्माण विभाग ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया है। बिहार राज्य पुल निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर ने बताया, भागलपुर पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन की सजगता से बड़ी घटना होने से बचा है। अगर समय रहते पुलिस प्रशासन सजग नहीं होती तो कई लोगों की जान माल का नुकसान हो जाता। डीपीआर बनाकर हम लोगों ने मेंटेनेंस के लिए भेजा था।

पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग की गई: सिटी डीएसपी-1 अजय चौधरी ने बताया, पुल के पास बैरिकेडिंग कर दी गई है। गाड़ियों को मुंगेर पुल की ओर मोड़ दिया गया। नवगछिया और भागलपुर दोनों ओर पुलिस तैनात की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। नेशनल हाईवे के एसडीओ सुधीर कुमार ने कहा कि नया स्लैब बनाकर चढ़ाने में कम से कम 15 दिन लगेंगे।

सीमांचल समेत 16 जिलों को जोड़ता है पुल: विक्रमशिला सेतु पर हर दिन करीब एक लाख लोगों की आवाजाही होती है। करीब 50 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन इस पुल से गुजरते हैं। सीमांचल समेत 16 जिलों को यह सेतु भागलपुर से जोड़ता है। इसका निर्माण तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के कार्यकाल में कराया गया था। पुल में लगातार जॉइंट और एक्सपेंशन गैप की समस्या को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं।

पहले गैप बढ़ा फिर पुल धंसा

बताया जा रहा है कि शाम को पहले 10 इंच का जॉइंट सप्पेंशन धंसा। इसके बाद देर रात एक स्लैब गंगा में समा गया। उस समय पुल पर वाहनों की लंबी कतार लगी थी। हालांकि, पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। पुल निगम के अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि रविवार की रात 12.35 बजे से स्लैब धंसना शुरू हो गया। उससे पहले ही गाड़ियों को वहां से हटा दिया गया था। इस सतर्कता के कारण कोई दुर्घटना नहीं हुई। पुल की मरम्मत के लिए जल्द ही हाई लेवल कमेटी यहां आएगी। इससे पहले आई कमेटी ने पुल की जांच की थी। उसे पुल की स्थिति के बारे में जिला प्रशासन ने पूरी जानकारी दी थी।

दलितों से थाने की सफाई कराने पर भड़के सीजेआई सूर्यकांत

नई दिल्ली, जेएनएन। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हाईकोर्ट समेत ओडिशा की विभिन्न अदालतों द्वारा पारित उन आदेशों पर कड़ी नाराजगी जताई है जिनमें आरोपियों को जमानत देने के एवज में पुलिस स्टेशनों की सफाई करने की शर्त रखी गई थी। इन आरोपियों में मुख्य रूप से दलित और आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने ऐसे सभी आदेश रद्द कर दिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इन शर्तों को मानवाधिकारों का उल्लंघन और व्यक्ति की गरिमा पर सीधा प्रहार बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था।

क्या है पूरा मामला?: हाल ही में आई कई मीडिया रिपोर्टों में खुलासा हुआ था कि ओडिशा की कई अदालतें और स्वयं ओडिशा हाईकोर्ट जमानत देते समय अजीबोगरीब शर्तें लगा रहे हैं। पिछले 6 महीनों में ओडिशा हाईकोर्ट ने ही लगभग 50 ऐसे आदेश पारित किए थे। इनमें से ज्यादातर मामले उन दलितों और आदिवासियों से जुड़े थे, जो राज्य में खनन-विरोधी प्रदर्शनों में शामिल थे। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि साधन संपन्न और अमीर लोगों को जमानत देते समय कभी ऐसी शर्तें नहीं लगाई जाती हैं।

दो नोटिस के बाद भी पुलिस के सामने पेश नहीं हुईं मधु, पहुंची चंडीगढ़ कोर्ट

एफआईआर की कॉपी मांगी

चंडीगढ़, जेएनएन। फेमस राइटर मधु किश्वर को चंडीगढ़ पुलिस द्वारा इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन करने के लिए दूसरा नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन वह अब तक पेश नहीं हुई हैं। वहीं, मधु किश्वर पुलिस के सामने पेश होने के बजाय चंडीगढ़ कोर्ट पहुंच गई हैं। मधु किश्वर ने कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने मांग की है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर की कॉपी उन्हें नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस से उन्हें एफआईआर की कॉपी दिलवाई जाए। इस पर कोर्ट ने चंडीगढ़ पुलिस से जवाब मांगा है। वहीं, मिसलीडिंग वीडियो मामले में दर्ज एफआईआर में दिखाई दे रहे दंपति ने इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन कर ली है। इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फर्जी वीडियो प्रसारित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हसन मोहिउद्दीन सिद्दीकी के रूप में हुई है, जो हैदराबाद (तेलंगाना) का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया। आरोपी फर्जी वीडियो प्रसारित कर लोगों को गुमराह कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर उसे ट्रेस कर गिरफ्तार किया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ कर इस पूरे नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।

समुद्री जहाज पर चूहों वाला वायरस फैला, हंतावायरस से तीन की मौत

प्राया, जेएनएन। अटलांटिक महासागर में एक क्रूज शिप पर चूहों वाले वायरल (हंतावायरस) संक्रमण का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है और कम से कम तीन लोग बीमार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को इसकी पुष्टि की। एमवी होंडियस नाम के इस क्रूजशिप को फिलहाल अफ्रीकी देश केप वर्डे की राजधानी प्राया में रोका गया है। अभी यात्रियों को उतरने की अनुमति नहीं मिली है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि संक्रमण फैलने के खतरे को नियंत्रित किया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहाज पर 6 लोगों में संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। इनमें से एक मामले की पुष्टि लैब में हो चुकी है। एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है, जबकि दो को जहाज से निकालने की तैयारी की जा रही है। यह भी अभी पता नहीं है कि सभी बीमार लोग हंतावायरस से संक्रमित हैं या नहीं।

अगस्ता केस: मिशेल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

नई दिल्ली, जेएएन। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले के कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जेल से रिहाई की मांग वाली याचिका पर विचार करने के लिए सहमति दे दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार, सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर उनका पक्ष मांगा है। यह कानूनी विवाद मुख्य रूप से 1999 की भारत-यूएई प्रत्यर्पण संधि की व्याख्या और मिशेल के उस दावे पर केंद्रित है, जिसमें उसने कहा है कि उसकी हिरासत अब अवैध हो चुकी है क्योंकि वह अधिकतम संभावित सजा काट चुका है। ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था। वह उन तीन कथित बिचौलियों में से एक है, जिनकी जांच 2010 के हेलीकॉप्टर सौदे में की जा रही है। सीबीआई का आरोप है कि इस सौदे से खजाने को 2,666 करोड़ का नुकसान हुआ।

कैंपेन इंजीनियरिंग: बंगाल में भाजपा की जीत सुनियोजित, बहुस्तरीय और माइक्रो अभियान का नतीजा

कमल मेला, घर-घर बैठक में चला 'बाचते चाईं, बीजेपी ताईं' का नारा

कोलकाता, जेएनएन। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत महज बड़े नेताओं की रैलियों या प्रचार तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक बेहद सुनियोजित, बहुस्तरीय और माइक्रो स्तर तक फैले अभियान का नतीजा थी। पार्टी ने इस बार चुनाव को एक 'कैंपेन इंजीनियरिंग' की तरह लड़ा, जिसमें हर कदम योजनाबद्ध था और हर गतिविधि का सीधा लक्ष्य मतदाता तक पहुंच बनाना था। भाजपा ने इस चुनाव में 'कमल मेला' के जरिए राजनीति को एक उत्सव का रूप दिया। हर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इन मेलों में स्थानीय संस्कृति, संगीत, संवाद और राजनीतिक संदेश का अनूठा मेल देखने को मिला। यह केवल राजनीतिक सभा नहीं थी, बल्कि लोगों की भागीदारी वाला सामाजिक कार्यक्रम बन गया। इस पहल का मकसद साफ था- राजनीति को मंच से उतारकर आम लोगों के बीच ले जाना। पारंपरिक रैलियों की तुलना में कमल मेला ने लोगों को सीधे जोड़ने का काम किया और पार्टी को एक अलग पहचान दी।

फुटबॉल मैच: भावनाओं के जरिए पहुंच: बंगाल में फुटबॉल महज खेल नहीं, बल्कि भावना है। भाजपा ने इस भावना को समझते हुए राज्यभर में फुटबॉल मैचों का आयोजन कराया। इन आयोजनों के जरिए युवाओं को जोड़ा गया और पार्टी ने उन इलाकों में भी अपनी पकड़ बनाई, जहां पारंपरिक राजनीतिक गतिविधियां सीमित थीं।

घर-घर बैठकें रही असली गेमचेंजर: इस पूरे अभियान का सबसे प्रभावी हिस्सा 'आंगन बैठक' मॉडल रहा। फरवरी में

परीक्षाओं के कारण जब बड़े स्तर पर प्रचार सीमित हो गया, तब भाजपा ने इसे अवसर में बदल दिया। एक महीने के भीतर 1.65 लाख से अधिक घर-घर बैठकों का आयोजन किया गया।

नारा जिसने बनाया माहौल: 'बाचते चाईं, बीजेपी ताईं' (जीना है तो बीजेपी चाहिए) नारे ने चुनावी माहौल को बदलने में अहम भूमिका निभाई। यह सिर्फ एक चुनावी स्लोगन नहीं रहा, बल्कि लोगों के बीच एक भावना बन गया।

नुक्कड़ सभाएं और चार्जशीट अभियान: जनवरी से अप्रैल के बीच भाजपा ने 12 हजार से ज्यादा नुक्कड़ सभाएं कीं। इन छोटी सभाओं ने बड़े मंचों की कमी को पूरा किया और सीधे संवाद के जरिए स्थानीय मुद्दों को उठाया। 'चार्जशीट अभियान' के जरिए पार्टी ने राज्य सरकार पर सीधा हमला बोला। 220 विधानसभा में इस अभियान में 150 से अधिक नेताओं ने भाग लिया और 80 से ज्यादा प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए सरकार के खिलाफ मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

ये वजहें भी रहीं निर्णायक

- **ममता सरकार से नाराजगी:** बीते 15 सालों से सत्ता में रहीं ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ इस बार स्पष्ट नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों की शिकायत थी कि स्थानीय स्तर पर टीएमसी नेताओं और कार्यकर्ताओं की मनमानी बढ़ गई है।
- **भाजपा का लगातार बढ़ता आधार:** भाजपा की यह सफलता अचानक नहीं आई। 2016 में महज 3 सीटों से शुरू होकर 2021 में 77 सीटों तक पहुंचने वाली पार्टी ने पिछले एक दशक में लगातार अपना जनाधार मजबूत किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का वोट शेयर 40 फीसदी के पार पहुंचा था, जो बढ़ा है।
- **कांग्रेस और वाम दलों की कमजोर स्थिति:** इस चुनाव में मुकाबला मुख्य रूप से बीजेपी और टीएमसी के बीच सिमट गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और वाम दल जमीनी स्तर पर कमजोर नजर आए।

वोटों का ध्रुवीकरण: चुनाव के दौरान वोटों के ध्रुवीकरण को लेकर भी चर्चा रही। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि हिंदू मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में एकजुट हुआ।

समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सतत मॉनिटरिंग करें : उप मुख्यमंत्री

रीवा में जल प्रदाय एवं सीवरेज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

जागरण, रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा शहर में संचालित जल प्रदाय योजना एवं सीवरेज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता, समय-सीमा और वित्तीय विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएँ, ताकि नागरिकों को समय पर बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे तथा नगर निगम रीवा के आयुक्त अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जल प्रदाय व्यवस्था के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से ओवरहेड वाटर टैंक के निर्माण और जल वितरण नेटवर्क के विस्तार को आगामी वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान आमजन की दिनचर्या प्रभावित न हो, इसके लिए कार्यों को सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से किया जाए। नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी उन्होंने बल दिया।

सीवरेज नेटवर्क समय पर पूरा होना महत्वपूर्ण : सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शेष पाइपलाइन बिछाने और हाउस सर्विस कनेक्शनों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के दृष्टिकोण से सीवरेज नेटवर्क का समय पर पूरा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने एसटीपी निर्माण कार्य को भी शीघ्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए।

किसानों की समस्याओं को लेकर सपा ने सौंपा ज्ञापन

शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

जागरण, रीवा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल के नेतृत्व में कलेक्टर को किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रशासन का ध्यान किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण, गेहूं के समर्थन मूल्य में वृद्धि तथा खरीद प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की गई। श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसान अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना कर रहे हैं, जिनमें समर्थन मूल्य से संबंधित समस्याएं एवं खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाएं प्रमुख हैं। सर्पा ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों के हित में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर एम. डी. खान (प्रदेश सचिव), जगदीश सिंह यादव (प्रदेश सचिव), एडवोकेट अशोक यादव (राष्ट्रीय सचिव, अधिवक्ता सभा), नत्थूलाल सेन, राजीव विश्वकर्मा, सिरमौर विधानसभा अध्यक्ष, रामकिशोर आदिवासी, अशोक पटेल, सुनीता कोल, जगदीश ठकुरिया, लालमन वर्मा, उर्मिला प्राणनाथ एवं दिनेश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो पार्टी किसानों के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी जय सिंह पटेल द्वारा प्रदान की गई।

शहर की तर्ज पर ग्राम पंचायतें ही कचरा जलाकर कर रहीं निपटान

ग्राम पंचायतों में नियमित कचरा उठाव की व्यवस्था ही नहीं

जागरण, रीवा। शहर की तर्ज पर ग्राम पंचयतें भी कचरे को जलाकर नष्ट करने के अनुसरण में लगी हुई हैं। शहर के समीप पहड़िया में कचरे से खाद, बिजली उत्पाद न का प्लांट डाला गया है, किन्तु शहर का अधिकांश कचरा प्लांट तक पहुंच ही नहीं पा रहा। यही हालात ग्राम पंचायतों की है, ग्राम पंचायतों में नियमित कचरा उठाव का कोई संसाधन ही नहीं है। ग्राम पंचायतें साल भर में एक बार भी ग्राम में लगे कचरे के ढेरों को उठवाने की जहमत नहीं उठाती। शहर से सटी ग्राम पंचायतों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिनमें कचरे के साथ ही मृत श्वान, मवेशी आदि भी फेंक दिए जाते हैं, जिनकी असहनीय दुर्गंध से आसपास के रहवासी हलाकान होते हैं, जब कचरे का ढेर अधिक बड़ा हो जाता है तो उनमें आग लगाकर कचरे का निपटाने का जुगाड़ लगाया जाता है, कचरा जलाने आग तो लगा दी जाती है, किन्तु कहीं पर भी कचरा पूरी तरह से नहीं जल पाता, थोड़ा बहुत कचरा जलने के बाद आग बुझ जाती है और जला कचरा हवा में इधर-उधर उड़ता रहता है। शहर से सटी ग्राम पंचायत इटौरा, अटरिया, मैदानी, गोड़हर, दुआरी, करहिया पंचायतों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जो उड़कर पूरे गांव में गंदगी फैला रहा है, पंचायतों के पास नियमित कचरा उठाव के कोई साधन नहीं हैं, हाल ही में प्रशासन द्वारा शहर के साथ ही ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं, जब ग्राम पंचायतों के पास कचरा उठाने वाहन ही नहीं है तो वे नियमित कचरा कैसे उठाएं, ग्राम पंचायतों को आदेश तो दे दिए गए किन्तु जिम्मेदारों ने न तो विभाग के स्तर से अथवा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रति ग्राम पंचायतों में कचरा वाहन की व्यवस्था आज तक नहीं करवाई, इस स्थिति में स्वच्छता अभियान कहां तक सफल होगा, ये कहना मुश्किल है।

सगरा पुलिस ने की कार से नशीली कफ सिरप और शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

जागरण, रीवा। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सगरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आर्टिगा कार में नशीली कफ सिरप और भारी मात्रा में देशी शराब ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से शराब, नशीली कफ सिरप, कार और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन एवं डीएसपी हेडक्वार्टर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा के नेतृत्व में की गई।

मुखबिर की सूचना पर हुई घेराबंदी : पुलिस को 4 मई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की अर्टिगा कार में दो युवक अवैध रूप से नशीली कफ सिरप बेचने के लिए सगरा से बैकुण्ठपुर रोड की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही सगरा पुलिस टीम सक्रिय हुई और ग्राम लौआ कोठार के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया। जिसके बाद कार की तलाशी में नशे का जखीरा मिला। पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर वाहन के अंदर से 192 शीशी देशी प्लेन शराब, लगभग 35 लीटर मात्रा में बरामद हुई। इसके साथ ही 15 शीशी नशीली कफ सिरप और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने मामले में आरोपी मोहित रजक पिता संतोष रजक (26 वर्ष) निवासी मलियान टोला, थाना सिटी कोतवाली रीवा व शमसुल हक उर्फ राज खान पिता मुस्ताक अहमद खान (27 वर्ष) निवासी धोबिया टंकी, कटरा चौकी थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट एवं आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेंडिग में सुधार नहीं हुआ तो होगी कार्यवाही

रीवा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में अजीविका मिशन अन्तर्गत जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक, जिला प्रबंधक, ब्लॉक प्रबंधक, सहायक ब्लॉक प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर एस.एच.जी. प्रोफाइल मॉनीटरिंग की समीक्षा की गई तथा जहां ब्लॉक प्रबंधक, सहायक ब्लॉक प्रबंधक की प्रगति कम है उन्हें अगले 15 दिवस में शतप्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए तथा उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी करने की बात कही गई। बैठक में एस.एच.जी. ट्रांजेक्शन एवं खाता खोले जाने की समीक्षा की गई तथा लक्ष्य अनुरूप प्रगति नही होने के कारण संबंधितों को कारण बतओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। अजीविका मिशन के समस्त विकासखंड प्रबंधकों को निर्देशित किया गया की गतिविधियों में अगले सप्ताह तक ग्रेंडिग में सुधार नही हुआ तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी।

ट्रांसपोर्ट नगर में फिर सक्रिय हुआ नशीली कफ सिरप का नेटवर्क, विरोध करने पर बढ़ रहा विवाद

जेल से छूटकर आई महिला ने ठिकाना बदलकर शुरू किया अवैध नशे का कारोबार

जागरण, रीवा। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में कथित तौर पर नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री ने एक बार फिर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि एक महिला खुलेआम नशीली कफ सिरप बेच रही है, जिससे युवाओं में नशे की लत बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित महिला पहले भी इसी मामले में कार्रवाई का सामना कर चुकी है। बताया जा रहा है कि सिविल लाइन थाना पुलिस ने पूर्व में महिला को नशीली कफ सिरप के साथ कबाड़ी मोहल्ला से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लेकिन जेल से बाहर आने के बाद उसने अपना ठिकाना बदल लिया और अब ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में दोबारा कथित अवैध कारोबार शुरू कर दिया है। मामले को लेकर आसपास के रहवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विवाद की स्थिति बन गई। इसी विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें क्षेत्र के लोग महिला के खिलाफ आक्रोश जताते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई प्रभावी नजर नहीं आ रही है। ऐसे में अब सिविल लाइन थाना पुलिस की कार्यप्रणाली और बीट प्रभारी की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते सख्ती की जाती तो अवैध नशे का यह कारोबार दोबारा पनप नहीं पाता। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध नशीले कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्र का माहौल खराब होने से बचाया जा सके।

कम तनख्वाह में नहीं होता गुजारा, युवा छोड़ देते हैं नौकरी

रीवा। शहर और गांव में लगने वाले रोजगार मेले में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर्स जैसे पद युवाओं को आकर्षित करते हैं, लेकिन नौकरी लगने के बाद एक साल में उनका इस जॉब से मोहभंग हो जाता है। कम तनख्वाह की नौकरी से उनका महानगरों में गुजारा मुश्किल हो जाता है। इस समय युवाओं के नौकरी से वापस आने में यहीं वजह बार-बार सामने आ रही है। रोजगार कार्यालय और ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से लगाए जा रहे रोजगार मेले में हर माह प्राइवेट कंपनियों की नौकरी ऑफर की जा रही है। इनमें सिक्योरिटी, मार्केटिंग, कस्टमर केयर, सेल्स, टेक्निशियन, फिटरए मैकेनिक जैसे जॉब युवाओं को ऑफर किए जाते हैं। सौ से ज्यादा नियुक्तियों में तनख्वाह 6 हजार से लेकर 12 हजार रुपए तक होती है। महानगरों में जॉब लगने पर कम से कम 60 फीसदी मामले में युवा दो माह की नौकरी मुश्किल से कर पाते हैं। तीसरे महीने मकान किराया देखकर ही तुरंत ही जॉब छोड़कर घर वापस लौट आते हैं। बहुत अधिक मजबूरी में ही युवा नौकरी में टिक पा रहे हैं। इस समस्या को पहले भी उठाया गया, लेकिन कोई भी इसे गंभीरता से नहीं ले पा रहा है। ऐसी नौकरी करने वाले युवा बताते हैं कि सिक्योरिटी गार्ड, मार्केटिंग, सेल्स, इंश्योरेंस, कस्टमर केयर, मिल्स श्रमिक जैसे जॉब में जाने वाले लोग पहले माह मकान तलाशते हैं तो उन्हें न्यूनतम किराया 4 हजार रुपए बताया जाता है।

बड़ी कपनियों में स्किल्स और अनुभव : बड़ी कपनियों में स्किल्स और अनुभव के आधार पर जॉब ऑफर होते हैं। जिनमें 25 हजार रुपए से अधिक की तनख्वाह है। उनमें जिले के युवा प्रशिक्षित और स्किल्स के अभाव में चयनित नहीं हो पाते। रोजगार कार्यालय से जुड़े कर्मचारियों की मानें तो पूरे जिले में यह स्थिति बन रही है।

काउंसलिंग का नहीं मिल रहा लाभ : बता दें कि वैसे तो रोजगार मेले में जॉब देने के बाद फिलहाल ट्रैकिंग की कोई व्यवस्था नहीं है, अधिकारियों सहित अन्य को यह जानकारी नहीं रह पाती है कि कितने युवा जॉब पर गए और कितने युवा लौट आए। जब कभी कोई युवा अधिकारियों से मिलकर जानकारी देता है या फिर लौटकर आया युवा दोबारा पहुंचता है तभी उनकी जानकारी हो पाती है और उनकी काउंसलिंग भी की जाती है।

रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को जॉब लेटर दिए जा रहे हैं। कुछ युवाओं के जॉब छोड़ने के पीछे कम तनख्वाह और घर का मोह हैं। हमारी कोशिश उनकी बेरोजगारी खत्म करने की है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल सके यही प्रयास है। जिन युवाओं के बारे में जानकारी होती है कि वह जॉब छोड़कर आए हैं उनकी काउंसलिंग की जाती है।

अनिल दुबे, जिला रोजागर अधिकारी।

गर्मी में तनाव उड़ा रहा नींद, मानसिक रोगी बढ़े

नींद पूरी नहीं होने से हो सकती हैं कई तरह की बीमारियां

जागरण,रीवा। गर्मी के मौसम में बदलती दिनचर्या और तनाव के कारण लोगों की नींद उड़ रही है। इससे लोग मानसिक रोग का शिकार हो रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मेडिसिन ओपीडी में अक्सर 80-90 मरीज आते थे, लेकिन इन दिनों प्रतिदिन 150 से 170 मरीज आ रहे है। जिनमें लगभग 25-30 मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें नींद नहीं आने की समस्या आ रही मनो चिकित्सक के अनुसार स्वस्थ रहने के लिए आठ घंटे की नींद जरूरी है। क्योंकि कम नींद कई बीमारियों को जन्म दे सकती है। नींद नहीं आने से सबसे ज्यादा घबराहट, बेचैनी, चिड़चिड़ेपन की समस्या आ रही है। गर्मी के मौसम में इस तरह के मरीज लगातार तीन-चार महीने तक बढ़े रहते हैं।

इन कारणों से नहीं हो पा रही नींद पूरी : ओपीडी में आने वाले मरीजों की नींद पूरी न होने के कई कारण सामने आ रहे हैं। जिसमें बिजली गुल होने की समस्या, पानी का संकट, घरेलू समस्याएं, मनमुटाव, नौकरी पर ज्यादा समय देना व संस्थान की मानसिक दवाब आदि कई कारण सामने आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को डॉक्टर नींद पूरी करने की सलाह दे रहे हैं।

आठ घंटे की नींद जरूरी : लोगों को अपना स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए 24 घंटे में अपनी दिनचर्या को इस तरह रखना चाहिए कि आठ घंटे की अच्छी नींद हो सके। इसके साथ ही आठ घंटे काम के लिए और आठ घंटे व्यक्तिगत जीवन के लिए होना चाहिएए जिससे तनाव और बेचैनी कम हो।

रात को हो रही बेचैनी, सो नहीं पा रहे : फील्ड में काम करने वाले 35 वर्षीय युवक की बेचैनी इस बात को लेकर बढ़ गई है कि दिन में धूप अधिक होने से काम ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते रातभर बेचैनी रहती है और वह ठीक से सो नहीं पाते हैं। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि अगर आप नींद पूरी नहीं करोगे तो कई अन्य समस्याएं सामने आ सकती हैं।

बच्चे की शादी नहीं होने से सो नहीं पा रहे : एक पिता की नींद इन दिनों इस बात को लेकर उड़ गई है कि बच्चे की शादी नहीं हो पा रही है। पिता काफी प्रयास करके अपने बेटे की शादी करना चाह रहे हैं, लेकिन कोई भी ऐसा रिश्ता नहीं आ रहा कि उनके बेटे की शादी हो सके। इस चिंता में वे परेशान हैं और तनाव के कारण सो नहीं पा रहे हैं।

नींद पूरी नहीं होने पर कई बीमारियां घेर लेती हैं। देखने में आ रहा है कि दिनचर्या में बदलाव और तनाव ही नींद नहीं आने का कारण है। ओपीडी में ऐसे मरीज भी पहुंच रहे हैं।

डॉ.रावेन्द्र सिंह सिकरवार
मेडिसिन विशेषज्ञ।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

निविदा प्रक्रिया विवरण का सूचना पत्र

1	निविदा क्रमांक 01	जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर प्रिंटिंग (पेपर मुद्रण) कार्य कराने के लिये ई-निवदा।
	निविदा क्रमांक 02	जिला/ब्लाक स्तर पर मासिक व दैनिक दर पर वाहन किराये पर उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदा।
	निविदा क्रमांक 03	जिला/विकासखण्ड स्तर पर हॉस्पिटल उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण एवं ऑफिस फर्नीचर का स्थानीय क्रय (लोकल पर्चेज) करने के लिये ई-निविदा।
	निविदा क्रमांक 04	जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण हेतु चाय, नाश्ता, भोजन प्रशिक्षण हॉल एवं कमरे व अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिये ई-निविदा।
	निविदा क्रमांक 05	जिला/ब्लाक स्तर पर कम्प्यूटर, प्रिंटर, सीसीटीवी सामग्री आपूर्ति व रिपेयरिंग कार्य हेतु निविदा।
	निविदा क्रमांक 06	जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर फ्लैक्स मुद्रण, आईईसी एवं दीवाल लेखन कार्य करने के लिए ई-निविदा।
	निविदा क्रमांक 07	जिले में उच्च कुशल/कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिये आउटसोर्स एजेंसी के चयन हेतु ई-निविदा आमंत्रण।
	निविदा क्रमांक 08	जिला स्तर पर औषधीय सामग्री/दवाईयों का आवश्यकता अनुसार स्थानीय क्रय (लोकल पर्चेज) करने के लिये ई-निविदा।
	निविदा क्रमांक 09	जिला एवं विकासखण्ड स्तर में स्टेशनरी सामग्री प्रदाय करने के लिए ई-निविदा आमंत्रण सूचना।
	निविदा क्रमांक 10	जिला एवं विकासखण्ड स्तर के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के साफ-सफाई व्यवस्था हेतु आउटसोर्स एजेंसी के चयन हेतु ई-निविदा आमंत्रण।
2	निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता	निविदा प्रपत्र ई-टेण्डर http://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं इच्छुक निविदाकार निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा कर निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते हैं।
3	ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय	04 मई 2026 समय दोपहर 03:00 बजे से
4	ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय	04 मई 2026 समय शाम 05:30 बजे से
5	ऑनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय	25 मई 2026 समय शाम 04:00 बजे तक
6	ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय	25 मई 2026 समय शाम 04:00 बजे तक
7	तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय	26 मई 2026 समय दोपहर 01:00 बजे
8	वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय	निविदा समिति निर्णय अनुसार

(डॉ. यत्नेश त्रिपाठी)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

G-12423/26

कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)
द्वितीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2026-27

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2026-27 के लिये खाद्यान, सब्जी, दवाईयां क्रय करने हेतु द्वितीय वार्षिक ई निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक-26/05/2026 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	विवरण	दिनांक/समय	स्थान
1.	प्री-बिड मीटिंग	11/05/2026 प्रात:11:00 बजे	केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)
2.	ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी)	25/05/2026 सायं 05:00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
3.	ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	26/05/2026 सायं 05:00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
4.	सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि	26/05/2026 सायं 05:00 बजे तक	केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)
5.	तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि	28/05/2026 सायं 05:00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
06.	वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि	30/05/2026 सायं 05:00 बजे तक	www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है। निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जावेगी।

2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

G-12434/26

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड
(नगरीय विकास एवं आवास विभाग)
परियोजना क्रियान्वयन इकाई, रीवा
शिल्पी प्लाजा, ब्लॉक ए, TA H2 तृतीय तल, रीवा (म.प्र)
Email : pmpiu-rewa@mpurban.gov.in,
mpudclpiurewa019@gmail.com
क्रमांक/443/स्था./एम.पी.यू.डी.सी.एल./2026 रीवा, दिनांक : 29.04.26

वाहन किराये पर लिये जाने हेतु ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के परियोजना क्रियान्वयन इकाई रीवा में कार्यालयीन उपयोग/साइट विजिट हेतु अप्रैल 2024 अथवा उसके बाद के निम्न वाहन आवश्यकतानुसार किराये पर लिये जाने है। इस कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत ट्रेवल्स एजेन्सियों से निम्नानुसार ऑनलाइन निविदाएं लिफाफा ''अ'' ''ब'' एवं ''स'' में ई-निविदा क्र. 2026_MPUDC_504005 आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम	संख्या	निविदा प्रपत्र क्रय राशि	धरोहर राशि
अर्टिगा/ब्रेजा/बोलेरो या समकक्ष वाहनों को किराये पर लेने के संबंध में।	01	रु. 2,000/- (Non refundable)	रु. 18000.00/-

निविदा प्रपत्र एवं शर्तें तथा धरोहर राशि का विवरण इत्यादि ई-निविदाएं वेबसाइट **http:www.mptenders.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन निर्धारित तिथि एवं समय के अंदर मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लि. (पी.आई.यू), रीवा के पक्ष में जमा कराया जाना है। ऑनलाइन निविदा प्रपत्रों को दिनांक 05.05.2026 अपराह्न 12.30 बजे से दिनांक 04.06.2026 अपराह्न (दोपहर) 01.00 बजे तक उपरोक्त ई-निविदा वेबसाइट के माध्यम से क्रय किया जा सकता है। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किये जाने का अधिकार, परियोजना प्रबंधक को निहित है। निविदा शर्त में यदि कोई परिवर्तन होता है, वह अन्य माध्यम से नहीं होकर केवल ऑनलाइन में प्रदर्शित किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/125596/2026 **परियोजना प्रबंधक**

नवनिर्मित जिला कार्यालयों की सीमा में आए परिवारों का होगा शत-प्रतिशत पुनर्वास : मऊगंज कलेक्टर

कलेक्टर ने विस्थापितों को दिया आवास और पट्टों का आश्वासन

मऊगंज ब्यूरो। नवगठित मऊगंज जिले में प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देने के लिए कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत, सिविल कोर्ट और शासकीय आवासों के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसमे आने वाले 125 प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन ने संवेदनशील रुख अपनाते हुए स्पष्ट कार्ययोजना बनाई है। जिला मुख्यालय को सुव्यवस्थित रूप देने के लिए निर्मित हो रहे इन कार्यालयों के दायरे में स्थानीय ग्राम के लगभग 125 परिवारों के मकान आ रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्वयं प्रभावित ग्रामीणों के साथ संवाद किया तथा ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विकास की राह में किसी भी नागरिक को असहाय नहीं छोड़ा जाएगा। पुनर्वास योजना के तहत भू-अधिकार पत्र (पट्टा) तथा विस्थापित होने वाले प्रत्येक परिवार को दूसरी सुरक्षित जगह पर भूमि का मालिकाना हक (पट्टा) प्रदान किया जाएगा।

स्वीकृत राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सम्मिलित कर नए मकान बनाने हेतु स्वीकृत राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी। बुनियादी सुविधाएं विस्थापन स्थल पर सड़क, बिजली और पानी जैसी प्राथमिक सुविधाओं का विस्तार शासन स्तर पर किया जाएगा। प्रभावित परिवारों को न केवल जमीन का पट्टा दिया जाएगा, बल्कि आवास निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत की जाएगी ताकि वे ससम्मान नए परिवेश में रह सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विस्थापन की प्रक्रिया पारदर्शी हो और किसी भी पात्र परिवार का नाम सूची से न छूटे। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें ताकि जिले में शासकीय अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पांडेय, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

घाट पूजन व जल स्रोतों पर श्रमदान कर दिया जल संवर्धन का संदेश

मऊगंज ब्यूरो। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा के द्वारा विकास खंड हनुमना के सेक्टर क्रमांक 03 प्रस्फुटन ग्राम बरांव में 04 मई को जल पूजन, घाट पूजन व जल स्रोतों पर श्रमदान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा के अध्यक्ष श्री निवास पटेल व सचिव मदन लाल कुशवाहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरांव के सचिव मनोज तिवारी, जनपद सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, ग्राम पंचायत बरांव के सरपंच, सचिव, जीआरएस व स्थानीय नागरिक गण उपस्थित रहे।

दो दिन की बारिश ने खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था की खोल दी पोल : पंकज सिंह

जागरण, रीवा। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पंकज सिंह ने रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों और जिले भर के अव्यवस्था के साये में चल रहे खरीदी केन्द्रों को लेकर प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दो दिन से हो रही बारिश ने खरीदी केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवसथा की पोल खोलकर रख दी है। अधिकांश खरीदी केन्द्र खुले आसमान के नीचे चल रहे हैं और उपार्जित गेंहू को बारिश से बचाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किये गये हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और सबसे ज्यादा असर गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। पंकज सिंह ने आरोप लगाया कि रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि के कारण गृहिणियों का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। उन्होंने कहा कि पहले जहां गैस सिलेंडर आम आदमी की पहुंच में था, वहीं अब यह धीरे-धीरे लग्जरी आयटम बनता जा रहा है। पूर्व प्रत्याशी ने सवाल उठाया कि आखिर सरकार किस आधार पर बार-बार कीमतों में इजाफा कर रही है, जबकि आमदनी में कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने महंगाई कम करने और जनता को राहत देने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज हकीकत इसके ठीक उलट दिखाई दे रही है। पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार के दावे भी अब खोखले साबित हो रहे हैं।

माह के प्रथम कार्य दिवस पर हुआ वंदे मातरम का गायन

मऊगंज ब्यूरो। मऊगंज कलेक्टर कार्यालय में माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। इस आयोजन में कलेक्टर संजय कुमार जैन, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

अब तक 1675 किसानों से 52717.11 क्विंटल गेहूं उपार्जित

मऊगंज ब्यूरो। कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में गेहूं खरीदी का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिले में उपार्जन के लिए 26 उपार्जन केन्द्रो में उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है। अभी तक 1675 किसानों से 52717.11 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। अन्य सभी उपार्जन केन्द्रो पर कार्य प्रारंभ है। जिले में अभी तक 5205 किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुकिंग की गई है।

पं. बंगाल जीत के जश्न में डूबे भाजपा कार्यकर्ता

लालगांव, नि.प्र.। जिला मुख्यालय से करीब पैंतालीस किलोमीटर दूर स्थित भारतीय जनता पार्टी मंडल लालगांव ने पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की 2026 विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर भारी जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर, झालमुड़ी खिलाकर और गमछा जश्न मनाकर खुशी साझा की। इस दौरान सुनील पांडेय, दीपनारायण पांडे, आशीष तिवारी निर्मल पूरन पाठक, सीबी शुक्ला, श्रवण मिश्रा, नीरज पाठक, शीतला तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, दिवाकर मिश्रा, रामजी जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, अनिल अवस्थी, दिनेश गुप्ता, उपेन्द्र पांडे, रामजी जायसवाल, शंकर सिंह, रमेश तिवारी, शिवेन्द्र सिंह, राकेश पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोदी मैजिक के साथ बंग की भूमि पर राष्ट्रवाद की तरंग: त्योंथर विधायक

त्योंथर ब्यूरो। विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट विश्वास बताया है। विधायक तिवारी ने कहा कि केवल पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि असम में विकास की निरंतरता, पुडुचेरी में सुशासन और तमिलनाडु व केरल में भाजपा के बढ़ते प्रभाव ने सिद्ध कर दिया है कि देश की राजनीति अब पूरी तरह मोदीमय हो चुकी है। विधायक ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति और अचूक चुनावी प्रबंधन ने विपक्ष के अभेद्य किलों को ढहा दिया है। शाह के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं ने जिस तरह धरातल पर काम किया, उसने बंगाल से लेकर असम तक हर जगह भाजपा का परचम लहराया है। साथ ही, उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संगठनात्मक कौशल की सराहना करते हुए कहा कि उनके ऊर्जावान नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह फूंका है। नवीन के मार्गदर्शन में संगठन की मजबूती ही इस सर्वव्यापी जीत का मुख्य आधार बनी है। सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा कि असम की जनता ने घुसपैठ और तुष्टीकरण के खिलाफ भाजपा को दोबारा सेवा का मौका दिया है, वहीं दक्षिण भारत में भाजपा का बढ़ता जनाधार शुभ संकेत है। इन परिणामों ने साबित कर दिया है कि देश की जनता अब नकारात्मकता को नकार चुकी है।

विविध धार्मिक व जनसेवा कार्यक्रम आयोजित कर मनायी संजय गुप्ता की पुण्यतिथि

गुढ़ (नि. प्र)। नगर परिषद स्थित श्री भागवत पैलेस में इंजी. (स्व.) श्री संजय कुमार गुप्ता की पावन स्मृति में स्थापित श्री संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ के आयोजन में उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर धार्मिक, श्रद्धांजलि एवं जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत गीता स्वाध्याय, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत मुख स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, निःशुल्क दवा वितरण एवं निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान श्रद्धेय संजय गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उपस्थित जनों को गीता स्वाध्याय एवं श्री हनुमान चालीसा की पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। करीब तीन घंटे चले कार्यक्रम में नगर परिषद क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोगों ने सहभागिता की। गीता स्वाध्याय का संचालन सेवा निवृत्त शिक्षक चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी एवं पाठ का विस्तृत उच्चारण डॉ. जे.एल. त्रिपाठी द्वारा किया गया।

ये रहे मौजूद : कार्यक्रम में स्वाध्याय परिवार के सदस्यों सहित प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि एड. अनंत कुमार गुप्ता, सेवा निवृत्त प्राचार्य उमाशंकर तिवारी, डॉ. मोतीलाल शुक्ला, समाजसेवी केदार नाथ गुप्ता, शियाशरण तिवारी, मिथिला गौतम, राजकुमार मिश्रा, उमेश कुमार गुप्ता, डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा, एड. के.टी. निवास मिश्रा, अरुण सिंह, शिवेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अनिल सिंह, कपिल पयासी, आलेश पयासी, राघव प्रसाद मिश्रा, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, रक्षारानी पटेल, चेतमणि अग्निहोत्री, प्राचार्य राघवेंद्र सोहगौरा, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता, एड. दिलीप कुमार मिश्रा, शारदा प्रसाद मिश्रा, अविनाश चतुर्वेदी, गीता प्रसाद तिवारी, महेंद्र त्रिपाठी, बृजभान पटेल, धीरू शुक्ला, जगदीश प्रसाद मिश्रा, विनोद तिवारी, सरजू माली, डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, गोवर्धन पयासी, संतोष कुमार तिवारी, राजबहोर कुशवाहा, विजय विश्वकर्मा, सुनील खरादी, अशोक गुप्ता, एड. जे.डी. सिंह, प्रवीण गुप्ता, दीपक पाण्डेय, सविता गुप्ता, सीता गुप्ता हिमांशु गुप्ता, डॉ.आरती गुप्ता, श्रीमती भावना गुप्ता,डॉ.आकांक्षा गुप्ता, डॉ.साक्षी गुप्ता सहित हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

खटखरी में जाम की समस्या से निजात दिलाने जनता की मांग, आंदोलन की दी चेतवनी

मऊगंज ब्यूरो। मऊगंज जिले के हनुमना तहसील का ग्राम खटखरी का शाहपुर रोड में आज अतिक्रमण माफियाओं का गढ़ बन चुका है और इस सड़क में जाम की स्थिति रोजाना बनी रहती है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि सरकारी जमीन हो या मुख्य सड़क हर इंच पर कब्जे का खुला खेल जारी है। सड़क से लेकर खसरा नंबर 3287 की शासकीय भूमि पर अवैध निर्माणों की भरमार है, जबकि एमपीआरडीसी की सड़क अब सड़क नहीं, बल्कि दुकानों की कतार बन चुकी है। जहां कभी रफ्तार थी, वहां अब रेंगती जिंदगी है। रोज लगने वाला जाम आम लोगों की सांसें रोक रहा है। घंटों तक जद्दोजहद करना पड़ता है । स्कूली बच्चे देर से पहुंच रहे, मरीज तड़प रहे और एंबुलेंस भी जाम में फंसकर बेबस नजर आ रही है यह सिर्फ लापरवाही नहीं यह सीधा-सीधा जनता की जिंदगी से खिलवाड़ है। इस जाम को लेकर युवा समाजसेवी मनीष सिंह के द्वारा प्रमुख सचिव भोपाल, रीवा कमिश्नर, मऊगंज कलेक्टर के यहां शिकायत भी दर्ज कराई गई है और शिकायत के माध्यम से प्रशासन को बताया है कि खटखरी का शाहपुर रोड है स्थित काफी गंभीर है । स्थानीय निवासियों ने संवाददाता से कहा कि सवाल उठता है आखिर ये अतिक्रमण किसके इशारे पर पनप रहा है? क्या जिम्मेदारों की चुप्पी मिलीभगत की कहानी बयां कर रही है? खटखरी में राहगीरों का गुस्सा उबाल पर है। जाम में फंसे लोग ने प्रशासन ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है अगर जल्द अतिक्रमण में बुलडोजर नहीं चला और रस्ते को जाम से निजात नहीं मिली, तो सड़कों पर उग्र जनआंदोलन होगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि लोगों की चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आता है या रोजाना ऐसे ही जाम में मरीजों को घंटे तक तड़पना पड़ेगा।

भाजपा की प्रचंड जीत पर हनुमना में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

हनुमना, नि.प्र.। भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में नगर हनुमना भारतीय जनता पार्टी कार्यालय परिसर में आतिशबाजी, मिष्ठान वितरण एंव मिठाई खिलाकर विजय उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित कर उत्साहपूर्वक विजय का जश्न मनाया। कार्यक्रम में बंगाल में भाजपा के बढ़ते जनाधार, असम में लगातार तीसरी बार मिली ऐतिहासिक जीत तथा पुडुचेरी में एनडीए गठबंधन की सफलता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, कुशल संगठन एवं जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम बताया गया। कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह, ऊर्जा एवं विजय का उल्लास देखने को मिला। यह विजय राष्ट्रवाद, विकास, सुशासन एवं जनविश्वास की जीत है। भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित, सेवा एवं विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ती रहेगी। इस अवसर पर हनुमना के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। क्रमशः विधायक निजी रामानंद पटेल नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर, नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, वीरेंद्र बहादुर सिंह, केडी शुक्ला, रामबाबू गुप्ता, जय गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता ,गुड्डा भाजपा नेत्री प्रीति गुप्ता, भाजपा नेता सुमित गुप्ता, संजू ज्योति गुप्ता, रितेश, रोहित गुप्ता, लवकुश गुप्ता, अभय विशाल गुप्ता, अंजनी लाल गुप्ता , देवराज जायसवाल, पवन पाल, सिंघम नीलेश पटेल आदि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर वासियों ने उत्साह के साथ जीत का परचम लहराया।

बीजेपी की फतह पर जवा में मनाया गया जश्न

जवा ब्यूरो। देश के पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों ने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा को नया संदेश दिया है। पुदुचेरी, असम और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की उल्लेखनीय सफलता पर क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है। वृजवासी गौ संगठन युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सज्जन तिवारी ने इस ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं बल्कि सत्य, न्याय और जनविश्वास की विजय है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में जिस प्रकार पार्टी कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया, वह सराहनीय है। वहां अब भय और आतंक के माहौल का अंत हुआ है और लोकतंत्र की सच्ची भावना की जीत हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इस विजय के पीछे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का मजबूत मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में पार्टी ने जन-जन तक अपनी नीतियों और विकास कार्यों को पहुंचाया, जिसका परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत हर उस कार्यकर्ता की है जिसने दिन-रात मेहनत की और पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान दिया। आने वाले समय में भी भारतीय जनता पार्टी जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर चाकघाट में हर्ष

चाकघाट, नि.प्र.। पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के परिणाम में सबसे महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक परिणाम पश्चिम बंगाल का रहा, जहां पर एक तिहाई बहुमत से भाजपा ने अपना परचम लहराया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संवाददाता को बताया कि विगत काफी अरसे से पश्चिम बंगाल में विदेशी पार्टियों ने अपने पांव जमा रखे थे, भाजपा ने इस बार उन सब पार्टियों का पत्ता साफ करके पूरे बंगाल कमल खिला दिया है। पूरे भारत एवं जन-जन में इस जीत की भारी खुशी एवं जश्न का माहौल नजर आ रहा है, लोगों को मानना है कि मोदी है तो मुमकिन है स्लोगन वास्तव में पूर्णता सत्य है। जीत के इस जश्न में त्योंथर विधानसभा के सभी भाजपा नेता, विधायक, वरिष्ठ कार्यकर्ता, कनिष्ठ कार्यकर्ता एवं आम जनमानस भी इस जीत के खुशी का इजहार अपने-अपने तरीके से व्यक्त कर आनंदित महसूस कर रहा है। चाकघाट नगर के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में भी इस खुशी की लहर व्याप्त है।

नईगढ़ी क्षेत्र में आबकारी पुलिस की निष्क्रियता से बढ़ा अवैध शराब कारोबार

नईगढ़ी, नि.प्र.। नईगढ़ी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के बढ़ते मामलों को लेकर आबकारी पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने संवाददाता से बात करते हुए आरोप लगाया है कि आबकारी विभाग की निष्क्रियता के चलते गांव-गांव में खुलेआम शराब बेची जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। नईगढ़ी, पुरवा, देवगना, बंधवा, करही, कबरा, बरोंहा, पिपरा, अकौरी मोड़, देवरिहन, पहिलपार, नरैनी, डीहिया और बहुती जैसे क्षेत्रों में होटल, ढाबों और किराना दुकानों तक में शराब की बिक्री जारी है। इसके बावजूद आबकारी पुलिस की ओर से कोई प्रभावी अभियान या सख्त कार्रवाई नजर नहीं आ रही। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन आबकारी विभाग ने या तो उन्हें नजरअंदाज किया या औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रहा। नतीजतन, अवैध शराब कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और यह धंधा लगातार फैलता जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस लापरवाही का सीधा असर क्षेत्र के युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। नशे की गिरफ्त में आकर कई युवा गलत राह पर जा रहे हैं, जिससे सामाजिक माहौल भी बिगड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि आबकारी पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई करे, नियमित जांच अभियान चलाए और अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाए। अन्यथा जनता का भरोसा व्यवस्था से उठता जाएगा।

डायल 112 की तत्परता सराहनीय 108 एम्बुलेंस पर उठे सवाल

नईगढ़ी, नि.प्र.। मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र में आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली एक बार फिर चर्चा में है। एक ओर जहां डायल 112 की टीम ने त्वरित पहुंच और साहसिक बचाव कार्य से लोगों का भरोसा जीता, वहीं दूसरी ओर डायल 108 एम्बुलेंस सेवा की देरी ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संवाददाता को लोगों ने बताया कि सीएम राइज स्कूल देवतालाब के पास एक सड़क दुर्घटना में सुजीत कुमार मिश्रा (पुत्र संतोष कुमार मिश्रा, निवासी ग्राम दिघौल, थाना लौर) घायल हो गए। घटना के दौरान मौसम बेहद खराब था और लगातार बारिश के साथ ओले भी गिर रहे थे। इसके बावजूद डायल 112 की लौर टीम मौके पर तुरंत पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान आरक्षक रामकरण यादव और पायलट दीना सिंह विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहे और घायल को प्राथमिक सहायता देकर मऊगंज अस्पताल के लिए रवाना किया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस तत्परता और सेवा भावना की सराहना की। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम के बीच डायल 108 एम्बुलेंस सेवा की देरी चर्चा का विषय बनी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एम्बुलेंस घटना के काफी देर बाद पहुंची, जिससे समय पर उपचार मिलने में बाधा उत्पन्न हुई। ग्रामीणों का कहना है कि आपात स्थिति में ऐसी लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है और इस व्यवस्था में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। वहीं, सुबह के समय मानवता का एक और उदाहरण सामने आया। देवकी पटेल (पत्नी विनोद पटेल, निवासी पतेरी थाना मऊगंज) का बैग ऑटो में छूट गया था, जिसे आरक्षक शत्रुघ्न सिंह सेंगर ने खोजकर सुरक्षित वापस सुपुर्द किया। बीती रात से लेकर सुबह तक लौर पुलिस की सक्रियता और जनसेवा का यह रूप जहां लोगों के बीच सराहना बटोर रहा है, वहीं 108 एम्बुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल जिम्मेदारों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं।

देवतालाब में बाइक चोरी की एफआईआर न होने से आक्रोश

नईगढ़ी, नि.प्र.। देवतालाब क्षेत्र में बाइक चोरी के मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। संवाददाता को पीड़ित प्रमोद कुमार पाठक ने बताया कि उसने थाना प्रभारी लौर को दिए आवेदन में बताया कि 2 अप्रैल को वह देवतालाब शिव मंदिर दर्शन करने आए थे और अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक एमपी 17 एमवाई 4532मंदिर के उत्तर साइड धर्मशाला के पास खड़ी की थी। दर्शन के बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद जब वाहन नहीं मिला तो वह रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे, जहां मौजूद मुंशी ने थाना प्रभारी के न होने का हवाला देकर एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया। करीब 2 घंटे इंतजार के बाद थाना प्रभारी राजेश पटेल के आने पर उन्हें आवेदन देने को कहा गया, जिसे पीड़ित ने दे दिया। पीड़ित का आरोप है कि तीन दिन बाद दोबारा थाने जाने के बावजूद आज तक न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही बाइक का कोई सुराग मिल सका है। इस लापरवाही से वह लगातार परेशान है। पीड़ित ने गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि यदि उसकी चोरी हुई बाइक का उपयोग किसी आपराधिक वारदात में होता है, तो क्या इसकी जिम्मेदारी थाना प्रभारी और लौर पुलिस लेगी? मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कब कार्रवाई करता है और पीड़ित को न्याय कब तक मिलता है।

राहगीरों को पानी पिलाने निःशुल्क प्याऊ का किया गया उद्घाटन

व्यापार मंडल जवा के तारतम्य में 24 घंटे मिलेगा लोगों को शीतल जल

जवा ब्यूरो। जवा तहसील मुख्यालय में इस भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत बनी हुई है। राहगीर और बाजारवासी पानी के लिए इधर उधर भटकते रहते हैं। आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से व्यापार मंडल जवा द्वारा निःशुल्क शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ किया गया ताकि लोगों को पानी मिल सके। इस संबंध में व्यापार मंडल जवा के सचिव मोतीलाल सोनी ने संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि जल ही जीवन है, इस भीषण गर्मी में प्यासों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ा धर्म है, इसी उद्देश्य को लेकर प्याऊ खोला गया है। साथ ही श्री सोनी ने प्रशासन के निष्क्रिय एवं भ्रष्ट रवैये पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा पेयजल को लेकर नल जल योजना चालू की गई है, लाखों की गांव-गांव में टंकियां बनी हुई है, गांव-गांव में पानी की पाइप लाइन डाली गई है, टोटी लगाई गई है लेकिन उन टोटियों से पानी नहीं निकल रहा है जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि यदि शासन की नल जल योजना से पानी मिलता तो निःशुल्क प्याऊ की जरूरत नहीं पड़ती। जवा व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने व्यापारियों से अपील की है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए बाजार के अन्य जगहों में भी निःशुल्क प्याऊ खोले और जनसेवा के इस पुनीत कार्य में योगदान दें। यह कार्य समाजसेवा की दिशा में व्यापार मंडल जवा की एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस दौरान जवा व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सचिव मोतीलाल सोनी, संतराज सिंह, संरक्षक जटाशंकर द्विवेदी, राजेन्द्र पांडे, मनीष त्रिपाठी, राघव दास कुशवाहा, बीनू सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

मैच 47: रोहित और रिकल्टन के तूफान में उड़े सुपर जाएंट्स, मुंबई इंडियंस छह विकेट से जीता, लखनऊ की लगातार छठी हार

मुंबई का वानखेड़े में रिकॉर्ड चेज

जेएनएन, मुंबई

सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और रियान रिकल्टन के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की तालिका की सबसे निचले पायदान की दो टीम के बीच हुए मुकाबले में सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हराकर नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से मुंबई के 10 मैच में तीन जीत से छह अंक हो गए हैं और टीम नौवें स्थान पर बनी हुई है। लखनऊ की टीम लगातार छठी हार के बाद नौ मैच में चार अंक के साथ 10वें और अंतिम पायदान पर है। लखनऊ के 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने चोट के बाद वापसी कर रहे रोहित (84 रन) और रिकल्टन (83 रन) के बीच पहले विकेट की 143 रन की तूफानी साझेदारी की बदौलत आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 229 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यह वानखेड़े में किसी टीम का सबसे बड़ा आईपीएल चेज हो गया है। निकोलस पूरन (63 रन, 21 गेंद) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़े, जिससे सुपर जाएंट्स ने पांच विकेट पर 228 रन बनाए। हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद) और एडेन मार्क्रम (नाबाद 31, 25 गेंद) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया, लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे। मुंबई की ओर से कार्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई को रिकल्टन और रोहित ने शानदार शुरुआत दिलाई। रिकल्टन ने मोहम्मद शमी पर दो चौकों के साथ शुरुआत की, जबकि मोहसिन खान पर भी छक्का जड़ा। रिकल्टन और रोहित ने शमी के अगले ओवर में भी छक्के मारे। रोहित ने आवेश की लगातार गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों के साथ पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 71 रन तक पहुंचाया। रोहित और रिकल्टन ने सिद्धार्थ (47 रन पर दो विकेट) का स्वागत भी छक्के के साथ किया। रिकल्टन ने आवेश पर छक्के और एक रन के साथ 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

33 छक्के इस मैच में लगे, जो वानखेड़े स्टेडियम में एक टी-20 मैच में लगाए गए दूसरे सबसे ज्यादा छक्के हैं।

■ मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले (6 ओवर) में बिना विकेट खोए 71 रन बनाए, जो लखनऊ के खिलाफ पावरप्ले में उनका अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

84 रन रोहित शर्मा ने चोट के बाद वापसी करते हुए बनाए, जो लखनऊ के खिलाफ किसी भी मुंबई के बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है।

■ रोहित और रिकल्टन के बीच यह तीसरी शतकीय साझेदारी थी और ये दोनों आईपीएल में मुंबई के लिए सर्वाधिक शतकीय साझेदारी करने वाली जोड़ी बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर-अंबाती रायडू और पार्थिव पटेल-लेंडल सिमंस जैसी दिग्गज जोड़ियों को पीछे छोड़ दिया है।

16 गेंद में दिल्ली के निकोलस पूरन ने अर्धशतक पूरा किया, जो इस सीजन का सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने अपनी 63 रनों की पारी (21 गेंद) के दौरान 300 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 8 गगनचुंबी छक्के लगाए। यह लखनऊ के लिए किसी भी बल्लेबाज की सबसे तेज फिफ्टी भी है। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़। 2023 में उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 15 गेंद में अर्धशतक जड़ा था।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपर जाएंट्स: 228/5 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
मिचेल मार्श का. नमन बो. बॉश	44	25	4	3
इंग्लिस का. सूर्यकुमार बो. गजनफर	13	5	3	0
पूरन का. रिकल्टन बो. बॉश	63	21	1	8
पंत का. रिकल्टन बो. जैक्स	15	10	1	1
ऐडन मार्क्रम नाबाद	31	25	1	1
अक्षत रघुवंशी का. एंड बो. शर्मा	11	7	0	1
हिम्मत सिंह नाबाद	40	31	2	2

अतिरिक्त: 11, **कुल:** 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन, **विकेट पतन:** 1-29, 2-123, 3-125, 4-148, 5-160, **गेंदबाजी:** दीपक चाहर 4-0-43-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-45-0, गजनफर 4-0-50-1, विल जैक्स 2-0-34-1, कॉर्बिन बॉश 2-0-20-2, रघु शर्मा 4-0-36-1.

मुंबई इंडियंस: 229/4 (18.4 ओवर)

	रन	गेंद	4	6
रकलटन का. इंग्लिस बो. मोहसिन	83	32	6	8
रोहित शर्मा का. शमी बो. सिद्धार्थ	84	44	6	7
तिलक वर्मा का. मार्क्रम बो. सिद्धार्थ	11	13	0	0
सूर्यकुमार का. पूरन बो. शमी	12	7	2	0
नमन धीर नाबाद	23	12	3	1
विल जैक्स नाबाद	10	4	0	1

अतिरिक्त: 6, **कुल:** 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन, **विकेट पतन:** 1-143, 2-177, 3-189, 4-213, **गेंदबाजी:** मोहम्मद शमी 4-0-53-1, मोहसिन खान 4-0-47-1, प्रिंस यादव 3-0-24-0, आवेश खान 3.4-0-56-0, एम सिद्धार्थ 4-0-47-2.

नरेन एक टीम के लिए 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

हैदराबाद के अरोड़ा को आउट कर बनाया रिकॉर्ड

अहमदाबाद, जेएनएन। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सुनील नरेन आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले विदेशी और कुल मिलाकर तीसरे गेंदबाज बन गए। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के सलील अरोड़ा को आउट करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया। अब नरेन उस खास सूची में शामिल हो गए हैं, जिसमें सिर्फ युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार का नाम है। नरेन आईपीएल में एक ही टीम के लिए 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 2012 में डेब्यू के बाद से सिर्फ केकेआर के लिए खेला है। ग्लॉस्टरशायर के डेविड पेन और हैम्पशायर के क्रिस वुड किसी भी फ्रेंचाइजी लीग में यह उपलब्धि हासिल करने वाले अन्य दो खिलाड़ी हैं। उन्होंने टी-20 ब्लास्ट में 200 से अधिक विकेट लिए हैं।

मिडिल ओवर में सबसे घातक

नरेन हर फेज में किफायती रहे हैं, लेकिन मिडिल ओवर्स में उनका असर सबसे ज्यादा दिखता है। सात से 16 ओवर के बीच उनकी इकॉनमी 6.44 है, जो इस फेज में कम से कम 100 ओवर डालने वाले 65 गेंदबाजों में सबसे बेहतर है।

सुनील नरेन आईपीएल करियर

साल	विकेट	इकॉनमी
2012-14	67	16.7
2015-22	85	27.4
2023-26	49	21.9
कुल	201	22.5

आईपीएल में सर्वाधिक विकेट

खिलाड़ी	मैच	विकेट
चहल	183	228
भुवनेश्वर	199	215
नरेन	197	201

15 साल के आईपीएल करियर में नरेन ने कई बड़े टी-20 बल्लेबाजों को गेंदबाजी की है और ज्यादातर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने रोहित शर्मा को 137 गेंदों में आठ बार आउट किया है और सिर्फ 145 रन दिए हैं। शेन वॉट्सन ने उनके खिलाफ सिर्फ 33 रन बनाए और पांच बार आउट हुए। एबी डिविलियर्स का औसत भी उनके खिलाफ सिर्फ 13.25 रहा है, जहां उन्होंने 39 गेंदों में 53 रन बनाए और चार बार आउट हुए। वहीं विराट कोहली ने 129 गेंदों में 136 रन बनाए हैं और चार बार आउट हुए हैं।

24 ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने उनके खिलाफ कम से कम 50 गेंदें खेली हैं, जिनमें से 10 तो एक रन प्रति गेंद की रफ्तार भी हासिल नहीं कर सके। इनमें क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, क्विंटन डिकॉक, संजू सैमसन और सबसे अहम एमएस धोनी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। खास तौर पर धोनी का स्ट्राइक रेट 51.94 है, जो आईपीएल में किसी भी गेंदबाज के खिलाफ 50 या उससे ज्यादा गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों में सबसे कम है। सिर्फ दो बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने नरेन के खिलाफ 50 से ज्यादा गेंदें खेलीं और 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। क्लासन ने 53 गेंदों में 92 रन बनाए, जबकि डेविड वॉर्नर ने 123 गेंदों में 195 रन बनाए।

ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)

अभिषेक (हैदराबाद)	440
केएल राहुल (दिल्ली)	433
क्लासेन (हैदराबाद)	425

पर्पल कैप (गेंदबाज)

भुवनेश्वर (बेंगलुरु)	17
अंशुल कंबोज (चेन्नई)	17
कगिसो रबाड़ा (गुजरात)	16

बाउंड्री मीटर

866 छक्के

1465 चौके

94 अर्धशतक

457 रन मुंबई और लखनऊ के बीच इस मैच में बने, जो आईपीएल में एक मैच में कुल रनों का रिकॉर्ड है।

अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
पंजाब	9	6	2	13	0.855
बेंगलुरु	9	6	3	12	1.420
हैदराबाद	10	6	4	12	0.644
राजस्थान	10	6	4	12	0.510
गुजरात	10	6	4	12	-0.147
चेन्नई	9	4	5	8	0.005
दिल्ली	9	4	5	8	-0.895
कोलकाता	9	3	5	7	-0.539
मुंबई	10	3	7	6	-0.649
लखनऊ	9	2	7	4	-1.076

रियाल मैड्रिड ने बढ़ाया बार्सिलोना का स्पेनिश लीग खिताब का इंतजार

विनीसियस जूनियर के दो गोल से एस्पेनयोल को 2-0 से हराया

मैड्रिड, जेएनएन। विनीसियस जूनियर (55वें और 66वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे रियाल मैड्रिड ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर बार्सिलोना का लगातार दूसरी बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा दिया। बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली थी। रियाल मैड्रिड अगर एस्पेनयोल से नहीं जीत पाता तो बार्सिलोना 29वां लीग खिताब अपने नाम कर देता। बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच अब 11 अंक का अंतर रह गया है। अब जबकि इस प्रतियोगिता में चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं, तब बार्सिलोना 34 मैच में 88 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। इन दोनों टीमों के बीच अब इस सप्ताह के आखिर में मैच खेला जाएगा, जिसमें जीत दर्ज करने पर बार्सिलोना चैंपियन बन जाएगा। मैड्रिड के कोच अल्वारो

अर्बेलोआ ने कहा, हमारा मुकाबला एक मजबूत प्रतिद्वंदी से है और वे अच्छा खेल रहे हैं। यह मैच प्रशंसकों और हमारे लिए खास है। हम इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करेंगे। एस्पेनयोल इस साल लगातार 17 मैचों में जीत हासिल नहीं कर पाया है, जिसमें 10 हार शामिल हैं।

सीएसके के खिलाफ घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड में सुधार करने उतरेगी दिल्ली

जेएनएन, नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को आईपीएल के 48वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं, तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। इस सीजन जब दोनों टीमें पहली बार चेन्नई में मिली थीं, तो संजू सैमसन ने शतक जड़कर अपनी टीम को इस सीजन की पहली जीत दिलाई थी। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में सीएसके 20-12 से आगे है, वहीं दिल्ली में हुए अब तक छह मुकाबलों में भी सीएसके की टीम चार मैचों में जीत दर्ज कर चुकी है, जबकि दिल्ली को सिर्फ दो में जीत मिली है। दिल्ली की तरह सीएसके भी नाजुक स्थिति में है और अगर वे इस मैच में जीत हासिल नहीं कर पाते हैं, तो फिर उनका प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होना तय हो जाएगा।

■ दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी फिट होकर सीएसके के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध हैं। एनगिडी को पंजाब के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी, जब वह मिड ऑफ पर प्रियांश आर्या का कैच लेने के लिए सिर के बल गिर गए थे और उनसे वह कैच भी छूट गया था। अगर एनगिडी वापिस आते हैं, तो काइल जेमीसन को बाहर बैठना पड़ सकता है, जिन्होंने एनगिडी की अनुपस्थिति में पिछले दो मैचों के अपने आठ ओवरों के स्पेल में 90 रन देते हुए दो विकेट लिए हैं।

■ सीएसक के लिए अभी भी महेंद्र सिंह धोनी उपलब्ध नहीं हैं। घुटने की चोट से उबर रहे धोनी इस सीजन अभी तक एक भी मैच नहीं खेले हैं, हालांकि उन्हें कुछ मैचों खासकर चेन्नई में होने वाले घरेलू मैचों के दौरीन टीम कैंप में देखा।

अंजलि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण

भोपाल, खेप्र। राजस्थान की अंजलि शेखावत ने सोमवार को 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में खेली जा रही चैंपियनशिप में अंजलि क्वालिफिकेशन में 576 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 240.5 के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा की कनक बुधवार ने 238.7 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि पंजाब की अगम रंजीत कौर ग्रेवाल ने 216 के स्कोर से कांस्य पदक हासिल किया। क्वालिफिकेशन दौर में तेलंगाना की ओलंपियन ईशा सिंह 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं थी। हालांकि ईशा सिंह और मध्य प्रदेश की महिमा तुर्ही अग्रवाल ने फाइनल में हिस्सा नहीं लिया। तुर्ही ने 575 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालिफाई किया था। महिला वर्ग की रजत पदक विजेता कनक ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर महिला वर्ग में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 238.4 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

जापान की कड़ी चुनौती के लिए भारत तैयार

सुझोऊ (चीन), जेएनएन। भारत को मंगलवार को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 फुटबॉल टूर्नामेंट में जापान की मजबूत टीम के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत अपनी शुरुआती हार से उबरकर टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीद कर रहा है। भारतीय टीम ग्रुप-बी के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से हार गई थी। अब वे ऐसी स्थिति में हैं जहां हर गोल मायने रखेगा, विशेषकर तब जब जापान ने लेबनान को 13-0 से हराकर तीन

अंक हासिल कर लिए हैं। महिला फुटबॉल की तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन टीम में से एक है जापान इस मुकाबले में अपना शानदार इतिहास लेकर उतर रहा है। उसने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के नौ टूर्नामेंट में सात बार फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। इस एशियाई दिग्गज टीम ने 2014 में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का खिताब जीतकर वैश्विक स्तर पर भी अपना दबदबा साबित किया था।

इंटर मिलान ने रिकॉर्ड 21वां सीरी ए खिताब जीता

परमा को 2-0 से हराकर तीन मैच शेष रहते बनी चैंपियन

मिलान, जेएनएन। इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन दौर के मैच शेष रहते ही इटालियन लीग फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी ए का खिताब अपने नाम कर लिया। इंटर मिलान को ट्रॉफी हासिल करने के लिए केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी। उसने परमा पर जीत से 2025 के चैंपियन और दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। यह इंटर मिलान का 21वां सीरी ए खिताब है। वह सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में युवेंटस (36) के बाद दूसरे स्थान पर है। इंटर मिलान की तरफ से पहला गोल पहले हाफ में मार्कस थुरम ने किया, जबकि 37 वर्षीय हेनरिक मखितार्यान ने 80वें मिनट दूसरा गोल दागा। इस सत्र में दो ट्रॉफियां जीतने की दौड़ में शामिल इंटर मिलान 10 दिनों में इटालियन कप के फाइनल में लाजियो का सामना करेगा।

खेल एक नजर

उंगली की चोट की स्कैन के लिए इंग्लैंड लौटे फिल सॉल्ट

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है।

हार्डी के आलरांउड प्रदर्शन से पेशावर ने पहली बार जीता पीएसएल खिताब

लाहौर, जेएनएन। आरोन हार्डी के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर पेशावर जाल्मी ने हैदराबाद किंग्समेन को फाइनल में पांच विकेट से हराकर 2017 के बाद पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। हार्डी ने 27 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे पेशावर ने हैदराबाद को 18 ओवर में केवल 129 रन पर आउट कर दिया। पेशावर की तरफ से साइम अयूब (54) ने जुझारू अर्धशतक बनाया। इसके बाद हार्डी ने 39 गेंदों पर 56 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे पेशावर ने गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 15.2 ओवर में पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। पेशावर की शुरुआत अच्छी

नहीं रही और उसने अपने चार विकेट 40 रन पर खो दिए। इनमें कप्तान बाबर आजम का विकेट भी शामिल था, जो खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद हार्डी ने अब्दुल समद (46) के साथ पांचवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को जीत दिलाई।

फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि बढ़ी, लेकिन जोकोविच सिनर और सबालेंका सहित शीर्ष टेनिस खिलाड़ी नाखुश

24 मई से पेरिस में शुरू होगा क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

पेरिस, जेएनएन। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच, विश्व नंबर एक यानिक सिनर, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर अपनी गहरी निराशा व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं, जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं। खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की



गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (लगभग 686 करोड़ रुपए) हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है। फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो (लगभग 31.5 करोड़ रुपए) और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो (15.5 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

राजस्व में हिस्सेदारी घटी

खिलाड़ियों ने कहा, फ्रेंच ओपन के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15.5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14.9 प्रतिशत रहने की संभावना है। असली आंकड़े बिल्कुल अलग कहानी बयां करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार फ्रेंच ओपन ने 2025 में 395 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त किया, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक था। इसके बावजूद पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तरह से खिलाड़ियों का राजस्व में हिस्सा घटकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

कमिश्नर की टीएल बैठक आज

रीवा। कमिश्नर बीएस जामोद 5 मई को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में गेहूं उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई-ऑफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

गौशाला संचालन समितियों में सलाहकार सदस्य मनोनीति

रीवा। जिले में संचालित गौशालाओं की संचालन समितियों में सलाहकार सदस्य मनोनीति किये गये हैं। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के आदेश पर बसामन मामा गौशाला के लिए पूर्व संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा तथा हिनौती गौशाला के लिए पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौसंवर्धन बोर्ड रीवा राजेश पाण्डेय को सलाहकार सदस्य नियुक्त किया गया है।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative
GRANULES & TABLETS
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
पेट सफा तो हर रोग दफा
24x7 Helpline 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
SELECTED NO.1 BRAND INDIA 2016
दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स, जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, और परिणाम है पहले दिन से
Clinically Tested*
इसकी आदत भी नहीं बनती
Divisa

छुहिया घाटी में धू-धूकर जला हाइवा

जागरण, रीवा। गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के छुहिया घाटी में एक हाइवा धू-धूकर जल गया। सड़क पर चलते हुए हाइवा ट्रक में आग लगने से हड़कंप मच गया है। बताया गया कि चलते हुए ट्रक के पीछे के हिस्से में लगी आग की लपटें और धुआं उठता देख ट्रक के चालक और खलासी ने कूद कर अपनी जान बचाई। हाइवा में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। घटना गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र स्थित छुहिया घाटी की है। घटना के संबंध में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की सीधी की ओर से रीवा आ रहे रेत से लोड हाइवा ट्रक में अचानक से भीषण आग लग गई। बताया गया की रेत लोड कर हाइवा ट्रक सीधी से रीवा की ओर आ रहा था, तभी छुहिया घाटी उतरते वक्त गोविंदगढ़ में अचानक से आग भड़क उठी। फिलहाल इस घटना के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया, गनीमत रही की हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

चालक और खलासी ने कूदकर बचाई जान

युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रीवा। वैवाहिक कार्यक्रम में जान पहचान के बाद शुरू हुए प्रेम प्रसंग में युवक ने युवती से दुष्कर्म किया जिसके बाद शादी से इंकार कर दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक 1 मई को पीड़िता थाना नईगढ़ी पहुंची और अपनी आपबीती सुनाई। उसने बताया कि एक पारिवारिक शादी समारोह के दौरान उसकी पहचान चचेरी बहन के देवर धर्मेन्द्र पटेल से हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन वक्त बीतने के साथ आरोपी अपने वादे से मुकर गया और शादी से इनकार कर दिया, जिससे पीड़िता टूट गई और न्याय की गुहार लेकर पुलिस के पास पहुंची।

बी.एड. प्रवेश 2026
02.05.2026 से 14.05.2026
• नीरांचल कॉलेज, (B.Ed 1167) मनकहरी रीवा (म.प्र.)
• श्रीराम कॉलेज (D.Ed 31215) परसिया, जिला मैहर (म.प्र.)
• गुरूकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, (D.Ed 31221) अमरपाटन, जिला मैहर (म.प्र.)
• निवेदिता बी.एड. कालेज (B.Ed 2057) , लालगांव, रीवा (म.प्र.)
संपर्क : 9424337730, 6261666812, 7000177901
प्रयागराज काम्पलेक्स
सिंचाई विभाग के सामने बजरंग नगर गेट के सामने, रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
NCVT & DGET भारत सरकार से मान्यता प्राप्त
सतपुड़ा I.T.I.
'हुनर से रोजगार तक हम आपके साथ हैं'
ELECTRICIAN 2 YEARS
FITTER 2 YEARS
COPA 1 YEARS
प्रवेश प्रारंभ सत्र- 2026-27
ST/SC/OBC के छात्रों को शासन द्वारा छात्रवृत्ति की सुविधा
Eligibility 10th Pass
प्रवेश हेतु संपर्क करें
पता- बारंयाकला सीधी रोड, मऊगंज (म.प्र.)
मो.:- 7000558230,6262604132,7999190729

अब सिर्फ : ₹99 में
HbA1c (3 महीने की शुगर जांच)
सिर्फ 12 मई 2026 तक
HPLC Method (एच.पी.एल.सी. मेथड)
Accurate Report (एक्युरेट रिपोर्ट)
Limited Offer (सीमित ऑफर)
Free Diabetes Risk Counseling (फ्री डायबिटीज रिस्क काउंसलिंग)
रेड हार्ट लैब
सिरमौर चौक, रीवा
8770352872

चोरहटा पुलिस के हाथ लगा चोरों का गैंग

रीवा। शहर की चोरहटा थाना पुलिस ने घरों में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों की मंडली को पकड़ा है। 2 दिन पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम रौसर निवासी नागेंद्र पाण्डेय के घर में चोरी हुई थी, पुलिस ने संदेह के आधार पर राजकुमार गुप्ता, अमन अंसारी, विक्की सेन को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पकड़े गए आरोपियों ने नागेंद्र पांडे के घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद कर लिया है पकड़े गए आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
PCI APPROVED/9649
APPROVED BY: PCI NEW DELHI & AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.PHARMA
D.PHARMA
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
6262084843, 9183484843
CAMPUS – DEORA, AIRPORT ROAD CHORAHATA, REWA (M.P.)

डॉ. अनुशा पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑब्स एण्ड गायनी)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन
संबंधित समस्याएँ
• सफेद पानी जाना, मासिक में अनियमितता
• मासिक के समय दर्द एवं अधिक रक्त स्राव
• पेशाब का लीक होना, बदबू आना, जलन होना एवं पेशाब सम्बन्धी समस्या
• बच्चा रोक थाम का उपाय
• बाँझपन का इलाज
• अंडाशय की गांठ के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के रसौनी का इलाज
• पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजीज का इलाज
• रजोनिवृति (Menopause) की समस्याएँ
• नॉर्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन डिलिवरी
परामर्श समयः सुबह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक प्रतिदिन
निःशुल्क परीक्षण कैम्प
हर महीने की 15 तारीख को
समयः सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक
एच.बी. और सुगर जांच फ्री
सोनोग्राफी में 20% की छूट
मिलने का पता
श्री समाधान सोनोग्राफी सेंटर
कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने शॉप नं.-39, 39A समदड़िया मेडिकल मॉल-रीवा
8085813545

विंध्य के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. पी.सी. द्विवेदी
एम.एस. (नेत्र)
सेवानिवृत्त एवं
पूर्व विभागाध्यक्ष
का नया पता
समयः सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
जूनियर MIG-3 हेडगेवार नगर
कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने, रीवा
आस्था मेडिकल स्टोर, ढेकहा तिराहा, रीवा
समयः शाम 5 बजे से 7 बजे तक
8966825155,7225925922,9179687302

LOVED IN 100 COUNTRIES
BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
pulsar 125
₹3000/- की छूट
डेरिंग बाइक डेरिंग ऑफर
₹86 335*/- से शुरू
ऑफर पल्सर 125 CF/नियॉन मॉडल्स पर उपलब्ध*
pulsar
DEFINITELY DARING
10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
Flipkart amazon.in
*नियम और शर्तें लागू. चुनिंदा मॉडलों पर 27 अप्रैल से 31 मई 2026 तक छूट उपलब्ध है. लागू ऑफर मॉडल/राज्यों के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. ई-कॉमर्स ऑफर संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. उल्लिखित ESRP बेस वेरिएंट के हैं. ऑफर के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाएं. पल्सर 125 नियॉन पर ₹2 500/- की छूट.
Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Balaghat: SAI BAJAJ 9425822517 • Chatarpur: TIKARIYA BAJAJ 7470901984• Satna: FOUZDAR BAJAJ 8109073002, 9399480294, 9425173001, AA Autorider: 9098500556 9098500557 Rewa UPPAL BAJAJ 07662-408300, 9301991092, 9424822015 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612• Sidhi JL Motors 9303942425 6269279293• Shahdol: JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Singroli: Waidhan JAISWAL BAJAJ 7354131415 • Tikamgarh: TIKARIYA BAJAJ 7999169461.

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
कार्यालयः- **मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com